ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष एकादशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये


सुविचार : सहनशील होना अच्छी बात है.. पर अन्याय का विरोध करना उससे भी उत्तम है..!!



बिहार में राजग की भारी जीत की असली निर्णायक शक्ति बनी महिलाएं पृष्ठ 6

## बिहारी स्टाइल में लहराया गमछा



# बिहार में एनडीए की सुनामी

## राजग की आंधी में उड़ा महागठबंधन



## बिहार में राजग की जीत ने 'जंगलराज वालों' के 'सांप्रदायिक फॉर्मूले' को ध्वस्त किया: पीएम मोदी

बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की भारी जीत की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि इस जीत ने एक नया 'एमवाई – महिला और यूथ' फॉर्मूला दिया है और जनता ने ''जंगल राज' वालों के सांप्रदायिक एमवाई फॉर्मूले'' को खारिज कर दिया है। मोदी ने यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार वह धरती है जिसने भारत को लोकतंत्र की जननी होने का गौरव दिया और आज इसी धरती ने यह सुनिश्चित किया कि लोकतंत्र पर हमला करने वाले लोगों को ''धूल चटायी जाए।'' मोदी ने कहा, ''बिहार ने एक बार फिर दिखा दिया है कि झूठ की हार हुई है और लोगों का विश्वास जीता है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि इस जीत से निर्वाचन आयोग में लोगों का विश्वास मजबूत हुआ है। उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व की भी सराहना की और चुनावी जीत के लिए राजग सहयोगियों को बधाई दी।

| गठबंधन | बढ़त | जीत | कुल सीट |
|---|---|---|---|
| JDU+ | 0 | 202 | 202 |
| RJD+ | 0 | 35 | 35 |
| OTH | 0 | 6 | 6 |

कांग्रेस केवल छह ही सीट पर चुनाव जीत सकी

**पटना :** बिहार में सत्तारूढ़ राजग ने शुक्रवार को महागठबंधन को करारी शिकस्त देकर सत्ता बरकरार रखी। इस जीत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अपील को पुष्ट किया तथा कांग्रेस और सहयोगी राजद को करारा झटका दिया। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की शानदार जीत का अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसके दो मुख्य घटक दलों – भाजपा और जदयू – ने 101-101 सीट पर लगभग 85 प्रतिशत का 'स्ट्राइक रेट' हासिल किया। इस गठबंधन ने '200 पार' की जीत हासिल की और तीन-चौथाई बहुमत हासिल किया, जिसमें भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। प्रधानमंत्री मोदी ने शाम को दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं का गमछा लहराकर अभिवादन स्वीकार करने के बाद उनसे कहा, ''बिहार की जनता ने इस भारी जीत और अपने अटूट आत्मविश्वास के साथ गर्दा उड़ा दिया। भाजपा ने 2020 की 74 से बढ़कर इस बार 89 सीट जीतीं, जबकि नीतीश कुमार के जदयू ने 43 से बढ़कर 85 सीट पर सफलता प्राप्त की। बिहार की 243 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 122 है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की सीट संख्या 75 से घटकर 25 हो गई। कांग्रेस ने 61 सीट पर चुनाव लड़ा, जिनमें से उसे केवल छह सीट पर जीत मिली, जो उसे पिछली बार मिली 19 सीट से काफी कम हैं। चुनाव नतीजों ने संकेत दिया कि मतदाताओं का भरोसा अब भी 'ब्रैंड नीतीश' पर कायम है। 2005 से अब तक विभिन्न चुनावों में किए गए वादों को पूरा करने का उनका रिकॉर्ड जनता के विश्वास का केंद्र रहा। राज्य में 2010, 2015 और 2020 के चुनावों में ग्रामीण अवसंरचना, बिजली, शिक्षा, रोजगार और महिलाओं के सशक्तीकरण को लेकर किए गए वादों को उन्होंने पूरा किया, जिससे उनका जनाधार मजबूत हुआ। कुमार ने 2025 के चुनाव में एक करोड़ रोजगार देने का वादा किया, जिसे जनता ने राजद नेता तेजस्वी यादव के प्रति परिवार में सरकारी नौकरी देने के वादे की तुलना में अधिक विश्वसनीय माना। नीतीश कुमार द्वारा महिलाओं के उत्थान को लक्षित कर लागू की गई नीतियों– पंचायती राज में 50 प्रतिशत आरक्षण, छात्राओं को साइकिल, वर्दी, छात्रवृत्ति, 35 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण, जीविका समूह–ने उन्हें वर्षों में एक ठोस महिला वोट बैंक दिया। इस वर्ष लागू की गई योजना के तहत प्रति परिवार एक महिला को 10,000 रुपए की सहायता और बेहतर प्रदर्शन पर दो लाख रुपए की अतिरिक्त मदद ने भी निर्णायक प्रभाव डाला।

**हम ऐसे चुनाव में जीत हासिल नहीं कर सके, जो शुरू से निष्पक्ष नहीं था: राहुल गांधी**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे को चौंकाने वाला बताते हुए कहा कि विपक्षी गठबंधन एक ऐसे चुनाव में जीत हासिल नहीं कर सका, जो शुरू से ही निष्पक्ष नहीं था। उन्होंने लिखा, यह लड़ाई संविधान और लोकतंत्र की रक्षा की है। कांग्रेस पार्टी और विपक्षी इंडिया गठबंधन इस परिणाम की गहराई से समीक्षा करेंगे और लोकतंत्र को बचाने के अपने प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाएंगे।

## जनता ने हमारी सरकार के प्रति विश्वास जताया, बिहार विकसित राज्यों में शामिल होगा : नीतीश



**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल (यू) के अध्यक्ष नीतीश कुमार ने विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के प्रचंड जीत की ओर अग्रसर होने के बाद शुक्रवार को कहा कि जनता ने उनकी सरकार के प्रति विश्वास जताया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राजग के घटक दलों के प्रमुख नेताओं का धन्यवाद भी किया और कहा कि बिहार देश के सबसे ज्यादा विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल होगा। उन्होंने कहा, ''आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को उनसे मिले सहयोग के लिए उनका नमन करते हुए हृदय से आभार एवं धन्यवाद।'' जद (यू) अध्यक्ष ने कहा कि राजग ने इस चुनाव में पूरी एकजुटता दिखाते हुए भारी बहुमत हासिल किया है।

## 'ब्रैंड मोदी नीतीश' का चला जादू



## कांग्रेस बन गई है 'मुस्लिमलीगी माओवादी कांग्रेस', हो सकता है उसमें बड़ा विभाजन: नरेन्द्र मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस के ''नामदार'' उसे जिस रास्ते पर ले जा रहे हैं, उससे उसके भीतर ''गहरी निराशा और गुस्सा'' पनप रहा है तथा आगे पार्टी में ''बड़ा विभाजन'' हो सकता है। यहां भाजपा मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संबोधित करते हुए मोदी ने यह भी कहा कि कांग्रेस ''मुस्लिमलीगी माओवादी कांग्रेस-एमएमसी'' बन गई है और इसका पूरा एजेंडा इसी के इर्द-गिर्द घूमता है। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस की राजनीति का आधार अब सिर्फ नकारात्मक राजनीति है। कभी वह 'चौकीदार चोर है' का नारा देती है, कभी संसद का समय बर्बाद करती है, कभी संस्थाओं पर हमला करती है, कभी ईवीएम पर सवाल उठाती है, कभी निर्वाचन आयोग को गाली देती है, कभी 'वोट चोरी' के झूठे आरोप लगाती है। वह लोगों को जाति और धर्म के आधार पर बांटती है और देश के दुश्मनों का एजेंडा आगे बढ़ाती है।'' मोदी ने कहा, ''कांग्रेस के पास देश के लिए कोई सकारात्मक दृष्टिकोण नहीं है। सच तो यह है कि आज कांग्रेस मुस्लिमलीगी माओवादी कांग्रेस (एमएमसी) बन गई है। कांग्रेस का पूरा एजेंडा इसी के इर्द-गिर्द घूमता है, इसलिए अब कांग्रेस के भीतर ही एक नया गुट उभर रहा है, जो इस नकारात्मक राजनीति से असहज है। कांग्रेस के 'नामदार' पार्टी को जिस रास्ते पर ले जा रहे हैं, उसे लेकर पार्टी के भीतर गहरी निराशा और गहरा गुस्सा पनप रहा है।'' उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि आगे कांग्रेस में एक और बड़ा विभाजन हो सकता है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले तीन लोकसभा चुनावों में कांग्रेस तीन अंकों का आंकड़ा भी नहीं छू पाई। मोदी ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद देश के छह राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए और इन चुनावों में कांग्रेस के निर्वाचित विधायकों की संख्या 'आज ही जीते गए' विधायकों की संख्या से भी कम है। उन्होंने कहा कि दशकों तक देश पर राज करने वाली पार्टी में लोगों का विश्वास लगातार कम होता जा रहा है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस देश के कई राज्यों में सत्ता से बाहर रही है – बिहार में 35 साल, गुजरात में 30 साल, उत्तर प्रदेश में लगभग चार दशक और पश्चिम बंगाल में पांच दशक से।

## बिहार के लोगों का प्रत्येक वोट मोदी सरकार की घुसपैठ विरोधी नीति में विश्वास का प्रतीक : शाह



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बिहार विधानसभा चुनाव में राजग के प्रदर्शन को ''ऐतिहासिक'' बताते हुए शुक्रवार को कहा कि लोगों ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ''विकास-केंद्रित'' राजनीति में अपना भरोसा जताया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बिहार में राजग को मिला भारी जनादेश विकास, महिला सुरक्षा, सुशासन और गरीबों के कल्याण के लिए उसके कार्यों पर जनता की मुहर है। शाह ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, ''बिहारवासियों का एक-एक वोट भारत की सुरक्षा और संसाधनों से खेलने वाले घुसपैठियों और उनके हितैषियों के खिलाफ मोदी सरकार की नीति में विश्वास का प्रतीक है। वोट बैंक के लिए घुसपैठियों को बचाने वालों को जनता ने करारा जवाब दिया है।''

## श्रीनगर में नौगाम पुलिस स्टेशन के अंदर हुआ भीषण विस्फोट

### चार की मौत और 27 घायल

### थाने का दिल्ली ब्लास्ट से कनेक्शन



**श्रीनगर :** श्रीनगर के नौगाम पुलिस स्टेशन में शुक्रवार की रात करीब साढ़े 11 बजे भारी विस्फोट हुआ। इसमें चार लोगों की मौत हो गई। कम से कम 27 लोग घायल हुए हैं। एक दर्जन से अधिक वाहनों में आग लग गई। धमाके से आसपास के घरों को भी भारी नुकसान हुआ है। घरों की खिड़कियां टूट गई हैं। धमाका इतनी तेज था कि इसकी आवाज नौगाम ही नहीं, छानपोरा, सनतनगर, रावलपोरा और पंथा चौक क्षेत्र में सुनाई दी। घायलों को अस्प-तालों में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि फरीदाबाद में जब्त विस्फोटक सामग्री के नमूने लेते समय यह विस्फोट हुआ है, लेकिन इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। जब्त किया विस्फोटक अमोनियम नाइट्रेट था। बता दें कि यही पुलिस स्टेशन है, जिसकी जांच में जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवत-उल-हिंद (एजेएयूएच) के आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ हुआ था। पुलिस थाने के एसएचओ के जांच में ही दो ओवरग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) की गिरफ्तारी के बाद फरीदाबाद में 2900 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री और भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए हैं।

### बंगाल में आतंकवादी के संदेह में एक युवक गिरफ्तार

**उत्तर दिनाजपुर :** जिले के चाकुलिया थाना अंतर्गत सुजापुर स्टेशन परिसर से शुक्रवार को एक युवक को उग्रवादी होने के संदेह में गिरफ्तार किया गया है। इस दिन, सुबह में एनआईए ने उसे गिरफ्तार किया। आरोपी का नाम जानिसुर आलम है। वह लुधियाना का निवासी है। बताया गया है कि इस दिन, उक्त युवक स्टेशन पर संदिग्ध रूप से घूम रहा था। उसी समय उसे पकड़ लिया गया। एनआईए ने उससे कई सवाल पूछे। युवक ने कथित तौर पर भागने की कोशिश की। इसलिए उसे गिरफ्तार कर लिया गया। एनआईए सूत्रों के अनुसार, युवक कई आतंकी घटनाओं में शामिल बताया जा रहा है। हालांकि, गिरफ्तार व्यक्ति के दिल्ली धमाके से संबंध के बारे में प्रशासन से कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिली है। गिरफ्तार व्यक्ति के पास से डिजिटल उपकरण और दस्तावेज जब्त किए गए हैं। हालांकि, जिला पुलिस अधीक्षक जोबी थॉमस ने इस संबंध में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

## जम्मू-कश्मीर: भाजपा ने नगरोटा सीट बरकरार रखी, देवयानी राणा 24,647 वोट से जीतीं



**जम्मू :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जम्मू-कश्मीर में नगरोटा विधानसभा क्षेत्र पर अपना कब्जा बरकरार रखा और उसकी 30 वर्षीय उम्मीदवार देवयानी राणा ने अपने दिवंगत पिता एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता देवेंद्र सिंह राणा की विरासत को आगे बढ़ाते हुए 24,647 मतों के अंतर से जीत हासिल की। देवयानी राणा ने मतगणना शुरू होने के बाद से बढ़त बनाए रखी। उन्होंने 42,350 वोट हासिल कर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी एवं जम्मू-कश्मीर नेशनल पैंथर्स पार्टी (जेकेएनपीपी) के उम्मीदवार हर्ष देव सिंह को हराया जिन्हें 17,703 वोट मिले। नेशनल कॉन्फ्रेंस की शमीम बेगम 10,872 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू कश्मीर के नगरोटा उपचुनाव में भाजपा को शानदार जीत दिलाने के लिए वहां की जनता को धन्यवाद दिया। राणा की जीत की सूचना मिलते ही मतगणना केंद्र परिसर में मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, ''मेरी जीत का श्रेय उन सभी मतदाताओं को जाता है जिन्होंने मेरे पक्ष में वोट दिया। यह पार्टी नेतृत्व को भी जाता है जिसने मुझ पर विश्वास जताया।''

## मैं पश्चिम बंगाल के लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हम वहां से 'जंगलराज' को उखाड़ फेंकेंगे: मोदी



**नयी दिल्ली :** बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को मिले भारी जनादेश की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल से 'जंगलराज' को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया और कहा कि जिस तरह गंगा नदी बिहार से होकर बंगाल में बहती है, उसी तरह इस जीत ने वहां भी भाजपा की जीत का रास्ता साफ कर दिया है। मोदी ने यहां भाजपा मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ''मुस्लिमलीगी माओवादी कांग्रेस'' (एमएमसी) बन गई है और जल्द ही इसमें बड़ा विभाजन देखने को मिलेगा। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी के भीतर कुछ ''नामदार'' सभी को अपने साथ डुबो रहे हैं। अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार के लोगों से जुड़ने के प्रतीकात्मक संकेत के रूप में मिथिला पेंटिंग वाला एक गमछा पहन रखा था। मोदी ने कहा कि बिहार में नए उद्योग, निवेश और युवाओं के लिए रोजगार आएंगे तथा यह दुनिया के सामने अपनी ताकत साबित करेगा। उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व की भी सराहना की और चुनावी जीत के लिए राजग सहयोगियों को बधाई दी। मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, ''आज बिहार उन राज्यों में से एक है जहां युवा आबादी अधिक है और ये युवा सभी धर्मों तथा जातियों से हैं। उनकी इच्छाओं, आकांक्षाओं और उनके सपनों ने जंगलराज वाले लोगों के सांप्रदायिक 'एमवाई' फार्मूले को ध्वस्त कर दिया है।''

### 2026 में फिर सरकार बनाएंगी ममता: तृणमूल कांग्रेस

**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दावे पर जोरदार पलटवार किया कि बिहार में भाजपा की बड़ी जीत ने पश्चिम बंगाल में जंगलराज खत्म करने का रास्ता साफ कर दिया है। पार्टी ने इसे पूरी तरह भ्रम बताते हुए कहा कि ममता बनर्जी 2026 में कुल 294 में से 250 सीट पर जीत हासिल कर सरकार बनाएंगी। बंगाल के लोगों ने बार-बार भाजपा की नफरत की राजनीति को खारिज किया है। राज्य को जीतने का भाजपा का सपना एक भ्रम है, जैसे एक कछुआ अपनी पीठ के बल लेटना चाहता हो। बंगाल की शेरनी उनका इंतेजार कर रही है।




## मगर घरेलू बजट पर अभी भी दबाव

सरकारी आंकड़े हमेशा सार्वजनिक विमर्श में रहते हैं। राहत और तरक्की के दावे विभिन्न सरकारों के दौर में अकसर सामने आते हैं। टकसाली सत्य यही है कि राहत व तरक्की का जमीनी प्रभाव भी नजर आना चाहिए। मसलन, जिस जनहित की बात की जा रही है, उसका अहसास भी आमजन को होना चाहिए। प्रथम दृष्टया यह राहतकारी माना जाना चाहिए कि देश में खुदरा महंगाई की दर में गिरावट दर्ज की गई है। बताया जा रहा है कि अक्तूबर में देश की मुद्रास्फीति की दर घटकर 0.25 रह गई है। यह स्थिति साल 2013 के बाद से सबसे कम बताई जा रही है। जाहिर है सरकार ने इसे अपनी बड़ी उपलब्धि माना है। सरकार का दावा है कि मुद्रास्फीति में यह बड़ी गिरावट कीमतों पर मजबूत नियंत्रण और कुशल वित्तीय प्रबंधन को ही दर्शाती है। लेकिन वहीं दूसरी ओर आम परिवारों के लिये इस राहत का अहसास करना इतना भी आसान नहीं है। दरअसल, मुद्रास्फीति में इस गिरावट में मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों की कम कीमतों की भूमिका देखी जा रही है। वहीं दूसरी ओर हाल ही में की गई जीएसटी दरों में कटौती का प्रभाव भी बताया जा रहा है। जिसके चलते उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतों में गिरावट आई है। वहीं दूसरी ओर मुद्रास्फीति में यह तीव्र गिरावट पिछले साल की ऊंची कीमतों के आधार प्रभाव को भी दर्शाती है, जो शायद लंबे समय तक न रहे। प्रथम दृष्टया भले ही यह प्रभावशाली लगे, लेकिन कई लोग अभी भी उच्च घरेलू खर्चों का दबाव महसूस कर रहे हैं। दूध, दालों और सब्जियों जैसी रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों में अभी भी उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। जिससे लोगों का पारिवारिक बजट प्रभावित हो रहा है। इसलिए, जहां समग्र मुद्रास्फीति दर में गिरावट आई है, वहीं आम लोगों के लिये व्यावहारिक जीवन यापन की लागत में उसी तरह की गिरावट महसूस नहीं की जा रही है। वैसे देखा जाए तो भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई के लिये यह स्थिति राहत और चुनौती दोनों ही लेकर आ रही है।

दरअसल, ध्यान देने योग्य बात यह है कि मुख्य मुद्रास्फीति, जिसमें खाद्य और ईंधन शामिल नहीं हैं, ऊंची बनी हुई है। जो यह भी दर्शाती है कि मूल्य दबाव पूरी तरह से कम नहीं हुआ है। ऐसे में फुटकर मुद्रास्फीति इतनी कम होने के कारण उद्योग जगत की तरफ से दलील दी जा सकती है कि भारतीय रिजर्व बैंक दिसंबर की अपनी बैठक में उधार लेने और खर्च को प्रोत्साहित करने के लिये बैंक ब्याज दरों में कटौती पर विचार करे। लेकिन केंद्रीय बैंक को इस दिशा में सावधान भी रहना होगा। यदि केंद्रीय बैंक इस दिशा में कोई कदम उठाता है तो मुद्रास्फीति फिर से बढ़ भी सकती है। खासकर, अगर वैश्विक तेल की कीमतों में कोई अप्रत्याशित उछाल आ जाता है। वहीं दूसरी ओर यदि वैश्विक अनिश्चितता के माहौल में रुपया कुछ कमजोर होता है। वैसे देखा जाए तो इस दौरान, मुद्रास्फीति में गिरावट का बेहतर ढंग से उपयोग मांग बढ़ाने, आय बढ़ाने और खाद्य कीमतों को स्थिर बनाने में भी किया जा सकता है। इसमें दो राय नहीं कि किसी भी देश में मुद्रास्फीति की कम दर एक छोटी अवधि में विकास को पुनर्जीवित करने में मदद भी कर सकती है। लेकिन इसकी शर्त यही है कि लापरवाही से सरकारी खर्च न बढ़ाया जाए या कोई खराब योजना का क्रियान्वयन न हो। ऐसे में आंकड़े तो दिखा सकते हैं कि कीमतें नियंत्रण में हैं, लेकिन लोगों के अनुभव कुछ और ही कहानी बयां कर सकते हैं। देश में सच्ची प्रगति तभी मानी जा सकती है, जब राहत हर घर तक पहुंचेगी। लेकिन जरूरत इस बात की है कि राहत सिर्फ सरकारी आकंड़ों में ही नजर न आए। यह भी हकीकत है कि कीमतों का संतुलन मांग व आपूर्ति के संतुलन पर निर्भर करता है। जिसकी ओर भी सत्ताधीशों को ध्यान देने की जरूरत होती है। निस्संदेह, ऐसे में खुदरा महंगाई में गिरावट सुखद ही है, लेकिन जरूरत इस बात की भी कि यह राहत आम आदमी को भी महसूस होनी चाहिए।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 15 नवम्बर, शनिवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष एकादशी, 26:38 तक, नक्षत्र : उत्तर फाल्गुनी, 23:31 तक, योग : वैधृति, 06:15 तक, सूर्योदय: 05:49, सूर्यास्त: 16:53, चन्द्रोदय : 01:29, चन्द्रास्त: 13:51, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : तुला, चन्द्र राशि : कन्या, राहू काल : 08:37 से 09:59

## राशिफल

**मेष :** आज आपको बेवजह क्रोध करने से बचना होगा। आपको अपने बॉस से तारीफ सुनने को मिलेगी। आपको आज कोई बात सोच समझ कर बोलनी होगी, नहीं तो यह आपके रिश्तों में दरार खड़ी करेगी।

**वृष :** आज का दिन राजनीति की ओर काम कर रहे लोगों को थोड़ी सावधानी बरतने के लिए रहेगा। आपको बेवजह की थकान रहेगी, लेकिन आप अपने कामों को समय से निपटाएंगे।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरपूर रहने वाला है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए सुखद परिणाम लेकर आएगा। धन संबंधित मामलों में आपको सावधानी बरतनी होगी। आपकी किसी बात को लेकर पिताजी आपसे नाराज हो सकते हैं।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपकी कोई बात बनते बनते बिगड़ सकती है और किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोले।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपके अंदर ऊर्जा रहने से आप काफी खुश रहेंगे।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। आप अपने मनमौजी स्वभाव में कोई बदलाव करने की सोचेंगे। आप किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर करने से बचे।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपको काम को लेकर कुछ नए अवसर मिलेंगे। आप किसी यात्रा पर जाने की तैयारी भी करेंगे।

**धनु :** आज का दिन वैवाहिक जीवन जी रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। जीवन साथी को करियर में तरक्की मिलेगी और आपको अपने आसपास रह रहे लोगों को पहचान कर चलना होगा।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। भाई व बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा। आर्थिक मामलों में आपको थोड़ा सावधानी बरतनी होगी।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए इनकम के मामले में अच्छा रहने वाला है। दोस्तों का आपको पूरा साथ मिलेगा। आप अपनी वाणी से लोगों का दिल जीतने में कामयाब रहेंगे।

**मीन :** अपना व्यवहार अच्छा रखोगे तो बिगड़े काम भी बन जाएंगे। हालात को ठीक से समझकर फायदा उठा पाओगे। नए दोस्त बनेंगे। घर में आपकी पकड़ मजबूत होगी।

### बिहार ने रच दिया नया इतिहास!

# एनडीए को प्रचंड बहुमत महागठबंधन औंधे मुंह गिरा!



डॉ घनश्याम बादल

'एक बिहारी सब पर भारी' की कहावत को सिद्ध करते हुए बिहार ने सारे पूर्वानुमानों को झुठलाते हुए 20 साल से राज कर रहे नीतीश कुमार और भाजपा नीत एनडीए को प्रचंड जीत दिलवाते हुए राजनीति का एक नया मिथक रच दिया है और बड़ा संदेश दिया है कि यदि आप सरकार में रहकर सचमुच जनकल्याण के कार्य आगे बढ़ते हैं तो फिर गलतियां होने के बावजूद जनता आपको सर आंखों पर बिठाती है।

हालांकि पहले दौर के मतदान के बाद ही सर्वेक्षण एजेंटीयों ने डो की बढ़त की भविष्यवाणी कर दी थी और दूसरे दौर के बंपर मतदान के बाद ज्यादातर एजेंसियां एनडीए को 140 से 160 सीट दे रही थी हालांकि तब सर्वेक्षण एजेंसियों के परिणामों पर उंगलियां भी उठाई जा रही थीं लेकिन परिणाम ने जिस तरह राष्ट्रीय जनता दल और सहयोगी दलों का के महागठबंधन का सफाया किया है वह हैरतअंगेज है।

राहुल तेजस्वी की जोड़ी, एस आई आर और वोट चोरी के साथ-साथ हर घर को नौकरी माई बहन मान योजना और रैलियों में उमड़ रही भीड़ तथा तेजस्वी एवं राहुल की हुंकार से माहौल भरमा रहा था कि इस बार एनडीए को बहुमत प्राप्त करना आसान नहीं होगा लेकिन बिहारियों के मन को समझना विशेषज्ञों के भी बस से बाहर की बात रही है हमेशा और इस बार भी ऐसा ही हुआ और अंततः एनडीए प्रचंड बहुत के साथ फिर सत्ता में आ गया है।

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एन.डी.ए.) ने न सिर्फ सत्ता बरकरार रखी, बल्कि प्रचंड बहुमत के साथ राजनीति-मंच पर नये समीकरण भी गढ़े। इस जीत के पीछे कई कारण हैं। रणनीतिक संयोजन, जातिगत एवं क्षेत्रीय समीकरणों का नया गठन तथा विपक्षी गठबंधन की कमजोरियों का प्रधानमंत्री मोदी अमित शाह योगीआदित्यनाथ, नीतीश कुमार और उनके सहयोगियों ने जमकर लाभ उठाया। इसी पृष्ठभूमि में प्रशांत किशोर और राहुल गांधी की रणनीतिक विफलता राजग के लिए सफलता का आधार बनी है।

यदि चुनाव से पहले की स्थितियों पर नजर डालें तो पहले से ही एनडीए लीड ले चुका था। उसने प्रत्याशियों की पहले घोषणा की जबकि महागठबंधन के नेता आपस में लड़ते रहे। टकराव तो राजग में भी दिखाई दिया लेकिन सुगठित चुनाव प्रचार,जनता के मन तक पहुंचना, सरकार की उपलब्धियां और शाह मोदी तथा नीतीश की तिकड़ी के चमत्कार और लालू यादव के जंगल राज की यादों को ताजा करने की कुशल रणनीति ने एनडीए को नमस्कार करवा दिया।

एन.डी.ए.इस चुनाव में विकास-विचारधारा को मुद्दा बनाकर, डबल इंजन सरकार और सुशासन एजेंडे के साथ मैदान में उतरा और खास तौर पर महिलाओं व युवाओं ने इस गठबंधन को व्यापक समर्थन दिया।इसके विपरीत, महागठबंधन ने जातिगत वोट बैंक विशेष रूप से मुस्लिम-यादव) और नौकरियों-मुद्दों पर ज़ोर दिया लेकिन यह रणनीति काम नहीं आई।

प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी ने गाँव-गाँव, मुद्दा-मुद्दा की पहल की और नौकरियों-माइग्रेशन जैसे विषय उठाये, लेकिन उसका असर सीमित रहा। राहुल गांधी की ओर से वोट चोरी व एस आई आर मैं गड़बड़ी जैसे आरोप लगाए गए, उनकी रेलिया में भीड़ तो उमड़ी लेकिन 'वोट चोर गद्दी 'छोड़ की अपील जनादेश में बदल नहीं पायी।

बिहार की राजनीति में जातिगत समीकरण हमेशा निर्णायक रहे हैं। इस बार एन.डी.ए. ने पिछड़ी अति पिछड़ाी व अन्य पिछड़ी जातियों दलितों, ओबीसी-गैर-यादवों के हर वर्ग में सेंध लगाने में सफलता प्राप्त की और हर वर्ग से वोट मिलने की वजह से ही इतना प्रचंड बहुमत मिलना संभव हो पाया। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार अति पिछड़ी एवं पिछड़ी जातियों के करीब 58 % वोट एन.डी.ए. को मिले। वहीं महागठबंधन ने मुस्लिम,यादव गठजोड़ को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया और इस वोट बैंक पर अत्यधिक निर्भरता और अन्य समूहों के न जुड़ने से राजनीतिक रूप से भारी नुकसान हुआ और वह पहले जितनी सीटें भी प्राप्त नहीं कर पाया। महागठबंधन की सफलता में एक बड़ा कारण वहां कांग्रेस का जमीनी संगठन निष्क्रिय रहना भी रहा साथ ही साथ दो साल तक तेजस्वी का नीतीश कुमार के साथ उपमुख्यमंत्री के रूप में काम करना और फिर सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाना भारी पड़ा।

मिथिलांचल, मगध, शिवहर-सीमांचल आदि में एन.डी.ए. को संतुलित आधार मिला। विरोधी गठबंधन मुख्य रूप से एक-दो क्षेत्रीय और जातिगत धड़ों तक सीमित रहा, जिससे उनकी व्यापक पहुँच ढीली पड़ गयी।

इस जीत में नीतीश कुमार का 'सुशासन बाबू' का ब्रांड और लंबे समय से बिहार में स्थापित वोटबैंक महत्वपूर्ण रहा। उनका दल जनता दल यूनाइटेड इस बार पहले से लगभग दुगनी सीटों पर जीता तो भारतीय जनता पार्टी ने भी 90% का स्ट्राइक रेट पाया इतना ही नहीं इस गठबंधन के तीसरी घटक लोक जनशक्ति पार्टी ने भी 22 सीट जीतकर बड़ा योगदान दिया। विपक्षी महागठबंधन में नेतृत्व का मुख्यमंत्री का चेहरा बने तेजस्वी यादव और कांग्रेस-आरजेडी-साझेदारी में स्पष्ट अभियान-रणनीति की कमी

रही। इस तरह, बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में एन.डी.ए. की जीत एक रणनीतिक सफलता का पर्याय बनकर सामने आई है जिसमें व्यापक सामाजिक गठबंधन, क्षेत्र-समीकरणों का संतुलन, महिलाओं-युवाओं का सक्रिय हिस्सा और सुशासन-विकास के मुद्दे निर्णायक सिद्ध हुए। इसके विपरीत, महागठबंधन ने अपने परंपरागत वोट बैंक पर बहुत अधिक निर्भरता देखाई मगर उसमें भी एनडीए को सेंध लगाने से नहीं रोक पाए। प्रशांत किशोर विधानसभा में सिम जीतने में तो सफल नहीं हुए, पर उन्होंने एक लैंड मार्क जरूर स्थापित किया कि अब बिहार की राजनीति अब सिर्फ जातिगत घेराबंदी तक सीमित नहीं रहेगी बल्कि मुद्दा-आधारित नया वोटर समूह भी अहम होंगे। यदि परिणाम पर निगाह डाली जाए तो करीब 50 सिम ऐसी दिखाई देंगे जिनमें हर जीत का अंतर और जान स्वराज पार्टी या स्थानीय दलों को मिलने वाली वोट लगभग बराबर रहे यानी इन्होंने यह तय कर दिया कि किसे जिताना है और किसे हराना है।

भले ही एनडीए 2005 के 206 सीट के निशान को नहीं छुपाए मगर उसने प्रचंड और ऐतिहासिक जीत के साथ सत्ता में वापसी की है बस आने वाले दिनों में यह जरूर देखने को मिलेगा की इस बार सबसे बड़ी पार्टी बनाकर भाजपा क्या नीतीश कुमार को पहले की तरह ही मुख्यमंत्री बनाएगी या फिर खुद बीजेपी के किसी नेता को बिहार का नेतृत्व सौंपेगी यह प्रश्न इसलिए भी उठेगा क्योंकि इस बार नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव जरूर लड़ा गया लेकिन भी मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में प्रोजेक्ट नहीं किए गए थे।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

# धरती आबा के संकल्पों को पूरा करती मोदी सरकार



डॉ. आशीष वशिष्ठ

15 नवंबर 2023 को पीएम नरेन्द्र मोदी झारखंड के खूंटी जिली के उस गांव में पहुंचे जहां आज तक देश का कोई प्रधानमंत्री नहीं पहुंचा था। इस गांव का नाम था उलिहातू। ये गांव, लोकनायक भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली है। धरती आबा के नाम से प्रसिद्ध भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद पीएम नरेन्द्र मोदी ने बिरसा मुंडा के जन्मस्थान की मिट्टी को पवित्र बताते हुए उससे 'तिलक' भी लगाया।

बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को उरांव क्षेत्र, वर्तमान झारखंड में हुआ था। बिरसा मुंडा केवल एक स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि आदिवासी समाज के गौरव, जननायक और सामाजिक न्याय के प्रतीक थे। एक साधारण बालक महज 25 साल की उम्र में बिरसा मुंडा से यूं ही भगवान बिरसा मुंडा नहीं बन गये। सादगी, साहस और आदिवासी समाज के प्रति उनके समर्पण ने उनको धरती आबा का दर्जा दिलाया।

उन्होंने अंग्रेजों की गुलामी के विरुद्ध आवाज़ उठाकर समाज में जागरूकता की अलख जगायी। उन्होंने 1894 में 'उलगुलान' आंदोलन शुरू किया, जिसमें ब्रिटिश शासन के खिलाफ और आदिवासी अधिकारों के लिए आवाज उठाई गई थी। बिरसा मुंडा ने ईसाई धर्म के प्रसार और धर्मांतरण का कड़ा विरोध किया क्योंकि उन्हें लगा कि यह आदिवासी संस्कृति और पहचान को खत्म कर रहा था। उन्होंने अपने जीवन में आदिवासी समाज में जागरूकता फैलाने और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए अनेक पहल की।

जमींदारों और अंग्रेजों की शोषण की नीति के खिलाफ 'उलगुलान' करने वाले धरती आबा को वर्ष 1900 में ब्रिटिश सेना ने गिरफ्तार कर लिया। उन्हें रांची जेल में रखा गया। जेल में उन पर कई अमानवीय व्यवहार हुए, लेकिन आंदोलनकारी धरती आबा कभी कमजोर नहीं पड़े। जेल में भी वह अपने साथियों का हौसला बढ़ाते थे। कहते थे, 'हमारी जमीन और आजादी के लिए यह बलिदान जरूरी है।' उनकी मृत्यु (9 जून 1900) को जेल में ही हो गयी।



29 नवंबर 2023 को 'मन की बात' के 106 एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, ''भगवान् बिरसा मुण्डा हम सब के हृदय में बसे हैं। सच्चा साहस क्या है और अपनी संकल्प शक्ति पर अडिग रहना किसे कहते हैं, ये हम उनके जीवन से सीख सकते हैं। उन्होंने विदेशी शासन को कभी स्वीकार नहीं किया। उन्होंने ऐसे समाज की परिकल्पना की थी, जहां अन्याय के लिए कोई जगह नहीं थी। वे चाहते थे कि हर व्यक्ति को सम्मान और समानता का जीवन मिले।''

धरती आबा के कार्यों ने स्पष्ट रूप से दर्शाया कि उनका संकल्प आदिवासी संस्कृति और गरिमा की रक्षा, सामाजिक सुधार और जल, जंगल और जमीन की रक्षा थे। 24 अक्टूबर 2021 को 'मन की बात' में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, ''गरीब और मुसीबत से घिरे लोगों की मदद करने में भगवान् बिरसा मुंडा हमेशा आगे रहे। उन्होंने सामाजिक बुराइयों को खत्म करने के लिए समाज को जागरूक भी किया।''

मोदी सरकार, बिरसा मुंडा के आदर्शों पर चलते हुए, आदिवासी समुदायों के उत्थान, सशक्तिकरण और उनकी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए कई पहल कर रही है। जनजातीय समाज के उत्थान के लिए मोदी सरकार ने जो समर्पण दिखाया है, वो ऐतिहासिक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनजातीय समाज के सम्मान और सशक्तिकरण को नयी ऊंचाई दी है। देश की पहली जनजातीय महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का चयन, अनुसूचित जनजातियों के आरक्षण की अवधि बढ़ाना, नयी जातियों को शामिल करना और जनजातीय मंत्रालय के बजट में वृद्धि-इन सब से सरकार की प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनजातीय समुदायों के बलिदान, संस्कृति और विरासत का सम्मान करने और उनके साहस तथा राष्ट्र-निर्माण की कहानियों को राष्ट्रीय चेतना में लाने के लिए जनजातीय गौरव वर्ष मनाने की घोषणा की थी। उनके दूरदर्शी नेतृत्व में सरकार ने प्रत्येक वर्ष 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस की शुरुआत की।

आदिवासी समुदाय के विकास के लिये मोदी सरकार की प्रमुख पहलों में जनजातीय मामलों के मंत्रालय के लिए बजट आवंटन में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। 2014-15 में 4,497.96 करोड़ रुपये से बढ़कर 2025-26 में यह 14,925.81 करोड़ रुपये हो गया। प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान इसे धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के नाम से भी जाना जाता है। इस योजना का लक्ष्य व्यापक विकास पहलों के माध्यम से 5 करोड़ से अधिक आदिवासी लोगों को लाभान्वित करना है, जिसमें आवास, बुनियादी ढांचे का विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, और कृषि विकास शामिल हैं।

आदिवासी विरासत और संस्कृति को सम्मानित करने के लिए 15 नवंबर को 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में घोषित किया गया है। आदि महोत्सव आदिवासी विरासत को प्रदर्शित करने और आदिवासी उत्पादों के विपणन को बढ़ावा देने के लिए एक राष्ट्रीय मंच है।

वर्ष 2024 में सामाजिक न्याय के प्रतीक, भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर एवं जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डाक टिकट जारी किया। यह डाक टिकट न सिर्फ धरती आबा, भगवान मुंडा जी के शौर्य और पराक्रम का प्रतीक है बल्कि जनजातीय समुदाय के कल्याण हेतु मोदी सरकार के समर्पण को भी दर्शाता है।

मोदी सरकार के प्रयासों के फलस्वरूप आदिवासी छात्रों के लिए शिक्षा के स्तर में सुधार देखा गया है, साक्षरता दर 2011 में 59 प्रतिशत से बढ़कर 2020-21 में 71.6 प्रतिशत हो गई है। आईआईटी दिल्ली और एम्स दिल्ली जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में आदिवासी छात्रों के लिए विशेष चेयर और प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है।

वहीं ट्राइफेड द्वारा शुरू की गई वन धन योजना आदिवासी आबादी के लिए रोजगार सृजन का एक स्रोत बनकर उभरी है, जो वन उत्पादों पर आधारित स्टार्ट-अप्स को बढ़ावा देती है। आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करने के लिए विभिन्न राज्यों में 10 आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालयों को मंजूरी दी गई है। इन योजनाओं और पहलों का उद्देश्य आदिवासी समुदायों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना और उनकी सांस्कृतिक विरासत का सम्मान करते हुए उनका सशक्तिकरण करना है।

वर्ष 2022 में राष्ट्रपति चुनाव के लिए राजग ने जब अपने उम्मीदवार का नाम घोषित किया तो वह नाम आदिवासी समाज से था। संपूर्ण आदिवासी समाज और राष्ट्र के लिये ये कितने गौरव और प्रसन्नता का विषय है कि आज देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद राष्ट्रपति की कुर्सी पर आदिवासी समाज की बेटी द्रौपदी मुर्मू आसीन है। दुख के साथ यह कहना पड़ता है कि पूर्व की सरकारों ने आजादी के लंबे कालखण्ड में आदिवासी समाज के साथ घोर अन्याय किया। उन्हें विकास से वंचित रखा। मोदी सरकार में आदिवासी समाज देश की प्रगति का हिस्सेदार है और तेजी से विकास के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है।

लोकनायक बिरसा मुंडा का संघर्ष आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा पुंज है जो हमें निराशा और हताशा में नई राह दिखाता है। वास्तव में, भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती केवल उनके व्यक्तित्व और नेतृत्व को याद करने तक सीमित नहीं है; यह समाज में समानता, न्याय और सामाजिक चेतना को बढ़ावा देने का अवसर भी है। धरती आबा का जीवन यह संदेश देता है कि अन्याय और असमानता के खिलाफ दृढ़ संकल्प और सामूहिक प्रयास से सामाजिक बदलाव संभव है। हमें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए, अन्याय के खिलाफ साहस से लड़ना चाहिए और अपनी संस्कृति तथा प्रकृति का सम्मान करना चाहिए।

इसमें कोई दो राय नहीं है धरती आबा के महान् आदर्शों को स्मरण करते हुए पीएम नरेन्द्र मोदी ने 24 फरवरी 2019 को 'मन की बात' में कहा था, ''आज, अगर हमारे नौजवानों को मार्गदर्शन के लिए किसी प्रेरणादायी व्यक्तित्व की जरूरत है तो वह है भगवान 'बिरसा मुंडा'। भगवान बिरसा मुंडा ने दुर्व्यसनों रहित जीवन, अंधविश्वास से मुक्ति व अपनी भूमि के प्रति स्वाभिमान का भाव जनजाति समाज को सिखाया। उन्होंने शोषण के प्रति आवाज उठाई व बेगारी प्रथा का विरोध किया। भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

-स्वतंत्र पत्रकार।

## विदेश की खबर

### विदेश मंत्री जयशंकर सोमवार को मॉस्को में अपने रूसी समकक्ष से मुलाकात करेंगे

**मॉस्क :** विदेश मंत्री एस जयशंकर द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा के लिए सोमवार को मॉस्को में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात करेंगे। यहां विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्राध्यक्ष परिषद की बैठक के लिए एक आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल के साथ मॉस्को पहुंचेंगे, जो 17-18 नवंबर को होगी। उन्होंने कहा, ''सोमवार, 17 नवंबर को रूसी विदेश मंत्री लावरोव भारतीय विदेश मंत्री के साथ वार्ता करेंगे।'' जखारोवा ने बताया कि दोनों शीर्ष नेता वर्तमान और भविष्य के राजनीतिक सहयोग पर चर्चा करेंगे और द्विपक्षीय संबंधों के प्रमुख मुद्दों की समीक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि वे एससीओ, ब्रिक्स, संयुक्त राष्ट्र और जी20 के भीतर सहयोग सहित प्रमुख अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय मामलों पर भी विचारों का आदान-प्रदान करेंगे।

### चीन: अंतरिक्ष में फंसे तीन यात्री सुरक्षित पृथ्वी पर लौटे

**बीजिंग :** अंतरिक्ष में मलबे से यान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद फंसे चीन के तीन यात्री शुक्रवार को सुरक्षित पृथ्वी पर लौट आए। 'चाइना मैन्ड स्पेस एजेंसी' ने बताया कि अंतरिक्ष यात्री चेन डोंग, चेन झोंग्रुई और वांग जी को लेकर 'शेनझोउ-21' अंतरिक्ष यान का रिटर्न 'कैप्सूल' उत्तरी चीन के मंगोलिया स्वायत्त क्षेत्र में डोंगफेंग में उतरा। एजेंसी के अनुसार, अंतरिक्ष यात्रियों को पांच नवंबर को लौटना था लेकिन मलबे के छोटे टुकड़ों से यान के टकराने के बाद अंतिम समय में उनकी यात्रा स्थगित कर दी गई। इससे पहले मीडिया ने बताया था कि 'शेनझोउ-20' के रिटर्न 'कैप्सूल' में छोटी दरारें पाए जाने के बाद चालक दल लौटने में असमर्थ था। वर्ष 2011 में अंतरिक्ष स्टेशन के शुरू होने के बाद इस पहली घटना ने चिंता बढ़ा दी है क्योंकि स्टेशन में सिर्फ तीन अंतरिक्ष यात्रियों की ही जगह है।

## वर्ग पहेली नं. 3264

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | 3 | | 4 | 5 | |
| | ■ | 6 | | 7 | | ■ | 8 | | ■ |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | 12 | 13 |
| | ■ | 14 | 15 | ■ | 16 | | 17 | ■ | |
| 18 | 19 | ■ | 20 | | | ■ | 21 | 22 | |
| ■ | 23 | | | ■ | ■ | 24 | | | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | 25 | | | ■ | 26 | 27 |
| 28 | | 29 | | | ■ | ■ | 30 | | |
| | ■ | | ■ | 31 | | | | ■ | |

*ऊपर से नीचे:-* 1) चकराना, 2) आज्ञाकारी, 3) आत्मबलि, 4) शोरबा, 5) असंतुष्टता, 7) बगुला, 11) आधा, 13) अनुपम, 15) शोक, 17) प्रारब्ध, 19) गरमी-सरदी की स्थिति, 22) कार्य, 24) अल्प, 25) कृश, 27) दुष्कर्म, 28) ज्ञान-शून्य, 29) रोड़ी, 30) आगे.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*बायें से दायें:-* 1) भेदभावहीनता, 3) यात्रावर्णन, 6) अनजान, 8) पूरा, 9) पक्षी, 10) साधु का गाउन, 12) सीढ़ी, 14) लक्ष्मी, 16) एक लिपि, 18) रिश्ता, 20) छिपाई वस्तु की खोज, 21) फुहार, 23) अंतिम; चरम, 24) अधिक प्रबल, 25) निगरानी, 26) इस के आगे नहीं, 28) अगणित, 30) एक इतिहासकालीन बादशाह, 31) फ़ायदेमंद.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भ | ■ | अ | च्छा | ■ | कि | ल | का | री | ■ |
| ड़ | ■ | भि | ■ | हि | सा | ब | ■ | ता | ज़ा |
| क | ड़ | वा | ■ | त | न | ■ | आ | ■ | हि |
| ना | ■ | द | स्त | क | ■ | शु | क्र | वा | र |
| ■ | अ | न | व | र | त | ■ | म | द्य | ■ |
| आ | न | ■ | नी | ■ | ■ | क | ण | ■ | ह |
| ना | श | ■ | य | ज | मा | न | ■ | बि | ल्ला |
| का | न | न | ■ | म | ■ | ह्म | ■ | ■ | गु |
| नी | ■ | या | रा | ना | ■ | र | स | गु | ल्ला |

## सुडोकू-पहेली-3221

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |
| | | 3 | 6 | | | 1 | | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | | 7 | 4 | 2 | | | 3 | |
| | | | | | 7 | | | |
| | | | 1 | | 3 | 8 | | 4 |
| | 9 | | 3 | | | | | |
| 8 | | | | | | 2 | | |
| 1 | | | | | | 9 | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3220 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 8 | 7 | 9 | 6 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 4 | 3 | 1 | 2 | 5 | 8 | 7 | 6 |
| 7 | 2 | 6 | 3 | 8 | 4 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 6 | 9 | 5 | 1 | 3 | 4 | 2 | 7 |
| 4 | 1 | 2 | 6 | 7 | 9 | 3 | 8 | 5 |
| 5 | 3 | 7 | 2 | 4 | 8 | 9 | 6 | 1 |
| 2 | 9 | 4 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 3 |
| 3 | 7 | 1 | 9 | 5 | 2 | 6 | 4 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 4 | 3 | 1 | 7 | 9 | 2 |

# बिहार के नतीजे बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा को ऑक्सीजन प्रदान करेंगे : शुभेंदु अधिकारी



**कोलकाता, समाज्ञा**

बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को भारी बहुमत मिलने पर भाजपा और सहयोगी दलों में खुशी का माहौल है। इस बीच, विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने बिहार में एनडीए को मिली प्रचंड जीत के बाद मीडिया कर्मियों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि अगर भारत का चुनाव आयोग (ईसीआई) अगले साल राज्य में भी बिहार की तरह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करेगा तो 15 साल के तृणमूल कांग्रेस शासन का अंत निश्चित हो जाएगा।

शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि बिहार में लोगों ने निरंतर सामाजिक और आर्थिक विकास, महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने वाली एक सतत और स्थिर कानून-व्यवस्था और बेहतर शासन के लिए मतदान किया। राज्य में लोग तृणमूल कांग्रेस शासन के लंबे कुशासन के खिलाफ मतदान करेंगे, जहां लोगों का जीवन बेलगाम भ्रष्टाचार, महिलाओं के खिलाफ अपराध की बढ़ती दर और कानून-व्यवस्था की स्थिति में भारी गिरावट से जूझ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार की तरह ही राज्य में भी चुनाव आयोग द्वारा विशेष गहन समीक्षा (एसआईआर) के बाद चुनाव कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बिहार के नतीजे अगले साल राज्य चुनाव में भाजपा को ऑक्सीजन प्रदान करेंगे। शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस पहले से ही इस संशोधन प्रक्रिया से घबराई हुई है, जिसके बाद कई अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्या मतदाताओं के नाम हटा दिए जाएंगे।

## बिहार के चुनावी नतीजों का बंगाल पर नहीं पड़ेगा कोई असर : तृणमूल कांग्रेस

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि बिहार के चुनाव नतीजों का राज्य में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। तृणमूल कांग्रेस प्रवक्ता कुणाल घोष ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में दावा किया कि अगले साल चुनाव के बाद ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी 250 से ज़्यादा सीटों के साथ चौथी बार सत्ता में आएगी। उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव के नतीजों ने एक बार फिर दिखा दिया है कि भाजपा के खिलाफ कांग्रेस नाकाम रही है। इस दिन, कुणाल घोष ने कहा कि यह बिहार का समीकरण है। इसका बंगाल से कोई संबंध नहीं है। इसका बंगाल पर कोई असर नहीं पड़ेगा। बंगाल में विकास, एकता, सद्भाव, अधिकार और स्वाभिमान ही कारक हैं। 250 से ज़्यादा सीटों के साथ ममता बनर्जी फिर से मुख्यमंत्री बनेंगी। तृणमूल नेता ने कहा कि इस बात को लेकर उत्सुकता रहेगी कि बिहार में भाजपा-जद(यू) संबंध किस दिशा में जाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में भाजपा और निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और उससे जुड़े मामलों को लेकर साजिशें रची जाएंगी। उन्होंने दावा किया कि एजेंसियों और केंद्रीय शक्ति का दुरुपयोग होगा। इसके खिलाफ तृणमूल का आंदोलन जारी रहेगा। जनता तक गहरी पहुंच बनाकर तृणमूल भाजपा की सभी साजिशों को नाकाम कर देगी।

❑ **बंगाल की जनता तृणमूल के अभिशाप से मुक्ति चाहती है : समिक भट्टाचार्य**

भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि बिहार में जनता के समर्थन की यह प्रचंड लहर पश्चिम बंगाल भी पहुंचेगी। बंगाल की जनता बदलाव चाहती है। बंगाल की जनता तृणमूल के अभिशाप से मुक्ति चाहती है। वे विकास और रोजगार चाहते हैं। उन्होंने कहा कि बंगाल फिर से भारत में सर्वश्रेष्ठ बनना चाहता है। और यह केवल भाजपा के नेतृत्व में ही संभव है... 2026 का चुनाव। तृणमूल का अंत।

## बंगाल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बिहार चुनाव में राजग की जीत का मनाया जश्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में वापसी करने के बाद राज्य में भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को जश्न मनाया और अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को करारी शिकस्त देने की उम्मीद जताई। कोलकाता में मुरलीधर सेन लेन स्थित भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के मुख्यालय के सामने ढोल की थाप पर नाचते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाया और मिठाइयां बांटी। भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने कोलकाता, आसनसोल, रानीगंज और सिलीगुड़ी जैसे शहरों में भी नारेबाजी की और 2026 में होने वाले बंगाल विधानसभा चुनावों में अपनी जीत का भरोसा जताया। उन्होंने उम्मीद जताई कि बिहार में मिली भारी जीत का पश्चिम बंगाल में भाजपा के लिए सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। कोलकाता में उत्साहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने गले में तख्तियां लटकाकर नृत्य किया और इन तख्तियों में लिखा था, 'बिहार की जीत के बाद अब बंगाल की बारी है'। उन्होंने दावा किया कि मतदाता सूचियों के जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से अवैध मतदाताओं के नाम हटाना सुनिश्चित होगा।

## 'सीबीआई बेशर्म', कोर्ट में सुनवाई के दौरान अभया की मां ने केंद्रीय एजेंसी पर साधा निशाना

❑ **जांच अधिकारी ने रोते हुए कहा... 'मैं भी एक मां हूं'**
❑ **आरजीकर मामले में एजेंसी ने अदालत में सातवां स्टेटस रिपोर्ट किया दाखिल**



**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजी कर अस्पताल की चिकित्सक-छात्रा से दुष्कर्म और हत्या के मामले की सुनवाई के दौरान सियालदह अदालत में शुक्रवार को अत्यंत भावनात्मक माहौल बन गया, जब पीड़िता की मां ने खुले अदालत में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) पर तीखे आरोप लगाए। उन्होंने जांच एजेंसी के अधिकारियों को 'निर्लज्ज' कह दिया। इसके कुछ देर बाद अदालत कक्ष से बाहर निकलते ही जांच अधिकारी भावुक होकर रो पड़ीं और कहा, 'मैं भी मां हूं'। बता दें कि कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश पर सीबीआई इस मामले की जांच कर रही है। शुक्रवार को एजेंसी ने अदालत में सातवां स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करते हुए बताया कि अब तक 11 लोगों से पूछताछ की जा चुकी है और सीसीटीवी फुटेज तथा कॉल डिटेल रिकॉर्ड के आधार पर लगातार पूछताछ जारी है। इस दौरान, पीड़िता की मां ने अदालत में कहा कि वह गुप्त बयान देना चाहती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जांच प्रक्रिया से वे असंतुष्ट हैं और कई महत्वपूर्ण सवालों के जवाब उन्हें नहीं दिए जा रहे। पीड़िता के पिता ने भी अदालत में गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि सीबीआई 'अपराधियों को बचाने की कोशिश' कर रही है। उनका आरोप था कि जांच अधिकारी हॉस्टल से बरामद सामग्री की जानकारी साझा नहीं कर रहे। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली जाने और शीर्ष अधिकारियों से बात करने के बाद ही सीबीआई ने अतिरिक्त चार्जशीट दाखिल करने की बात कही। अदालत ने जब पूछा कि क्या हॉस्टल से कोई महत्वपूर्ण चीज मिली थी, तो पीड़िता के पिता ने उत्तर दिया कि मिली थी, और वह इसे गुप्त बयान में बताना चाहेंगे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जांच अधिकारी घर आकर कहते थे कि लड़की की किस्मत खराब थी और एक व्यक्ति का नाम लेकर हत्या का आरोप जता देते थे। पीड़िता की मां ने कहा कि उनकी बेटी सेमिनार रूम में नहीं रहती थी और यह जानना उनका अधिकार है कि वह वास्तव में कहां थी। उनका कहना था कि शुरू में उन्हें अपनी बेटी के शव को देखने नहीं दिया गया और बाद में मुख्यमंत्री के निर्देश पर ही उन्हें भीतर जाने दिया गया। इसी दौरान उन्होंने अदालत में सीबीआई की ओर इशारा करते हुए कहा कि ये बिल्कुल निर्लज्ज हैं। अदालत ने पीड़िता के माता-पिता को शांत रहने और अदालत कक्ष से बाहर जाने का निर्देश दिया। कुछ देर बाद जब सीबीआई की महिला अधिकारी अदालत कक्ष से बाहर आईं, तो वे भावुक हो उठीं और रोते हुए कहा कि मैं भी मां हूं।

## हाई कोर्ट ने शर्तों के साथ पैरा-टीचरों के आंदोलन को मंजूरी दी

**कोलकाता :** कोलकाता हाई कोर्ट ने पैरा-टीचरों को उनके प्रस्तावित आंदोलन के लिए सशर्त अनुमति दे दी है। न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष की डिवीजन बेंच ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि पैरा-टीचर 17 नवंबर से 26 नवंबर तक शांतिपूर्वक अपना विरोध-प्रदर्शन कर सकते हैं, लेकिन उन्हें अदालत द्वारा निर्धारित सभी नियमों का पालन करना होगा। आदेश के अनुसार, प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक ही धरना दिया जा सकेगा और किसी भी दिन 500 से अधिक लोगों की भीड़ इकट्ठा नहीं हो पाएगी। यदि भीड़ निर्धारित सीमा से अधिक होती है, तो पुलिस तत्काल कार्रवाई कर सकेगी।

अदालत ने यह भी कहा है कि प्रदर्शन केवल सेंट्रल पार्क के पास फुटपाथ पर ही किया जाएगा और सड़क पर कब्जा या यातायात में बाधा किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी। माइक का उपयोग वेस्ट बंगाल साउंड कंट्रोल बोर्ड के नियमों के अनुसार ही किया जाएगा और ध्वनि-स्तर बढ़ते ही पुलिस उसे तुरंत बंद करा सकती है। साथ ही सरकारी आचार संहिता का पालन अनिवार्य होगा। सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, अधिकारियों या आम लोगों के साथ किसी प्रकार की बहस, धक्का-मुक्की या आक्रामक व्यवहार करने पर सख्त मनाही रहेगी। किसी भी प्रकार का भड़काऊ या घृणास्पद भाषण भी नहीं दिया जा सकेगा।

अदालत ने यह भी निर्देश दिया है कि कम से कम पांच आयोजकों के फोन नंबर पहले से पुलिस को देने होंगे ताकि किसी भी परिस्थिति में उनसे संपर्क किया जा सके। अदालत ने कहा कि विरोध करना नागरिकों का अधिकार है, लेकिन इसे हमेशा शांतिपूर्ण और अनुशासित तरीके से ही किया जाना चाहिए। प्रशासन ने भी साफ किया कि यदि आंदोलन अदालत के निर्देशों के अनुरूप चलता है, तो पुलिस की ओर से किसी प्रकार की बाधा नहीं डाली जाएगी। पैरा-टीचरों के एक वर्ग ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वे अपनी मांगें पूरी तरह शांतिपूर्वक तरीके से ही रखना चाहते हैं और अदालत द्वारा दिए गए अवसर का सम्मान करते हुए आंदोलन करेंगे।

## एसएससी शनिवार को जारी करेगा इंटरव्यू सूची

### योग्य उम्मीदवारों में कितने को मिलेगा मौका?

**कोलकाता :** स्कूल सर्विस कमीशन (एसएससी) की इंटरव्यू सूची शनिवार को जारी होने की संभावना है। इसके साथ ही यह स्पष्ट हो जाएगा कि योग्य उम्मीदवारों में से कितने अभ्यर्थी इंटरव्यू के लिए बुलाए जा रहे हैं। यह नियुक्ति प्रक्रिया कक्षा 11 और 12 के शिक्षकों की भर्ती से संबंधित है।

एकादश और द्वादश के लिए आयोजित लिखित परीक्षा के 60 अंकों के नतीजे पहले ही प्रकाशित हो चुके हैं। उम्मीदवारों को अब यह जानकारी मिल चुकी है कि उन्होंने लिखित परीक्षा में कितने अंक प्राप्त किए। इसके बाद 10 अंक का अकादमिक स्कोर और 10 अंक का अनुभव स्कोर जोड़ा जाएगा। यानी कुल 80 अंकों के आधार पर उम्मीदवारों का मूल्यांकन किया गया है।

कमीशन के नियमों के अनुसार, हर एक रिक्ति के लिए 1:6 के अनुपात में अभ्यर्थियों को इंटरव्यू और दस्तावेज़ सत्यापन के लिए बुलाया जाएगा।

अगले सप्ताह से दस्तावेज़ सत्यापन की प्रक्रिया शुरू होगी। चयनित उम्मीदवारों को अपने सभी प्रमाणपत्रों की जांच कराने के लिए कोलकाता आना होगा। दस्तावेज़ सत्यापन के बाद इंटरव्यू प्रक्रिया शुरू होगी।

शनिवार को जारी होने वाली सूची से यह साफ हो जाएगा कि योग्य उम्मीदवारों में से कितने अभ्यर्थियों को कक्षा 11 और 12 के शिक्षक पदों के लिए इंटरव्यू का मौका मिल रहा है।

## विश्व कप 1996 : विज्ञापन कर पर केएमसी की याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने किया खारिज

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कोलकाता नगर निगम (केएमसी) की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें ईडन गार्डन में आयोजित 1996 के क्रिकेट विश्व कप के विज्ञापन कर के रूप में 'क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल' से 51.18 लाख रुपये का दावा करने संबंधी 'डिमांड नोटिस' को रद्द करने के आदेश को चुनौती दी गई थी। बता दें कि निगम ने 27 मार्च 1996 को एक 'डिमांड नोटिस' जारी किया था, जिसमें ईडन गार्डन में आयोजित 1996 के विश्व कप उद्घाटन समारोह और सेमीफाइनल मैच के लिए विज्ञापन कर के रूप में एसोसिएशन से 51,18,450 रुपये का दावा किया गया था। कलकत्ता उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ द्वारा इस वर्ष जून में दिये गए आदेश को चुनौती देने संबंधी नगर निगम की याचिका शुक्रवार को न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई। उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने एकल न्यायाधीश के अप्रैल 2015 के आदेश के खिलाफ नगर निगम द्वारा दायर अपील को खारिज कर दिया था। शीर्ष अदालत ने उच्च



न्यायालय के आदेश के खिलाफ नगर निगम की याचिका खारिज कर दी। अपने आदेश में, उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने कहा था कि बंगाल क्रिकेट संघ को कोलकाता स्थित ईडन गार्डन का पट्टा प्राप्त है और संपत्ति का मालिक भारत सरकार का रक्षा मंत्रालय है। इसने कहा था कि 1996 के क्रिकेट विश्व कप के दौरान स्टेडियम के अंदर और बाहर कुछ विज्ञापन लगाए गए थे। नगर निगम ने कोलकाता नगर निगम अधिनियम 1980 के एक प्रावधान का हवाला देते हुए, जो विज्ञापनों पर कर से संबंधित है, विश्व कप के दो दिनों के लिए विज्ञापन कर के संबंध में एक डिमांड नोटिस जारी किया था। उच्च न्यायालय के एकल न्यायाधीश ने मांग नोटिस को रद्द कर दिया था जिसके बाद निगम ने खंडपीठ का रुख किया था। उच्च न्यायालय की खंडपीठ के समक्ष नगर निगम की ओर से पेश वकील ने दलील दी थी कि जब ईडन गार्डन स्टेडियम के अंदर या बाहर विज्ञापन लगाए जाते हैं, तो ऐसे विज्ञापन सार्वजनिक स्थान से दिखाई देते हैं। खंडपीठ ने कहा था कि हमारी राय में, जैसे ही किसी स्थान पर आम लोगों के प्रवेश के लिए शर्तें लगाई जाती हैं, वह स्थान सार्वजनिक स्थान नहीं रह जाता। किसी सार्वजनिक स्थान पर बिना किसी बाधा या शर्त के अनिर्धारित संख्या में लोग पहुंच सकते हैं।


**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**वर्ष 2025 के नवंबर माह के लिए पूर्व रेलवे के ई-नीलामी कार्यक्रम** के संबंध में शुद्धिपत्र, जो पहले इस समाचार पत्र में मुख्य सामग्री प्रबंधक/सेल्स द्वारा पूर्व रेलवे के तहत जमालपुर डिपो के ई-नीलामी कार्यक्रम के विज्ञापन के लिए प्रकाशित किया गया था, इसमें निम्नानुसार आंशिक संशोधन किया गया है: **जमालपुर डिपो:** मौजूदा तिथियाँ: 20.11.2025 और 27.11.2025, **संशोधित तिथियाँ: 24.11.2025 और 29.11.2025,** अन्य सभी डिपो/मंडलों की अन्य तिथियाँ और नियम एवं शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

Stores-49/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. : डब्ल्यू_एलएलएच_16_2025-26, दिनांक 10.11.2025,** उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/बिजली, सी एंड डब्ल्यू वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा-711204 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए तकनीकी संपन्न निविदाकारों से ई-निविदा (खुली निविदा) ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** उप सीईई (डब्ल्यू) के कार्यक्षेत्र में एक वर्ष के लिए सी एंड डब्ल्यू वर्कशॉप, लिलुआ के तहत लघु विद्युत सामान्य सेवा कार्य के लिए जोनल कार्य दर ठेका। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** रु.44,39,174.92, **बयाना राशि:** रु. 88,800/-, **निविदा के बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 02.12.2025 को 14.00 बजे। वेबसाइट जहां निविदा का संपूर्ण विवरण उपलब्ध है: **www.ireps.gov.in**

MISC-284/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डनरीच, कोलकाता-700043 निम्नलिखित कार्य के लिए मद के सामने उल्लिखित तारीख को **अपराह्न 3.00 बजे** से पहले ई-निविदा आमंत्रित करते हैं तथा निविदा **अपराह्न 3.30 बजे** खोली जाएगी। **निविदा संख्या: टी-पीयूबी-जीआरसी-2025-419, दिनांक: 13.11.2025। कार्य का विवरण:** दक्षिण पूर्व रेलवे, मुख्यालय, गार्डन रीच की नॉर्थ कॉलोनी में दो (02) वर्षों की अवधि के लिए कार्यालयों की एकीकृत सफाई, कॉलोनी की स्वच्छता, आवर्जना प्रबंधन तथा बायोगैस सहित पर्यावरण समर्थित सेवाएं, स्लुइस वाल्व तथा कम्पोस्ट प्लांट का रखरखाव एवं परिचालन के लिए पर्यावरण के प्रति जागरूक की आउटसोर्सिंग। **निविदा मूल्य:** ₹12,13,86,831.56। **बयाना राशि:** ₹7,56,900 (एमएसई फर्में बयाना राशि के भुगतान से छूट का दावा करने को पात्र होंगी)। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** ₹ 0। **खुलने की तारीख:** 05.12.2025। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 24 (चौबीस) महीना। निविदा अनुसूची, संशोधनी, शुद्धि पत्र में कोई भी परिवर्तन, यदि कोई हो, सिर्फ ई-निविदा पोर्टल पर उपलब्ध होगी तथा उसे समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। निविदा के सम्पूर्ण विवरण/ब्योरा/स्पेसिफिकेशन के लिए इच्छुक निविदादाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस कार्य के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र.:** सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए भावी बोलीदाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** नियमित रूप से देख सकते हैं। हेल्प डेस्क संपर्क नंबर 033-2450-3783।

(PR-838)

**पूर्व रेलवे**

**सं.: ईसी/टी/एयर बेल्लो फॉल्ट इंडिकेशन/ओटी-22/25-26, दिनांक 08.11.2025,** मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्व रेलवे वर्कशॉप, काँचरापाड़ा, कैरिज/लोको कॉम्प्लेक्स, उत्तर 24 परगना, पीओ. काँचरापाड़ा, पिन-743145, पश्चिम बंगाल द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा सं.: ईसी_टी_एबीएफआई_ओटी-22_25-26, कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** आरडीएसओ के मॉडिफिकेशन शीट नं. आरडीएसओ/पीई/एमएस/ ईएमयू/0093-2024 (रिव.01), जारी करने की तिथि:-अक्टूबर 2024 के अनुसार सीमित निविदा के माध्यम से अत्यावश्यक पाइलट प्रोजेक्ट के आधार पर 02 फुल एएसएस ईएमयू रेक (प्रत्येक में 12 कोच) एवं 02 आईसीएफ प्रस्तुतकारक फुल एएसएस एमईएमयू रेक (प्रत्येक में 16 कोच) में एयर बेल्लो फॉल्ट इंडिकेशन सिस्टम के प्रावधानीकरण का कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु. 27,71,040/- (जीएसटी सहित)। **बयाना राशि जमा की जाएगी:** रु. 55,400/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य। **कार्य की समापन अवधि:** 06 माह। **वेबसाइट जहाँ से निविदा कागजात उपलब्ध होगा:** निविदा कागजात और अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 07.11.2025 से 01.12.2025 को अपराह्न 03.00 बजे तक प्राप्त किए जा सकते हैं। **विज्ञापन अवधि:** दिनांक 07.11.2025 से 01.12.2025 को अपराह्न 03.00 बजे तक। **प्रस्ताव जमा देने की अवधि:** दिनांक 17.11.2025 से 01.12.2025 को अपराह्न 03.00 बजे तक। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 01.12.2025 को अपराह्न 03.00 बजे तक। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 01.12.2025 को अपराह्न 03.30 बजे तक।

MISC-282/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**हावड़ा मंडल के तहत रखरखाव कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

अभियांत्रिकी, ऊपरी उपस्कर और संकेत एवं दूरसंचार रखरखाव कार्य के लिए, हावड़ा मंडल की विभिन्न शाखाओं में दिनांक **16.11.2025 (रविवार) को दिन के समय ब्लॉक** की आवश्यकता होगी। फलस्वरूप, निम्नलिखित ट्रेनें निम्नानुसार नियंत्रित की जाएंगी:

● **निरस्तीकरण [दिनांक 16.11.2025 (रविवार)]: (1) हावड़ा से** - 37055, 37249, 37363, 36823 **(2) बैण्डेल से** - 37246, 37749 **(3) बर्द्धमान से** - 36834 **(4) सेवड़ाफुली से** - 37056 **(5) आरामबाग से** - 37364, 37396 **(6) कटवा से** - 37748 ● **पुनर्निर्धारण [दिनांक 16.11.2025 (रविवार)]: 53009 कटवा-आजिमगंज पैसेंजर** ट्रेन **कटवा से** 12.00 बजे के स्थान पर **12.30 बजे** पुनर्निर्धारित की जाएगी। ● **संक्षिप्त यात्रा समाप्त [दिनांक 16.11.2025 (रविवार)]: 37365 हावड़ा-आरामबाग लोकल तारकेश्वर** में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी।

**विशेष टिप्पणी:** ब्लॉक अवधि के दौरान स्पेशल या विलंब से चलने वाली ट्रेनें और कोई भी नई शुरू की गई ट्रेन/पार्सल ट्रेनें/टीओडी, यदि कोई हो, मार्ग में आवश्यकतानुसार नियंत्रित की जाएंगी/परिवर्तित मार्ग पर चलाई जाएंगी। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**ई-नीलामी सूचना सं. : सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/25/46, दिनांक 12.11.2025,** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ मंजिल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु अनुबंध प्रदान करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है।

**कैटलॉग सं.: पीयूबी-एचडब्ल्यूएच-25-46**

**क्रम सं.: एए/1, लॉट सं.: एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-एमईडीएसटीएन-51-25-1 (स्टेशन में विविध-स्टैटिक-सेवाएँ-चिकित्सा सुविधाएँ), विवरण:** हावड़ा स्टेशन (ओल्ड कॉम्प्लेक्स) में मेडिकल स्टोर की स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव के लिए पाँच (05) वर्ष की अवधि हेतु अनुबंध प्रदान करना। **क्रम सं.: एए/2, लॉट सं.: एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-एमईडीएसटीएन-52-25-1 (स्टेशन में विविध-स्टैटिक-सेवाएँ-चिकित्सा सुविधाएँ), विवरण:** हावड़ा स्टेशन (न्यू कॉम्प्लेक्स) में मेडिकल स्टोर की स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव के लिए पाँच (05) वर्ष की अवधि हेतु अनुबंध प्रदान करना। **क्रम सं.: एए/3, लॉट सं.: एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एनडीएई-एमईडीएसटीएन-53-25-1 (स्टेशन में विविध-स्टैटिक-सेवाएँ-चिकित्सा सुविधाएँ), विवरण:** हावड़ा मंडल के नबद्वीधाम स्टेशन में मेडिकल स्टोर की स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव के लिए पाँच (05) वर्ष की अवधि हेतु अनुबंध प्रदान करना। **नीलामी शुरू होने की तिथि और समय:** 27.11.2025 को 12.00 बजे।

HWH-398/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (IV), पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा। **क्रम सं. 1, ई-निविदा सं.: 172_2025-26 वरिष्ठ डीईएन/4/एचडब्ल्यूएच। कार्य का विवरण:** डीईएन/IV/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत बीरभूम जिले में खाना-रामपुरहाट खंड में किमी 33/340-88/0, सांइथिया-गुमानी खंड में किमी 88/0-142/500 और रामपुरहाट-दुमका खंड में किमी 100/0-114/0, पाकुड़ जिले में सांइथिया-गुमानी खंड में किमी 142/500-161/500, दुमका जिले में रामपुरहाट-दुमका खंड में किमी 114/0-162/200, पूर्व बर्द्धमान जिले में खाना-रामपुरहाट खंड में किमी 1/0-33/340 और साहिबगंज जिले में सांइथिया-गुमानी खंड में किमी 161/500-172/200 में भूमि योजनाओं (लैंड प्लान) का डिजिटलीकरण और प्रमाणन। **अनुमानित मूल्य :** रु.1,12,12,056.24, **बयाना राशि:** रु. 2,06,100/-, **क्रम सं. 2, ई-निविदा सं.: 173_2025-26 वरिष्ठ डीईएन/4/ एचडब्ल्यूएच। कार्य का विवरण :** वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के अंतर्गत एसएसई/पी.वे/बोलपुर, एसएसई/पी.वे/सांइथिया, एसएसई/पी.वे/रामपुरहाट के तहत 2 वर्ष की अवधि के लिए नियमित आधार पर विभिन्न ट्रैक और अन्य रेलवे सामग्रियों की लोडिंग, अनलोडिंग और परिवहन सहित वाहन को किराए पर लेना। **अनुमानित मूल्य :** रु.58,19,342.44, **बयाना राशि :** रु.1,16,400/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.):** शून्य (क्रम सं. 1 और 2 प्रत्येक हेतु)। **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह (क्रम सं. 1 हेतु), स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 24 (चौबीस) माह (क्रम सं. 2 हेतु)। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 05.12.2025 को 14.00 बजे (क्रम सं. 1 और 2 प्रत्येक हेतु)। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से उपर्युक्त वेबसाइट के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-397/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**कृष्णनगर सिटी जंक्शन-आमघाटा (हॉल्ट) अनुभाग में तीन जोड़ी नई ईएमयू सेवाओं का शुभारम्भ**

यात्रियों की सुविधा के लिए, **दिनांक 17.11.2025 से कृष्णनगर सिटी जंक्शन एवं आमघाटा (हॉल्ट) स्टेशनों** के बीच तीन जोड़ी नई ईएमयू सेवाओं का शुभारम्भ किया जाएगा। इन सेवाओं के शुरू करने के संबंध में **दिनांक 15.11.2025** को आमघाटा हॉल्ट से कृष्णनगर सिटी जंक्शन स्टेशन तक एक स्पेशल ट्रेन नीचे उल्लेखित समय-सूची के अनुसार चलाई जाएगी:

| स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| आमघाटा (हॉल्ट) ↓ | - | 12.00 |
| कृष्णनगर सिटी जंक्शन | 12.15 | - |

कृष्णनगर सिटी जंक्शन एवं आमघाटा (हॉल्ट) स्टेशनों के बीच दिनांक 17.11.2025 से तीन जोड़ी नई ईएमयू सेवाओं की समय-सूची निम्नानुसार होंगी:

| 31881 कृष्णनगर सिटी जं.-आमघाटा (हॉल्ट) लोकल | | स्टेशन | 31882 आमघाटा (हॉल्ट)-कृष्णनगर सिटी जं. लोकल | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| - | 06.45 ↓ | कृष्णनगर सिटी जं. | 07.23 | - |
| 07.00 | - | आमघाटा (हॉल्ट) | - | 07.08 ↑ |
| **31883 कृष्णनगर सिटी जं.-आमघाटा (हॉल्ट)लोकल** | | **स्टेशन** | **31884 आमघाटा (हॉल्ट)-कृष्णनगर सिटी जं. लोकल** | |
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| - | 13.30 ↓ | कृष्णनगर सिटी जं. | 14.08 | - |
| 13.45 | - | आमघाटा (हॉल्ट) | - | 13.53 ↑ |
| **31885 कृष्णनगर सिटी जं.-आमघाटा (हॉल्ट) लोकल** | | **स्टेशन** | **31886 आमघाटा (हॉल्ट)-कृष्णनगर सिटी जं. लोकल** | |
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| - | 21.15 ↓ | कृष्णनगर सिटी जं. | 21.55 | - |
| 21.30 | - | आमघाटा (हॉल्ट) | - | 21.38 ↑ |

**मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
• MATRIMONIAL • EDUCATION • OBITUARY
• PROPERTY • NAME CHANGE • REMEMBRANCE
• RECRUITMENT • PUBLIC NOTICE • DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | www samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# जमीन विवाद सुलझाने गए पुलिस अधिकारियों पर हमला, थाना प्रभारी सहित तीन पुलिस कर्मी घायल

❑ **पुलिस पर हमले के आरोप में 13 गिरफ्तार**

**मुर्शिदाबाद :** जिले के कांदी थाना अंतर्गत गोकर्ण-1 ग्राम पंचायत में जमीन को लेकर हुए विवाद ने शुक्रवार को गंभीर रूप ले लिया। विवाद शांत कराने पहुंची पुलिस टीम पर ही ग्रामीणों के एक समूह ने हमला कर दिया। इस हमले में कांदी थाना प्रभारी (आईसी) मृणाल सिन्हा सहित तीन पुलिस कर्मी घायल हो गए। सभी घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। स्थिति नियंत्रित करने के लिए इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस अब तक 13



लोगों को हिरासत में ले चुकी है। इस हमले के बाद इलाके में तनाव व्याप्त है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की दोपहर गोकर्ण-1 ग्राम पंचायत के गोसाइदोप इलाके में करीब चार बीघा कृषि भूमि पर धान की कटाई और कब्जे को लेकर दो पक्षों में झड़प शुरू हुई। दोनों पक्ष एक-दूसरे पर मारपीट के आरोप लगा रहे हैं। विवाद बढ़ने पर स्थानीय लोगों ने तुरंत कांदी थाने को सूचना दी। सूचना मिलते ही कांदी के महकमा पुलिस अधिकारी साश्रेक अम्बादार और थाना प्रभारी मृणाल सिन्हा के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। जैसे ही पुलिस हालात संभालने की कोशिश कर रही थी उसी समय गांव के कुछ लोग लाठी, डंडे और ईंट लेकर पुलिस पर टूट पड़े। पुलिस ने बताया कि जैसे ही वे हमलावरों को रोकने बढ़े, पीछे से अचानक ईंट-पत्थरों की बौछार शुरू हो गई। इस दौरान ईंट लगने से थाना प्रभारी मृणाल सिन्हा के सिर में गंभीर चोट आई और दो अन्य पुलिसकर्मी भी घायल हो गए। घटना के बाद घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने 13 लोगों को हिरासत में लिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। हमले के बाद इलाके में तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

## पुरुष की जगह महिला की तस्वीर, कोलाघाट में एसआईआर फार्म देखकर चिंतित व्यक्ति

**पूर्व मेदिनीपुर :** राज्य में एसआईआर को लेकर निरंतर विवाद जारी है। कहीं राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप सामने आ रहे हैं, तो कहीं बीएलओ कर्मियों पर लापरवाही के आरोप लग रहे हैं। इसी क्रम में, अब पूर्व मेदिनीपुर जिले के कोलाघाट ब्लॉक के एक गांव में एन्यूमेरशन फॉर्म से जुड़ी गंभीर गड़बड़ी सामने आई है। जानकारी के अनुसार, खन्याडिही ग्राम पंचायत क्षेत्र के रामचंद्रपुर दक्षिण पाड़ा स्थित बूथ संख्या 37 के कई मतदाताओं को दिए गए फॉर्म में बड़े पैमाने पर गलतियां पाई गई हैं। कई मामलों में फॉर्म पर एक व्यक्ति का नाम छपा है, लेकिन तस्वीर किसी अन्य व्यक्ति की लगी हुई है। स्थानीय मतदाता अशोक घाटा के नाम पर जारी फॉर्म में उनकी जगह एक अपरिचित महिला की तस्वीर छपी हुई है।



इसी बूथ की मतदाता बिमला दास के फॉर्म पर भी एक अज्ञात पुरुष की तस्वीर छपने से क्षेत्र में भारी असमंजस और चिंता फैल गई है। इस मामले पर संबंधित बीएलओ रिंकु प्रामाणिक ने कहा कि उन्हें जो फॉर्म निर्वाचन आयोग की ओर से उपलब्ध कराए गए थे, उन्होंने वही मतदाताओं में वितरित किए। उन्होंने बताया कि त्रुटियों की सूचना उन्होंने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को दे दी है। बीए-लओ ने यह भी स्पष्ट किया कि फॉर्म जमा करने के बाद भी मतदाताओं को गलतियां सुधारने का अवसर मिलेगा।

## बी.आर.सिंह अस्पताल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बाल दिवस

**कोलकाता, समाज्ञा :** बी.आर. सिंह अस्पताल के बाल वार्ड और ओपीडी में बाल दिवस उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बच्चों के इस विशेष अवसर पर अस्पताल के पीडियाट्रिक विभाग के डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ ने छोटे मरीजों को टोकन उपहार वितरित किए, जिससे बच्चों के चेहरे पर मुस्कान और उनके परिवारों को राहत मिली। इस आयोजन ने अस्पताल के वातावरण को खुशनुमा बना दिया और बीमार बच्चों के लिए दिन को खास और आनंदमय बना दिया। डॉक्टरों और स्टाफ ने बच्चों के साथ संवाद किया और उन्हें उत्साह बढ़ाने वाले संदेश दिए, जिससे बच्चों और उनके



परिवारों के मनोबल में वृद्धि हुई। यह आयोजन बी.आर.सिंह अस्पताल में बच्चों के प्रति देखभाल और संवेदनशीलता का प्रतीक साबित हुआ।

## बिजनेस कॉन्क्लेव 2025 में अविभाजित मेदिनीपुर के 2,000 उद्यमी एक मंच पर जुटे

**मेदिनीपुर :** कॉन्फेडरेशन ऑफ पूर्व एवं पश्चिम मेदिनीपुर डिस्ट्रिक्ट चेम्बर ऑफ कॉमर्स के तत्वावधान में बुधवार को शहीद प्रद्युत स्मृति भवन में बिजनेस कॉन्क्लेव 2025 का सफल आयोजन किया गया। अविभाजित मेदिनीपुर के 2,000 से अधिक उद्योग-व्यवसायी तथा 185 व्यावसायिक इकाइयों के प्रतिनिधियों ने इसमें भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कॉन्क्लेव का उद्घाटन सीडबल्यूबीटीए के प्रेसीडेंट एवं एफएआईवीएम के नेशनल प्रेसीडेंट सुशील पोद्दार ने किया। राज्य के उपभोक्ता मामलों के मंत्री श्रीकांत महतो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि पश्चिम मेदिनीपुर के जिलाधिकारी बिजिन कृष्ण (आईएएस) ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को विशेष महत्व



प्रदान किया।

उद्घाटक सुशील पोद्दार ने कॉन्क्लेव को अनोखा और अत्यंत सफल बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन प्रत्येक जिले में होने चाहिए, जिससे व्यापारियों और प्रशासन के बीच समन्वय मजबूत हो सके। कॉन्क्लेव के दौरान जीएसटी से जुड़ी चुनौतियों, खासकर कम टर्नओवर वाले छोटे व्यापारियों की समस्याओं, तथा प्रदूषण विभाग द्वारा अपशिष्ट प्रबंधन संबंधी दिशानिर्देशों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैटरी सेक्टर में व्यापार वृद्धि व नए उद्यमियों के अवसर भी प्रमुख विषय रहे। साथ ही बी2बी और बी2सी सत्रों ने प्रतिभागियों को आपसी संवाद और व्यापारिक नेटवर्क बढ़ाने का मंच प्रदान किया। कार्यक्रम में जिला परिषद की सभाधिपति प्रतिभारानी मैती, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक शुभेंदु विश्वास सहित कई अधिकारी एवं उद्योग प्रतिनिधि उप-स्थित रहे। संचालन कॉन्फेडरेशन के सचिव चंदन राय और पत्रिका संपादिका सुमना चक्रवर्ती ने किया। आयोजन को जिले के व्यापारिक विकास की दिशा में एक नई शुरुआत माना जा रहा है।

## डिजिटल मीडिया पर 97% विज्ञापन उल्लंघन: एएससीआई की अर्द्धवार्षिक रिपोर्ट जारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** एडवरटाइजिंग स्टैंडर्ड्स काउंसिल ऑफ इंडिया (एएससीआई) की अर्द्धवार्षिक शिकायत रिपोर्ट (2025-26) के अनुसार, कुल विज्ञापन उल्लंघनों में 97% मामले डिजिटल मीडिया पर दर्ज किए गए। अप्रैल-सितंबर 2025 के बीच एएससीआई ने 6,841 शिकायतों की समीक्षा और 6,117 विज्ञापनों की जांच की, जिनमें से 98% में संशोधन या हटाने की आवश्यकता पाई गई। शिकायतों में 70% और जांचे गए विज्ञापनों में 102% की बढ़ोतरी दर्ज हुई। ऑफशोर/अवैध सट्टेबाजी, पर्सनल केयर, हेल्थकेयर, खाद्य एवं शिक्षा जैसे पांच क्षेत्रों में कुल उल्लंघनों का 90% हिस्सा रहा। अकेले अवैध सट्टेबाजी से जुड़े 4,575 विज्ञापन



चिन्हित किए गए, जिनमें से 99% एएससीआई की सक्रिय निगरानी से पकड़े गए।

रिपोर्ट में बताया गया कि 62% विज्ञापन बिना विवाद वापस ले लिए गए, जबकि स्वैच्छिक अनुपालन बढ़कर 88% हुआ। एएससीआई ने 1,173 इंफ्लुएंसर विज्ञापनों की भी जांच की, जिनमें अधिकांश ने प्रकटीकरण नियमों का पालन नहीं किया था।

## सियालदह डिवीजन में रखरखाव कार्य के कारण ट्रेन संचालन में किए गए बदलाव

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने सियालदह डिवीजन में रखरखाव कार्य के चलते ट्रेन संचालन में बदलाव की घोषणा की है। इसके तहत, 17 नवंबर की रात 11:45 बजे से 18 नवंबर की सुबह 3:30 बजे तक ब्रिज नंबर 01 की लाइन नंबर 05 (सियालदह - विद्यानगर रोड स्टेशन के बीच) पर ट्रैफिक और पावर ब्लॉक लगाया जाएगा। इस दौरान कई प्रमुख लोकल और पैसेंजर ट्रेनों का संचालन प्रभावित होगा। रद्द होने वाली ट्रेनों में 17 नवंबर को 32249 सियालदह - डानकुनी लोकल, 32252 डानकुनी - सियालदह लोकल, 31447 सियालदाह - नैहाटी लोकल और 31450 नैहाटी - सियालदह लोकल



शामिल हैं। इसके अलावा, 31542 शांतिपुर - सियालदह लोकल 17 नवंबर को बैरकपुर पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी और 31511 सियालदह - शांतिपुर लोकल 18 नवंबर को बैरकपुर से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी। अतिरिक्त बदलाव के तहत, 53171 सियालदह - लालगोला पैसेंजर ट्रेन 18 नवंबर को सुबह 3:45 बजे की बजाय 4:15 बजे रवाना होगी।

## आदित्य बिरला सन लाइफ इंश्योरेंस ने लाया नया डिविडेंड यील्ड फंड

**कोलकाता :** आदित्य बिरला सन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एबीएसएलआई) ने एक नया फंड डिविडेंड यील्ड फंड लॉन्च करने की घोषणा की है। यह फंड विशेष रूप से एबीएसएलआई के यूएलआईपी (यूनिट-लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान) जैसे वेल्थ इनफिनिया प्लान (एकल यूएलआईपी योजना) के तहत उपलब्ध है। आदित्य बिरला सन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के एमडी और सीईओ कमलेश राव ने कहा, एबीएसएलआई डिविडेंड यील्ड फंड को पॉलिसीधारकों को आर्थिक रूप से मजबूत, लाभांश देने वाली कंपनियों में निवेश करके लंबी अवधि की संपत्ति बनाने में मदद करने के लिए डिज़ाइन किया है।

## सिप्ला हेल्थ ने एफएसएसएआई के नए निर्देशों का स्वागत किया

### प्रोलाइट ओआरएस को बताया असलीओआरएस

**कोलकाता, समाज्ञा :** सिप्ला हेल्थ लिमिटेड के प्रमुख ब्रांड प्रोलाइट ओआरएस ने एफएसएसएआई के हालिया निर्देश का स्वागत किया है, जिसके अनुसार ओआरएस शब्द का उपयोग केवल उन्हीं उत्पादों पर किया जा सकेगा जो डबल्यूएचओ-मानक मौखिक पुनर्जलीकरण समाधान के वैज्ञानिक फॉर्मुलेशन को पूरा करते हैं। कंपनी का कहना है कि यह कदम उपभोक्ता सुरक्षा, पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने में महत्व-पूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रोलाइट ओआरएस डबल्यूएचओ-अनुमोदित इलेक्ट्रोलाइट, ग्लूकोज और सोडियम के संतुलित फॉर्मुलेशन पर आधारित है। सिप्ला हेल्थ ने इसे असलीओआरएस बताते हुए निर्माण व लेबलिंग में अपनी सत्यनिष्ठा को दोहराया।

सिप्ला हेल्थ के एमडी और सीईओ शिवम पुरी ने कहा कि यह निर्देश उपभोक्ता विश्वास को मजबूत करेगा और बाजार में असली, सुरक्षित ओआरएस की पहचान को स्पष्ट करेगा। कंपनी ने उपभोक्ताओं से आग्रह किया कि ओआरएस खरीदते समय प्रमाणित लेबलिंग अवश्य जांचें। सिप्ला हेल्थ 20 से अधिक वेलनेस ब्रांडों के साथ देश के अग्रणी स्वास्थ्य उत्पाद निर्माताओं में शामिल है।

## रोगी की मौत पर बालुरघाट अस्पताल में परिजनों ने किया हंगामा'

**दक्षिण दिनाजपुर :** इलाज के दौरान एक मरीज की मौत के बाद शुक्रवार को बालुरघाट जिला अस्प-ताल में भारी हंगामा और तनाव फैल गया। परिजनों ने चिकित्सकीय ला-परवाही का आरोप लगाते हुए अस्प-ताल परिसर में विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। स्थिति बिगड़ते देख बालुरघाट थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और हस्तक्षेप कर स्थिति को धीरे-धीरे सामान्य किया। मृत युवक की पहचान राहुल सिंह (22) के रूप में हुई है, जो बालुरघाट नगरपालिका के 10 नंबर वार्ड के तुरीपाड़ा इलाके का निवासी था। पेशे से वह ढाक बजाने का काम करता था। परिजनों के अनुसार, गुरुवार की दोपहर वह अचानक बीमार पड़



गया, जिसके बाद उसे बालुरघाट जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिवार का आरोप है कि मरीज की हालत लगातार बिगड़ रही थी, पर अस्पताल की ओर से किसी भी तरह की जानकारी नहीं दी गई। यहां तक कि राहुल की मौत के बाद भी परिजनों को सूचित नहीं किया गया। परिवार का कहना है कि पड़ोसियों से खबर मिलने पर उन्हें पता चला कि राहुल का निधन हो चुका है। परिजन सवाल उठा रहे हैं कि डॉक्टर ने बिना किसी जांच के राहुल को जॉन्डिस कैसे बता दिया? उनका आरोप है कि बिना टेस्ट रिपोर्ट के किसी बीमारी का दावा करना गंभीर लापरवाही है। मृतक के परिवार ने कहा कि रात में भर्ती होने के कुछ ही घंटों के भीतर सुबह उसकी मौत हो जाना संदिग्ध है, और अस्पताल प्रबंधन के व्यवहार पर सवाल उठाता है। परिवार अब पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहा है। साथ ही, ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक, नर्स और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की हैं।

## कटवा में दो दिनों से लापता युवक का शव बरामद, हत्या की आशंका

**पूर्व बर्दवान :** जिले के कटवा शहर में दो दिनों से लापता एक युवक का शव शुक्रवार की सुबह एक तालाब से बरामद किया गया। मृतक का नाम कार्तिक माझी (30) है। वह कटवा शहर के भूतनाथतला का निवासी था। परिजनों का आरोप है कि कार्तिक की हत्या की गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, कार्तिक कटवा शहर की एक दवा दुकान में कार्यरत था। उसके पिता अनिल बाबू एक स्वर्णकार की दुकान में काम करते थे, जबकि उसका छोटा भाई भी सोने के आभूषणों की दुकान में नौकरी करता है। शुक्रवार की सुबह स्थानीय लोगों ने घर से कुछ दूरी पर स्थित एक तालाब में कार्तिक का शव उतराता हुआ देखा। सूचना मिलते ही कटवा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला। परिवार का कहना है कि कार्तिक अचानक लापता नहीं हो सकता, और जिस स्थिति में उसका शव मिला है, उससे उन्हें स्पष्ट रूप से हत्या की आशंका है।

## ईस्टर्न रेलवे महिला कल्याण संगठन ने अरुणोदया स्कूल में मनाया बाल दिवस



**कोलकाता, समाज्ञा :** ईस्टर्न रेलवे वुमेन्स वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन (ईआरडबल्यूडबल्यूओ) ने शुक्रवार को कोलकाता के बेहाला स्थित घोलाशापुर रेलवे कॉलोनी में अरुण-ोदया स्कूल में बाल दिवस उत्साह-पूर्वक मनाया। कार्यक्रम का आयोजन ईआरडबल्यूडबल्यूओ की अध्यक्ष सीमा देउस्कर के मार्गदर्शन में किया गया, जिसका शुभारंभ संगठन की सचिव ने किया। बच्चों के मनोरंजन के लिए टॉम एंड जेरी, डिज्नी डक टेल्स और पोपाई द सेलर के वीडियो क्लिप दिखाए गए, जिन्हें विद्यार्थियों ने बेहद पसंद किया। इसके बाद फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। ईआरडबल्यूडबल्यूओ की सचिव ने बच्चों को प्रेरक संबोधन देते हुए बड़े सपने देखने और लक्ष्य पर केंद्रित रहने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में सभी 138 विद्यार्थियों को खाद्य पैकेट और उपहार वितरित किए गए, जिससे बाल दिवस उनके लिए अविस्मरणीय बन गया।

## पूर्व व मेट्रो रेलवे ने आयोजित किया सतर्कता जागरूकता संगोष्ठी

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे और मेट्रो रेलवे के सतर्कता विभागों द्वारा शनिवार को सियालदह स्थित डॉ. बी.सी. रॉय सभागार में सतर्कता: हमारी साझा जिम्मेदारी थीम पर आधारित सतर्कता जागरूकता-2025 संगोष्ठी का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर, मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक सुभ्रांशु शेखर मिश्रा, पूर्व एवं मेट्रो रेलवे के वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी दीपक निगम तथा आईपीएस अधिकारी अनीश प्रसाद प्रमुख वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। संगोष्ठी की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसे श्री देउस्कर ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न किया। इस अवसर पर पूर्व रेलवे की सतर्कता पत्रिका जागृति और मेट्रो रेलवे की सतर्कता पत्रिका प्रयास का भी संयुक्त रूप से विमोचन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दीपक निगम ने बताया कि सतर्कता विभाग पारदर्शिता और निष्पक्षता बढ़ाने के लिए वर्षभर जागरूकता सप्ताह, फील्ड विजिट, सेमिनार, जन-जागरूकता अभियान और आईजीओटी प्लेटफॉर्म जैसे माध्यमों से निरंतर सुधारात्मक कदम उठा रहा है।

महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने कहा कि सतर्कता प्रत्येक कर्मचारी का स्वभावगत गुण होना चाहिए। उन्होंने नियमों और प्रक्रियाओं की पूर्ण जानकारी को आवश्यक बताते हुए क्षमता निर्माण पर विशेष जोर दिया। मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक सुभ्रांशु शेखर मिश्रा ने कहा कि सतर्कता गतिविधियां निर्णय प्रक्रिया में शुचिता बनाए रखने और लापरवाही से बचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। आईपीएस अनीश प्रसाद ने साइबर सुरक्षा पर महत्वपूर्ण प्रस्तुति देते हुए बताया कि तेजी से बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव के लिए नागरिकों को मूलभूत साइबर स्वच्छता अपनानी चाहिए, जिससे वित्तीय और व्यक्तिगत सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

कार्यक्रम में पूर्व रेलवे के अतिरिक्त महाप्रबंधक शैलेंद्र प्रताप सिंह, रेलवे सुरक्षा आयुक्त (ईस्टर्न सर्कल) गुरु प्रकाश, रेलवे सुरक्षा आयुक्त (उत्तरी-पूर्वी क्षेत्र) सुमीत सिंघल सहित दोनों रेल सेवाओं के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## बांकुड़ा में सड़क हादसे में पूर्व रेल कर्मी की मौत, एक घायल

**बांकुड़ा :** जिले के रायपुर-हलुदकानाली राज्य सड़क पर गुरुवार की देर रात हुए सड़क हादसे में एक पूर्व रेल कर्मी की मौत हो गई, जबकि बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान पुरानडिही निवासी आदित्य महतो (64) के रूप में हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आदित्य महतो गुरुवार की रात पैदल घर लौट रहे थे। उसी समय मदनडिही निवासी रमेश महतो बाइक से रायपुर की ओर जा रहे थे। रायपुर के पीड़रा गांव के समीप बाइक अनियंत्रित होकर आदित्य को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने तुरंत दोनों को खंतरा महकमा अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने आदित्य महतो को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल रमेश महतो के सिर व चेहरे पर कई चोटें आई हैं।

## पूर्व रेलवे कृष्णनगर सिटी जंक्शन और आमघाटा हॉल्ट के बीच चलाएगा 3 जोड़ी ईएमयू सेवा

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सियालदह मंडल के तहत कृष्णनगर सिटी जंक्शन और आमघाटा हॉल्ट स्टेशनों के बीच 17 नवंबर से तीन जोड़ी नई ईएमयू लोकल ट्रेन सेवाएं शुरू करने जा रहा है। नई सेवाओं के अनुसार, 31881, 31883 और 31885 कृष्णनगर सिटी जंक्शन-आमघाटा हॉल्ट ईएमयू लोकल क्रमशः सुबह 06:45 बजे, दोपहर 13:30 बजे और रात 21:15 बजे कृष्णनगर से प्रस्थान करेगी और 07:00, 13:45 व 21:30 बजे आमघाटा हॉल्ट पहुंचेगी। वापसी दिशा में 31882, 31884 और 31886 आमघाटा हॉल्ट-कृष्णनगर सिटी जंक्शन ईएमयू लोकल 07:08, 13:53 और 21:38 बजे आमघाटा से चलेगी तथा क्रमशः 07:23, 14:08 और 21:55 बजे कृष्णनगर पहुंचेगी। इन नई सेवाओं के शुभारंभ के उपलक्ष्य में सियालदह मंडल 15 नवंबर को आमघाटा हॉल्ट से कृष्णनगर सिटी जंक्शन तक एक उद्घाटन सेवा भी चलाएगा, जो दोपहर 12:00 बजे प्रस्थान कर 12:15 बजे पहुंचेगी।

## बंगाल को मिला राज्य का पहला निजी पशु चिकित्सा महाविद्यालय

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल को राज्य का पहला निजी पशु चिकित्सा महाविद्यालय मिल गया और शुक्रवार को इसने सेवाएं देना शुरू कर दिया। 'इंडियन जर्नल ऑफ एनिमल साइंसेज' में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, भारत में 1.5 लाख से अधिक पशु चिकित्सकों की आवश्यकता है, लेकिन यहां केवल 61,943 प्रशिक्षित पेशेवर ही उपलब्ध हैं। यहां जरूरत के अनुसार 60 प्रतिशत पशु चिकित्सक कम है। अनुमान है कि 2040 तक यह मांग तेजी से बढ़कर 2.84 लाख हो जाएगी, जो पश्चिम बंगाल में पशु चिकित्सा शिक्षा और सेवाओं में निजी क्षेत्र की क्षमता के विस्तार की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करता है। राज्य के सकल घरेलू उत्पाद




(जीडीपी) में पशुधन क्षेत्र लगभग 3.89 प्रतिशत और कृषि जीडीपी में लगभग 20.34 प्रतिशत का योगदान देता है। जेआईएस पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय (जेआईएससीओवीएएस) का निर्माण हुगली जिले के मोगरा में 30 एकड़ में किया गया है। इसकी औपचारिक घो-षणा समूह के प्रबंध निदेशक सरदार तरनजीत सिंह ने की। पश्चिम बंगाल पशु एवं मत्स्य विज्ञान विश्वविद्यालय (डब्ल्यूबीयूएएफएस) से संबद्ध और भारतीय पशु चिकित्सा परिषद (वी-सीआई) द्वारा मान्यता प्राप्त यह संस्थान साढ़े पांच वर्षीय पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन स्नातक (बी.वी.एससी. एवं ए.एच.) पाठ्यक्रम प्रस्तुत करेगा।

## बलरामपुर में चाचा-चाची की हत्या के आरोप में भतीजा गिरफ्तार

**पुरुलिया :** जिले के बलरामपुर थाना क्षेत्र के दरदा इलाके के हरातशालडी गांव में मानसिक रूप से अस्वस्थ बताए जा रहे एक युवक ने अपने चाचा और चाची की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मृतकों की पहचान हरिराम सिंह सरदार और बिंदेश्वरी सिंह सरदार के रूप में हुई है। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की सुबह अचानक युवक ने लाठी से अपने चाचा और चाची पर हमला कर दिया। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत बांसगड़ा ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया, जहां हरिराम सिंह सरदार ने दम तोड़ दिया। गंभीर रूप से घायल बिंदेश्वरी देवी को आगे इलाज के लिए देबेन



महतो मेडिकल कॉलेज और अस्प-ताल में भर्ती किया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी भी मृत्यु हो गई। आरोपित युवक के बड़े भाई स्वरूप सिंह सरदार का कहना है कि उसका भाई मानसिक रूप से बीमार था और उसका इलाज चल रहा था। उसने ऐसा कदम क्यों उठाया, किसी को समझ नहीं आ रहा है। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है और हत्या के पीछे की वजह जानने की कोशिश कर रही है।

## अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन में हर्षोल्लास से संपन्न हुआ बाल दिवस

**हावड़ा :** शुक्रवार को अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन के वातानुकूलित और भव्य अग्रसेन ऑडिटोरियम में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बाल दिवस। हम सभी प्रत्येक वर्ष 14 नवंबर को अत्यंत हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिन को मनाते हैं।नेहरू जी बच्चों से अत्यधिक प्रेम करते थे इसलिए उनके जन्मदिन को हम बाल दिवस के रूप में मनाते हैं श्र इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष सत्य नारायण (अग्रवाल) देवरालिया, प्राचार्य सरोज कुमार श्रीवास्तव, उप-प्राचार्या श्रीमती काकोली नाग सभी छात्राएँ एवं शिक्षिकाएँ उपस्थित थीं।

कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य महोदय के कर कमलों द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। कार्यक्रम तीन चरणों में संपन्न हुआ प्रथम चरण में कक्षा छठीं व सातवीं की छात्राएँ द्वितीय चरण में आठवीं व कक्षा नवीं की छात्राएँ एंव तृतीय चरण में कक्षा दसवीं,ग्यारहवीं एंव बारहवीं की छात्राएँ उपस्थित थी। सर्वप्रथम बाल दिवस पर बने वृत्तचित्र की प्रस्तुति की गई जिसका मूल उद्देश्य यह बताना था कि शिक्षा सभी बच्चों का जन्मसिद्ध अधिकार हैं, तत्पश्चात विद्यालय के संस्थापक व विद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय



वासुदेव टीकमानी जी, भारत रत्न सुप्रसिद्ध गायक एवं संगीतज्ञ स्वर्गीय भूपेन हजारिका एंव सुप्रसिद्ध गायक स्वर्गीय जुबीन गर्ग को विद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा नृत्य के माध्यम से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके साथ ही शिक्षिकाओं ने विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर सभी छात्राओं को आनंदित कर दिया।

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य महोदय ने अपने वक्तव्य में बाल दिवस की सभी छात्राओं को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि विद्यालय प्रदत्त उच्च कोटि की शिक्षा के कारण ही छात्राएँ आगे बढ़ रही हैं। कार्यक्रम का समापन उप-प्राचार्या महोदया के धन्यवाद ज्ञापन व राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# बनगांव कोर्ट ने महिला की हत्या के जुर्म में भाई-बहन को सुनाई उम्रकैद की सजा

**कोलकाता, समाज्ञा :** बनगांव उपजिला न्यायालय ने पड़ोसी महिला की हत्या के जुर्म में भाई-बहन को उम्रकैद सुनाई है। साथ ही, अदालत ने शुक्रवार की दोपहर आरोपी बकीबुल्लाह मंडल और ताराबानू को सजा सुनाई। 10,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। पता चला है कि पड़ोसी बकीबुल्लाह और रहीमा के बीच शादी से पहले प्रेम संबंध था। जैसे ही दोनों परिवारों को इस मामले की जानकारी मिली, उन्होंने दोनों की शादी कहीं और कर दी। कथित तौर पर, कुछ साल बाद वे फिर से साथ हो गए। और दो साल



पहले बकीबुल्लाह परिवार को छोड़कर रहीमा के साथ मुंबई चला गया। अपनी बेटी को न पाकर रहीमा के परिवार ने 2023 में गोपालनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने बकीबुल्लाह मंडल और उसकी बहन ताराबानू को मंडल से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पूछताछ के दौरान गिरफ्तार लोगों ने बताया कि वे रहीमा को मुंबई से लाकर बदुरिया के ईश्वरी गाछा में बकीबुल्लाह की बहन ताराबानू के घर में रखे थे। वहां बकीबुल्लाह की बहन ताराबानू ने रहीमा की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद उन्होंने दो दिनों तक रसोई में गड्ढा खोदा और रहीमा को वहीं दफना दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बादुरिया में ताराबानू के घर में रहने के दौरान रहीमा का अपने पति के साथ संबंध था। इसी गुस्से में बहन और भाई ने मिलकर रहीमा की हत्या की योजना बनाई। दोषियों द्वारा अपना अपराध स्वीकार करने के बाद मुकदमे की प्रक्रिया शुरू हुई। लंबी सुनवाई के बाद, 28 लोगों की गवाही लेने के बाद, बनगांव उपजिला न्यायालय ने बुधवार को गिरफ्तार किए गए बकीबुल्लाह मंडल और ताराबानू को दोषी ठहराया। इस दिन, अदालत ने दोनों भाई-बहन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और उन पर 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया। मृतक रहीमा का परिवार दोनों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा से खुश है।

## सरकार अंतरराष्ट्रीय बाजार में जनजातीय उत्पादों को बढ़ावा देगी : पीयूष गोयल

**❑ वन धन से व्यापार धन का संदेश, जनजातीय व्यापार सम्मेलन 2025 संपन्न**

**कोलकाता :** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि निर्यात क्षमता वाले सभी जनजातीय उत्पादों को सरकार अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बढ़ावा देगी और इसके लिए ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, वैश्विक गोदाम, थोक-खुदरा नेटवर्क तथा अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों का उपयोग बढ़ाया जाएगा। वे सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित जनजातीय व्यापार सम्मेलन 2025 को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम भी उपस्थित रहे।

सम्मेलन का आयोजन डीपीआईआईटी और जनजातीय कार्य मंत्रालय ने संयुक्त रूप से किया। गोयल ने कहा कि जनजातीय उत्पादों के लिए देशी और विदेशी दोनों बाजारों में बड़ी संभावनाएं मौजूद हैं और सरकार नई योजना के माध्यम से इन्हें मजबूत विपणन सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि भारत का विकास तभी संभव है जब जनजातीय समुदाय आर्थिक रूप से सशक्त हो और उन्हें समान अवसर मिले।

मंत्री ने बताया कि इस वर्ष जनजातीय कार्य मंत्रालय का बजट 50 प्रतिशत बढ़ाया गया है, जबकि प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत 50 लाख से अधिक परिवारों को सीधा लाभ पहुंचा है। उन्होंने कहा कि जनजातीय उत्पादों को जीआई टैग दिलाने की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए शुल्क 5,000 रुपये से घटाकर 1,000 रुपये कर दिया गया है, जिससे कारीगरों को व्यापक बाजार तक पहुंच हासिल होगी। सम्मेलन में 250 से अधिक जनजातीय उद्यमों ने भाग लिया, जिनमें 100 से अधिक स्टार्टअप शामिल थे। रूरल टू राइस पिचिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से 57 उद्यमों को निवेशकों से 10 करोड़ रुपये से अधिक की रुचि प्राप्त हुई। कार्यक्रम में ज्ञान लैब का शुभारंभ, ट्राइबल अफेयर्स ग्रैंड चैलेंज की घोषणा तथा कई जनजातीय उत्पादों को जीआई प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। सम्मेलन के इंडस्ट्री और नॉलेज पार्टनर एफआईसीसीआई और प्रयोगी रहे। समूचे आयोजन का मुख्य संदेश रहा-लोकल गोज ग्लोबल यानी जनजातीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाना।

### टोटो से टकराई बाइक फिर धूं धूं कर जली, इलाके में दहशत

**हुगली :** जिले के श्रीरामपुर थाना अंतर्गत महेश इलाके में एक टोटो और बाइक के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर के तुरंत बाद बाइक में अचानक आग लग गई। बाइक धूं धूं कर जलने लगी। आग की लपटें निकलते देख स्थानीय लोग घबरा उठे। इलाके में अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना दमकल विभाग को दी। खबर मिलते ही दमकल की एक इंजन मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इधर पुलिस भी मौके पर पहुंची। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं मिली। पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुटी है।

## हाई कोर्ट ने सोनारपुर के कस्टम अधिकारी के खिलाफ दर्ज एफआईआर की रद्द

**कोलकाता, समाज्ञा :** सोनारपुर में हुए हमले के मामले में कस्टम विभाग के एक अधिकारी को बड़ी राहत मिली है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष ने सुनवाई के दौरान स्पष्ट टिप्पणी की कि पुलिस ने बिना प्राथमिक जांच किए एफआईआर दर्ज कर ली थी, जो कानूनन उचित नहीं है। बता दें कि घटना की शुरुआत एक गाड़ी से हुई दुर्घटना को केंद्र कर थी। सोनारपुर के कस्टम अधिकारी और कुछ ऑटो चालकों के बीच इसको लेकर बहस हुआ। हालांकि, थोड़ी देर बाद विवाद शांत हो गया और अधिकारी अपने घर लौट गए। लेकिन, आरोप है कि कुछ समय बाद करीब 50-60 लोग उनके आवास के बाहर जमा हो गए। भीड़ ने दरवाजा तोड़कर अंदर घुसकर कथित रूप से तांडव मचाया। कस्टम अधिकारी को बेरहमी से पीटा गया, जिससे उनके माथे में गंभीर चोट आई। आरोप यह भी है कि उनकी पत्नी के साथ दुर्व्यवहार किया गया। बाद में, घायल अधिकारी को गंभीर अवस्था में कल्याणी एम्स में भर्ती कराया गया। शुक्रवार को मामले की पुनः सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष ने कहा कि पुलिस द्वारा बिना प्रारंभिक जांच किए एफआईआर दर्ज करना प्रक्रिया का गंभीर उल्लंघन है। इसके बाद, अदालत ने कस्टम अधिकारी के खिलाफ दर्ज एफआईआर को खारिज करने का आदेश सुना दिया। जबकि, अदालत ने स्पष्ट किया है कि पुलिस को भविष्य में ऐसे मामलों में उचित प्रक्रिया का पालन करना होगा।

## विधानसभा चुनाव : सेलिब्रिटी उम्मीदवारों के लिए भाजपा अपनाएगी चयनात्मक रणनीति

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा की केंद्रीय नेतृत्व ने राज्य इकाई को सलाह दी है कि अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए फ़िल्मी दुनिया से जुड़े सेलिब्रिटी उम्मीदवारों के नाम सुझाते समय अत्यंत चयनात्मक रुख अपनाया जाए। पार्टी की राज्य समिति के एक सदस्य ने बताया कि केंद्रीय नेतृत्व ने सेलिब्रिटी उम्मीदवारों के नाम प्रस्तावित करने से पहले तीन प्रमुख बातों पर विचार करने को कहा है। पहला, यह कि संभावित सेलिब्रिटी उम्मीदवार पार्टी की मूल राजनीतिक विचारधारा में कितनी गहराई से रचे-बसे हैं। दूसरा, जिन विधानसभा क्षेत्रों से उनकी उम्मीदवारी पर विचार किया जाएगा, उन क्षेत्रों की



सामाजिक और भौगोलिक संरचना की उन्हें कितनी समझ है। तीसरा, चुनाव परिणाम चाहे जो हों, वे पार्टी के संगठनात्मक कार्यों से किस हद तक जुड़े रहेंगे। सूत्रों के अनुसार, यह एहतियात 2021 के विधानसभा चुनावों में सेलिब्रिटी उम्मीदवारों को उतारने के प्रयोग के असफल रहने के बाद लिया गया है। उस समय फ़िल्म जगत से जुड़े कई चेहरों को उम्मीदवार बनाया गया था, लेकिन फैशन डिजाइनर से नेता बनी अग्निमित्रा पॉल और अभिनेता से नेता बने हीरण चटर्जी के अलावा लगभग सभी उम्मीदवारों को पराजय का सामना करना पड़ा था। राज्य समिति के एक सदस्य ने बताया कि हार-जीत चुनाव का हिस्सा है, लेकिन सबसे चिंताजनक यह रहा कि पराजित सेलिब्रिटी उम्मीदवारों ने परिणाम आते ही पार्टी से दूरी बना ली। कई तो परिणाम के कुछ ही दिनों के भीतर तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए थे। इसे देखते हुए इस बार केंद्रीय नेतृत्व किसी भी सेलिब्रिटी उम्मीदवार को मैदान में उतारने से पहले पूरी सतर्कता बरतना चाहता है।

## आरामबाग में लापता नाबालिग का शव मिलने से सनसनी

**हुगली, समाज्ञा :** गुरुवार से लापता एक नाबालिग का शव शुक्रवार की सुबह उसके घर के पास ही एक ताला-बंद कमरे से बरामद हुआ। शव कंबल में लपेटा हुआ था। बाल दिवस की सुबह घटी इस घटना से हुगली जिले के आरामबाग के मायापुर-1 ग्राम पंचायत के मुथाडांगा मदरतला इलाके में सनसनी फैल गई। मृत नाबालिग का नाम शेख रियान (10) बताया गया है। शव बरामद होने के बाद इलाके में तनाव बढ़ गया। परिजनों और स्थानीय लोगों ने रियान की हत्या किए जाने का संदेश जताया। मृतक के पिता शेख रूमजान, जो छोटे व्यवसायी हैं, ने आरोप लगाया कि उनके बेटे की हत्या शेख रमजान अली नामक व्यक्ति



ने की है। जानकारी के अनुसार, आरोपित शेख रमजान अली उसी इलाके में किराए पर रहता था और चमड़े के एक गोदाम में काम करता था। घटना सामने आने के बाद से वह फरार है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि आरोपित पहले भी कई संदिग्ध और आपराधिक कृत्यों में शामिल रहा है। पुलिस ने आरोपित की तलाश में सर्च ऑपरेशन शुरू किया है।

# कोलकाता हाईकोर्ट ने नाबालकों को अग्रिम जमानत का अधिकार प्रदान किया

**कोलकाता, समाज्ञा :** देश में वयस्क अपराधियों को अदालत से अग्रिम जमानत लेने की अनुमति पहले से थी, लेकिन नाबालकों को यह सुविधा अब तक नहीं मिलती थी। शुक्रवार को कोलकाता हाईकोर्ट ने ऐतिहासिक निर्णय देते हुए स्पष्ट किया कि नाबालक भी अग्रिम जमानत ले सकते हैं। यह निर्णय भारत के किसी भी उच्च न्यायालय द्वारा पहले नहीं दिया गया है। न्यायाधीश जय सेनगुप्ता, न्यायाधीश तीर्थंकर घोष और न्यायाधीश विभास पट्टनायक की अध्यक्षता वाली विस्तृत पीठ ने नाबालकों के लिए कानून में नई राह खोल दी। रघुनाथगंज थाना



में दर्ज एक मामले में चार अभियुक्त नाबालक थे, जिनके खिलाफ 302 (हत्या) और 307 (हत्या का प्रयास) जैसी गंभीर धाराओं में आरोप लगाए गए थे। गिरफ्तारी के डर से उन्होंने अग्रिम जमानत की मांग की। कोर्ट ने पाया कि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 438 में कोई भी व्यक्ति शब्द शामिल है और नाबालकों के लिए कोई प्रतिबंध नहीं है।

कोर्ट ने यह भी कहा कि जुवेनाइल जस्टिस एक्ट, 2015 केवल गिरफ्तारी के बाद की प्रक्रिया बताता है, इसलिए गिरफ्तारी से पहले अग्रिम जमानत का अधिकार नाबालकों को भी है। न्यायाधीश विभास पट्टनायक ने अलग मत व्यक्त किया कि चूंकि बच्चों को गिरफ्तार नहीं किया जाता, केवल हिरासत में लिया जाता है, फिर भी अंततः पीठ ने फैसला सुनाया कि नाबालक भी अग्रिम जमानत प्राप्त कर सकते हैं। यह निर्णय पूरे देश में जुवेनाइल मामलों के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होगा।

## एसआईआर प्रक्रिया के बीच अभिषेक बनर्जी का उत्तर बंगाल दौरा

**'नवज्वार-2' कार्यक्रम नए स्वरूप में आने की संभावना**

**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी नवंबर के अंतिम सप्ताह में उत्तर बंगाल के दौरे पर जा रहे हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार, अभिषेक का कूचबिहार समेत उत्तर बंगाल के कई जिलों में कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम तय हैं।

इन दिनों पूरे राज्य में एसआईआर प्रक्रिया तेजी से जारी है। इसी संदर्भ में अभिषेक अपने दौरे के दौरान जिलों में तृणमूल के सभी शिविरों और कैंपों का निरीक्षण कर सकते हैं।

अभिषेक की यात्रा को लेकर सभी जिलों में ज़ोरदार तैयारी चल रही है। तृणमूल संगठन भी इस बात पर बारीकी से नज़र रख रहा है कि इस दौरे से क्या नया राजनीतिक संदेश



निकलता है और यह यात्रा उत्तर बंगाल की राजनीति में किस तरह का बदलाव ला सकती है।

इसी बीच यह भी चर्चा है कि तृणमूल का लोकप्रिय जनसंपर्क कार्यक्रम 'नवज्वार-2' इस बार नए और बदले हुए फॉर्मेट में सामने आ सकता है। अभिषेक का यह दौरा भी उसी संभावित बदलाव से जुड़ा माना जा रहा है।

## कैनिंग में 'बांग्ला मोदेर गर्व' सांस्कृतिक उत्सव शुरू

**कोलकाता :** दक्षिण 24 परगना जिले के कैनिंग उपखंड स्थित कैनिंग स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में तीन दिवसीय विशाल सांस्कृतिक महोत्सव 'बांग्ला मोदेर गर्व' (हमारा गौरव है बंगाल) का शानदार आगाज हो गया है। यह महोत्सव 14 नवंबर को शाम 4 बजे शुभ उद्घाटन के साथ शुरू हुआ और 16 नवंबर, 2025 तक चलेगा। दैनिक कार्यक्रम शाम 5 बजे से शुरू होंगे।

इस उत्सव में मेला, प्रदर्शनी और सांस्कृतिक समारोहों का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन 'विकास के पथ पर, लोगों के साथ' थीम पर आधारित एक विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई है।

उत्सव के उद्घाटन के अवसर पर मंच पर कई राजनीतिक और प्रशासनिक हस्तियां मौजूद थीं। इनमें दिलीप मंडल, राज्य मंत्री; नीलिमा मिस्त्री विशाल, सभाधिपति; प्रतिमा मंडल, जयनगर लोकसभा क्षेत्र की सांसद; परेश राम दास, कैनिंग पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक; नमिता



साहा, मगराहाट पूर्व की विधायक; गियास उद्दीन मोल्ला, मगराहाट पश्चिम के विधायक; अतिरिक्त जिला शासक (जिला परिषद); सभी कर्माध्यक्ष और अन्य गणमान्य अतिथिगण शामिल थे।

उद्घाटन दिवस, 14 नवंबर को, लोकप्रसार परियोजना के कलाकार प्रह्लाद मंडल ने बाउल गीत प्रस्तुत किए। स्थानीय कलाकारों में वेस्ट बेकन कलाकेंद्र और मेघमाला डांस एकेडमी द्वारा सामूहिक नृत्य और केंद्रीय नायक मंडली द्वारा व्रतचारी प्रस्तुत किया गया। आज के अतिथि कलाकारों में साहना बक्षी, सौमी भट्टाचार्य और अंकन कुमार शी शामिल थे।

यह उत्सव जिला सूचना एवं संस्कृति विभाग, दक्षिण 24 परगना द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसमें दक्षिण 24 परगना जिला प्रशासन और सूचना एवं संस्कृति विभाग, पश्चिम बंगाल सरकार का सहयोग प्राप्त है। इस महोत्सव में प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क है।

### मलबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने 'हंगर-फ्री वर्ल्ड' पहल को वैश्विक अभियान का रूप दिया

**कोलकाता :** दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी आभूषण विक्रेता और भारत में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अग्रणी समर्थकों में से एक, मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने अपनी प्रमुख पहल हंगर फ्री वर्ल्ड का इथियोपिया में विस्तार करने की घोषणा की है। भारत और ज़ाम्बिया में अपनी परिवर्तनकारी सफलता के बाद, यह पहल अब अफ्रीकी महाद्वीप में विकास के अपने अगले चरण में प्रवेश कर रही है। यह घोषणा दुबई गोल्ड सूक स्थित मालाबार इंटरनेशनल हब में आयोजित एक कार्यक्रम में की गई, जहां मालाबार समूह के उपाध्यक्ष अब्दुल सलाम के. पी. ने दुबई में इथियोपिया के महावाणिज्यदूत महामहिम असमेलाश बेकेले को आधिकारिक रूप से आशय पत्र सौंपा।

## बंगाल में अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान सामान्य से दो से तीन डिग्री रहेगा नीचे

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत मौसम विभाग (आईएमडी) ने अगले दो दिनों में राज्य के अधिकांश जिलों में न्यूनतम तापमान सामान्य से दो से तीन डिग्री सेल्सियस कम रहने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। आईएमडी ने इसके बाद तापमान बढ़ने की संभावना जताई है। आईएमडी ने एक बुलेटिन में कहा कि रविवार से बुधवार तक सुबह के समय कुछ स्थानों पर हल्का से मध्यम कोहरा छाया रहने की संभावना है। बुलेटिन में कहा गया है कि राज्य के कुछ स्थानों पर न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि होने की संभावना है। आईएमडी ने कहा कि इसी के साथ सभी जिलों में मुख्य रूप से मौसम शुष्क बना रहेगा। उत्तर बंगाल का पर्वतीय पर्यटन स्थल दार्जीलिंग



शुक्रवार को राज्य का सबसे सर्द स्थल रहा और यहां न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बुलेटिन के अनुसार, राज्य के मैदानी इलाकों में सबसे कम तापमान बीरभूम जिले के श्रीनिकेतन (13.2 डिग्री) में दर्ज किया गया। पुरुलिया में तापमान 13.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कोलकाता में न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री नीचे, 17.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## भगवामय हुआ बिहार, एनडीए की प्रचंड जीत का लड्डू बांटकर हुगली में जश्न

**हुगली :** बिहार में एनडीए की रिकॉर्ड तोड़ जीत के बाद पूरे देश में जश्न का माहौल है। इसी कड़ी में हुगली के विभिन्न इलाकों में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने विजय उत्सव मनाया। रिसड़ा नगर पालिका के वार्ड नंबर 10 स्थित भाजपा कार्यालय में पार्टी समर्थकों ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाए और राहगीरों में मिठाइया वितरित की। कार्यकर्ताओं ने इसे देश की जनता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नेतृत्व की जीत बताया। बैंडबाजे के साथ विजय जुलूस निकाली गई। रिसड़ा नगरपालिका के 10 नंबर वार्ड के भाजपा पार्षद मनोज सिंह ने कहा कि बिहार की यह जीत जनता के विश्वास और सुशासन की जीत है। उन्होंने कहा, जनता ने जंगल राज को नकार दिया है। आज युवा हो या वृद्ध सबकी पसंद भाजपा है क्योंकि भाजपा के पास विकास का मूल मंत्र है।



विपक्ष की ओर से लगाए गए वोट चोरी और ईवीएम संबंधी आरोपों को लेकर उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा, खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे। जनता को लोकतंत्र की ताकत का मतलब समझ आ गया है। उसे शिक्षा, रोजगार, अस्पताल और सुशासन चाहिए, कुशासन नहीं। उन्होंने आगे दावा किया कि 2026 में भाजपा पश्चिम बंगाल में भी सरकार बनाएगी। उनके अनुसार, राज्य में धर्मविरोधी और निरंकुश शासन के पतन का समय निकट है। तृणमूल कांग्रेस में खलबली मची हुई है। जब तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस या फिर अन्य पार्टियों की जीत होती है तब ईवीएम को दोषी नहीं ठहराया जाता। कहा कि एसआइआर संशोधन प्रक्रिया के वजह से फर्जी मतदाताओं को बाहर निकालने का काम हुआ है। अब तुष्टिकरण की राजनीति नहीं चलने वाली। बिहार की जनता ने करारा जबाब दिया है उसी तरह बंगाल की जनता भी माकूल जवाब देगी।

## जलपाईगुड़ी में एसआईआर के कथित आतंक से वृद्ध की मौत

**तृणमूल विधायक ने परिजनों से की मुलाकात**

**जलपाईगुड़ी :** राज्य में मतदाता सूची के विशेष इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच जलपाईगुड़ी जिले में एक वृद्ध का शव पेड़ से लटका मिला। पुलिस के अनुसार, राजगंज क्षेत्र का निवासी भुवन चंद्र राय (60) गुरुवार की रात से लापता थे और शुक्रवार की सुबह उनका शव पेड़ से लटका मिला। पुलिस ने बताया कि परिवार के अनुसार उनकी बेटी का नाम मतदाता सूची से गायब होने के बाद से वह मानसिक तनाव में थे। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या की आशंका व्यक्त की गई है, जबकि पुलिस ने मामले की जांच जारी रखी है। इधर, टीएमसी ने एक्स पर पोस्ट कर आरोप लगाया कि भुवन चंद्र राय की मौत कोई इत्तफाक



नहीं है, बल्कि एसआईआर प्रक्रिया की खामियों का परिणाम है। पार्टी का कहना है कि मृतक की बेटी को कभी एन्यूमरेशन फॉर्म नहीं मिला और इसी चिंता में उन्होंने अपनी जान दे दी। टीएमसी ने कहा कि यह मानव त्रासदी है, जिसे जल्दबाजी और राजनीतिक दबाव में लाए गए एसआईआर ने जन्म दिया है। राजगंज के विधायक खगेश्वर राय ने मृतक के घर पहुंचकर परिवार को सांत्वना दी।

# कार्तिक पूजा का गाइड मैप जारी, 85 पूजा समितियों को मिली अनुमति

**हुगली :** बांसबेड़िया, साहागंज, केउटा और झापपुकुर इलाके में होने वाली प्रसिद्ध कार्तिक पूजा को केंद्र में रखकर शुक्रवार को ऐतिहासिक हंसेश्वरी मंदिर परिसर में केंद्रीय कार्तिक पूजा समिति की ओर से गाइड मैप का औपचारिक प्रकाशन किया गया। चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट, हुगली जिला ग्रामीण पुलिस और बांसबेड़िया नगरपालिका के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में चिल्ड्रेन, वॉलंटियर और प्रेस कार्ड का भी उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में हुगली जिला ग्रामीण पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कल्याण सरकार, डीएसपी (क्राइम) अभिजीत सिन्हा महापात्र, विधायक तपन



दासगुप्ता, बांसबेड़िया नगरपालिका की वाईस चेयरमैन शिल्पी चटर्जी, सीआईसी तापस मुखर्जी सहित प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

अतिथि सम्मान और गाइड मैप अनावरण के बाद बाल दिवस के अवसर पर बच्चों को चिल्ड्रेन कार्ड और चॉकलेट वितरित किए गए। साथ ही वॉलंटियर और पत्रकारों के लिए विशेष कार्ड भी जारी किए गए। केंद्रीय समिति की ओर से बताया गया कि इस वर्ष कुल 85 कार्तिक पूजा आयोजित हो रही है, जिसमें मोगरा थाना क्षेत्र में 60 और चूचूड़ा थाना क्षेत्र में 25 पूजा है।

विधायक तपन दासगुप्ता ने कहा कि बांसबेड़िया में कार्तिक पूजा के चार दिनों में लाखों श्रद्धालु उमड़ते हैं। यहां केवल कार्तिक पूजा ही नहीं, विभिन्न देवी देवियों की आराधना भी की जाती है। उधर, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कल्याण सरकार ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार सुरक्षा और भी कड़ी की गई है। पूरे क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। रातभर नो-एंट्री व्यवस्था, महिला पुलिसकर्मी, पुलिस बूथ, बायो-टॉयलेट और सीसी कैमरों से निगरानी सहित कई विशेष कदम उठाए गए हैं। तीन दिन की पूजा के बाद चौथे दिन शाम से अगले दिन सुबह तक भव्य शोभायात्रा के साथ प्रतिमाओं का विसर्जन गंगा नदी में किया जाएगा।

## साइंस सिटी में 10वीं राज्य स्तरीय डाक टिकट प्रदर्शनी का आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** 10वीं राज्य स्तरीय डाक टिकट प्रदर्शनी का आयोजन शुक्रवार को महानगर के साइंस सिटी में पश्चिम बंगाल के डाक विभाग द्वारा किया गया। इस प्रदर्शनी का नाम बोंगोपेक्स-2025 दिया गया है। यह जानकारी भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने दी है। उद्घाटन समारोह में राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस, मुख्य पोस्टमास्टर जनरल अशोक कुमार (पश्चिम बंगाल, सिक्किम, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह), पद्मश्री से सम्मानित प्रख्यात नृत्यांगना ममता शंकर, नेताजी अनुसंधान ब्यूरो के निदेशक डॉ. सुमंत्र बोस, भारतीय फिलैटेलिक कांग्रेस के महासचिव राजेश बागड़ी, पीसीआई के कार्यवाहक अध्यक्ष मधुकर देवगांवकर और कई अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। छह वर्षों के बाद इस राज्य स्तरीय प्रदर्शनी की वापसी, बोंगोपेक्स-2025, डाक टिकटों के माध्यम से कला, इतिहास और विरासत का जश्न मनाने के लिए की गई




है। यह प्रदर्शनी 17 नवंबर तक चलेगी। इस प्रदर्शनी में बंगाल के बौद्धिक और सांस्कृतिक योगदान को उजागर करते हुए दुर्लभ संग्रह, विषयगत प्रदर्शनियां और अनुक्रमित प्रदर्शनियां प्रदर्शित की जाएंगी। इस अवसर पर, राज्यपाल ने अपनी मां की स्मृति में 'पद्मावती पुरस्कार' की घोषणा की। यह पुरस्कार तीन प्रतिष्ठित डाक टिकट संग्रहकर्ताओं को प्रदान किया जाएगा, जिसमें एक प्रमाण पत्र, एक ट्रॉफी और क्रमशः एक लाख, 50 हजार और 25 हजार का नकद पुरस्कार शामिल है। मुख्य पोस्टमास्टर जनरल अशोक कुमार ने डाक टिकट संग्रह के महत्व और लोक नीति, शिक्षा एवं अनुसंधान के साथ इसके गहरे संबंध पर प्रकाश डाला। इस मौके पर, बंगाली विरासत से जुड़ी कई स्मारक वस्तुएं जारी की गईं – जिनमें नेताजी की मंडला जेल दुर्गा पूजा (1925) पर एक विशेष आवरण, प्रसिद्ध बंगाली फिल्म निर्देशकों पर एक विशेष आवरण और सुकुमार रे की आबोल-ताबोल रचना पर आधारित आठ चित्र पोस्टकार्ड शामिल रहे।

### कैखाली में बच्चे को बचाने में गई मां की जान

**कोलकाता, समाज्ञा :** मां ने बच्चे को ट्रक के नीचे आने से तो बचा लिया लेकिन ट्रक से कुचलकर उसकी दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा गत गुरुवार की रात कैखाली एयरपोर्ट लेन पर हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पता चला है कि मृतका का नाम पूजा मंडल है। वह हतियारा के झीलबागान की निवासी है। वह अपने पति और बच्चों के साथ रहती थी। गुरुवार की रात दंपति अपने बच्चे के साथ स्कूटी पर निकले थे। कैखाली से हल्दीराम जाते समय स्कूटी का नियंत्रण खो गया। वे तीनों सड़क पर गिर गए। महिला ने अपने बच्चे को गोद में लेकर सड़क पर गिर गई। इस बीच ट्रक व्यस्त सड़क पर तेज गति से जा रहा था। अचानक पूजा ने देखा कि एक 10-पहिया ट्रक तेज गति से उसकी ओर आ रहा है। उसने तुरंत अपनी बुद्धि का इस्तेमाल किया।

# बिहार में राजग की भारी जीत की असली निर्णायक शक्ति बनी महिलाएं



**पटना :** बिहार विधानसभा चुनाव में महिलाओं ने पुरुषों की तुलना में अधिक मतदान कर न सिर्फ एक नई मिसाल कायम की, बल्कि शुक्रवार को घोषित नतीजों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की प्रचंड जीत के पीछे एक निर्णायक कारक भी बनकर उभरीं। निर्वाचन आयोग के अनुसार, हालिया विधानसभा चुनाव वाले सात जिलों में महिला मतदाताओं का मतदान प्रतिशत पुरुषों से 14 अंक अधिक रहा, जबकि 10 जिलों में यह अंतर 10 प्रतिशत अंक से ऊपर था। राजग की जीत स्पष्ट होते ही राज्यभर में महिलाएं गाते-बजाते, गुलाल उड़ाते जश्न मनाती नजर आईं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महिला कार्यकर्ता ने उत्साह में गीत गाया, अरे हम बिहारी हैं जी, बहुत संस्कारी हैं जी, हम सबसे भारी नारी हैं जी। एक अन्य महिला से जब पूछा गया कि उन्होंने राजग को वोट क्यों दिया, तो वह गुनगुनाईं, हमरा के दिहलके राशन-पानी रोड-पुलिया-क्योंकि जिन्होंने जीवन की बुनियादी सुविधाएं दीं, उन्हें ही वोट मिला। राजग के एक नेता ने कहा कि महिला मतदाताओं का यह अभूतपूर्व समर्थन मुख्य रूप से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जाता है, जिनकी दो दशक लंबी शासन शैली ने एक मजबूत, जाति-रेखा से परे महिला वोट बैंक तैयार किया है। चुनाव से ठीक पहले नीतीश सरकार ने जीविका दीदियों के खातों में 10,000 रुपए भेजे और सफल उद्यमों के लिए अतिरिक्त दो लाख रुपए देने का वादा किया। कुल 1.21 करोड़ महिलाओं को यह सहायता दी गई। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) नेताओं के अनुसार, 2016 की शराबबंदी नीति भी महिलाओं के बीच अत्यंत लोकप्रिय रही-विशेषकर उन गरीब परिवारों में जो शराबजनित घरेलू हिंसा से प्रभावित थे।



दिल्ली भाजपा मुख्यालय में बिहार चुनाव जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते अमित शाह, जे.पी. नड्डा और राजनाथ सिंह।

## न्यूज इन ब्रीफ

### प्रधानमंत्री मोदी ने उपचुनावों में भाजपा की जीत पर मतदाताओं का आभार जताया

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को विधानसभा उपचुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के लिए जम्मू-कश्मीर और ओडिशा के मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''मैं जम्मू-कश्मीर के नगरोटा और ओडिशा के नुआपाड़ा के लोगों को उपचुनावों में भाजपा को शानदार जीत दिलाने के लिए धन्यवाद देता हूं।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''नवनिर्वाचित विधायक देवयानी राणा जी और जय ढोलकिया जी को बधाई। जनता की सेवा के लिए उन्हें शुभकामनाएं। इन जीतों को सुनिश्चित करने के लिए चौबीसों घंटे काम करने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई।'' देवयानी राणा ने नगरोटा उपचुनाव जीता। उनके पिता देवेंद्र सिंह राणा के निधन के कारण यहां उपचुनाव हुआ था। ओडिशा के नुआपाड़ा में भाजपा के जय ढोलकिया ने कांग्रेस के घासी राम माझी को 83,748 मतों के भारी अंतर से हराया।

### बिहार ने 'जंगल राज' की जगह 'विकास राज' को चुना: एकनाथ शिंदे

**मुंबई :** बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के शानदार जीत की ओर बढ़ने के बीच, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को कहा कि इस राज्य के लोगों ने ''विकास राज'' को अपनाया और ''जंगल राज'' को खारिज कर दिया। महाराष्ट्र के एक और उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने भी मतगणना में राजग की बढ़त की सराहना करते हुए कहा कि बिहार ने सुशासन और प्रगतिशील भविष्य के लिए मतदान किया।

### मोहम्मद शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शहाब रघुनाथपुर सीट से जीते

**पटना :** मोहम्मद शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शहाब ने बिहार की रघुनाथपुर विधानसभा सीट पर जीत हासिल की है। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के अनुसार, राजद उम्मीदवार ओसामा शहाब ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी, जदयू के विकास कुमार सिंह को 9,248 मतों के अंतर से हराया। शहाब को 88,278 वोट मिले, जबकि सिंह को 79,030 वोट मिले।

### बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा लखीसराय सीट से 24,940 मतों से जीते

**पटना :** बिहार के उपमुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता विजय कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को लखीसराय सीट पर 24,940 मतों से जीत दर्ज की। निर्वाचन आयोग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, सिन्हा ने कांग्रेस के अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी अमरेश कुमार को हराया। विजय कुमार सिन्हा को 1,22,408 वोट मिले, जबकि अमरेश कुमार को 97,468 वोट मिले। जन सुराज पार्टी के उम्मीदवार सूरज कुमार 8,722 वोट पाकर तीसरे स्थान पर रहे।

## बिहार के मुख्यमंत्री बने रहेंगे नीतीश कुमार: चिराग पासवान



**पटना :** बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) गठबंधन को मिल रही भारी बढ़त के बीच, लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि नीतीश कुमार ही राज्य के मुख्यमंत्री बने रहेंगे। पासवान ने महागठबंधन की करारी हार के लिए तेजस्वी यादव और राहुल गांधी के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन के अहंकार को जिम्मेदार ठहराया एवं कहा कि राजग की एकजुटता में जनता के विश्वास ने इस गठबंधन को प्रचंड जीत दिलाई है। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा, मुझे पूरा भरोसा है कि नीतीश कुमार ही बिहार के मुख्यमंत्री रहेंगे। विपक्ष की शर्मनाक हार का कारण उनका अहंकार है, यही उनके पतन की एकमात्र वजह बनी। पासवान ने कहा, हमारी भारी जीत केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्य में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई वाले डबल इंजन की सरकार की मजबूती का परिणाम है। बिहार की जनता ने राजग साझेदारों की एकता पर पूरा विश्वास जताया है, जिसने हमें यह विजय दिलाई है। ताज़ा जानकारी के अनुसार, पासवान की लोजपा (रामविलास) ने 29 में से दो सीट जीत ली हैं और 17 पर आगे चल रही है। इनमें से 17 सीट 2020 के चुनाव में महागठबंधन के पास थीं, जिनके इस बार राजग की झोली में जाने से सत्तारूढ़ गठबंधन को 200 के पार पहुंचाने में अहम साबित हुई हैं।



बिहार परिणामों के बाद पटना में आरजेडी कार्यकर्ताओं का जश्न।





बिहार चुनाव में एनडीए की बढ़त का जश्न मनाते जेडीयू कार्यकर्ता- मोदी और नीतीश की तस्वीरों के साथ खुशी का माहौल।

### महुआ में लालू के बड़े बेटे तेज प्रताप तीसरे स्थान पर, लोजपा (आरवी) के उम्मीदवार को जीत



**पटना :** बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद के बड़े बेटे और जनशक्ति जनता दल के प्रमुख तेज प्रताप यादव शुक्रवार को महुआ विधानसभा सीट पर तीसरे स्थान पर रहे, जहां लोजपा (राम विलास) के उम्मीदवार संजय कुमार सिंह ने राजद के मुकेश कुमार रौशन को 44,997 मतों से हराकर जीत दर्ज की। निर्वाचन आयोग के अनुसार, तेज प्रताप को 35,703 वोट मिले। विजेता संजय कुमार सिंह को 87,641 वोट मिले, जबकि रौशन को 42,644 मत प्राप्त हुए। तेज प्रताप ने हाल में अपने पिता द्वारा राजद से निष्कासित किए जाने के बाद नई राजनीतिक पार्टी बनाई थी। तेज प्रताप को 25 मई को राजद से छह वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया गया था। उससे एक दिन पहले उन्होंने कथित तौर पर एक महिला के साथ रिश्ते में होने की बात स्वीकार की थी। बाद में उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट हटा दिया और दावा किया कि उनका अकाउंट हैक किया गया था। लालू प्रसाद ने भी तेज प्रताप के गैरजिम्मेदाराना व्यवहार को लेकर उनसे सार्वजनिक रूप से दूरी बना ली थी।





बिहार विजय के बाद चंडीगढ़ भाजपा कार्यालय में खुशी का माहौल।

## बिहार चुनाव में बेअसर रही राहुल की 'वोटर अधिकार यात्रा'



**नयी दिल्ली :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा बिहार विधानसभा चुनाव से कुछ सप्ताह पहले निकाली गई 'वोटर अधिकार यात्रा' बेअसर साबित हुई है क्योंकि यह यात्रा जिन क्षेत्रों से होकर गुजरी वहां भी प्रदेश के अन्य हिस्सों की तरह महागठबंधन का सूपड़ा साफ हो गया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की अगुवाई में बीते 17 अगस्त को रोहतास जिले के सासाराम से शुरू हुई यह यात्रा कथित वोट चोरी और मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ थी। यह यात्रा रोहतास, औरंगाबाद, गयाजी, नवादा, शेखपुरा, नालंदा, लखीसराय, मुंगेर, कटिहार, पूर्णिया, सुपौल, मधुबनी, दरभंगा, मुजफ्फरपुर सीतामढ़ी, पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, भोजपुर और कुछ अन्य क्षेत्रों से गुजरी थी। यात्रा की शुरुआत जिस सासाराम में हुई थी, वहां महागठबंधन को हार का सामना करना पड़ा। सासाराम विधानसभा क्षेत्र में राष्ट्रीय लोक मोर्चा की स्नेहलता ने राष्ट्रीय जनता दल के उम्मीदवार सतेंद्र शाह को पराजित किया। रोहतास जिले के बाद इस यात्रा का दूसरा प्रमुख पड़ाव औरंगाबाद जिला था। यहां पर भी महागठबंधन को निराशा हाथ लगी और स्थिति यह रही कि जिले की कुटुंबा विधानसभा सीट पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश कुमार राम को भी हार का सामना करना पड़ा।

### बिहार विधानसभा चुनाव : एआईएमआईएम ने पांच सीटें जीतीं

**पटना :** असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व वाली ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने शुक्रवार को बिहार विधानसभा चुनाव में पांच सीट पर जीत दर्ज की। निर्वाचन आयोग ने यह जानकारी दी। मुस्लिम बहुल सीमांचल क्षेत्र में खासा प्रभाव रखने वाली इस पार्टी ने 243 विधानसभा सीटों में से 29 पर चुनाव लड़ा। जिन सीटों पर उसने चुनाव लड़ा, उनमें से 24 सीट सीमांचल क्षेत्र की हैं। एआईएमआईएम के अख्तरुल ईमान ने अमौर सीट पर 38,928 मतों से जीत दर्ज की। उन्हें 1,00,836 वोट मिले।

## हत्या के मामले में गिरफ्तार जदयू नेता अनंत सिंह ने मोकामा सीट जीती



**पटना :** हत्या के एक मामले में जेल में बंद अपराधी से नेता बने अनंत कुमार सिंह ने शुक्रवार को बिहार की मोकामा विधानसभा सीट पर जीत दर्ज की। निर्वाचन आयोग ने यह जानकारी दी। जन सुराज पार्टी के समर्थक दुलार चंद यादव की हत्या के आरोप में गिरफ्तार जनता दल यूनाइटेड (जदयू) उम्मीदवार सिंह ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रत्याशी वीणा सिंह को 28,206 मतों से हराया। यह जानकारी निर्वाचन आयोग के आधिकारिक आंकड़ों से प्राप्त हुई। सिंह को कुल 91,416 वोट मिले, जबकि राजद उम्मीदवार को 63,210 वोट प्राप्त हुए। चुनाव प्रचार के दौरान हुई इस हत्या ने राज्य की राजनीति में हलचल मचा दी थी और मतदान से कुछ दिन पहले ही अनंत सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया था। मोकामा सीट 1990 से सिंह के परिवार के प्रभाव में रही है, चाहे उनकी पार्टी संबद्धता कुछ भी रही हो। केवल एक संक्षिप्त अवधि को छोड़कर यह सीट लगातार उनके परिवार के पास रही है। अनंत सिंह को 2022 में यूएपीए मामले में दोषसिद्धि के बाद विधानसभा सदस्यता के लिए अयोग्य ठहराए जाने पर उन्होंने यह सीट अपनी पत्नी नीलम देवी को सौंप दी थी। हाल ही में पटना उच्च न्यायालय ने उन्हें इस मामले में बरी कर दिया।

## राजग की बिहार में जीत हमारी नीतियों की पुष्टि है: हिमंत





**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि बिहार चुनाव में राजग का शानदार प्रदर्शन पूर्वोत्तर राज्य में उनकी सरकार की नीतियों की ''बड़ी पुष्टि'' है। निर्वाचन आयोग के अनुसार, बिहार विधानसभा चुनाव में राजग 243 में से 200 से अधिक सीट पर बढ़त बनाते हुए भारी जीत दर्ज करने की ओर अग्रसर है। भाजपा लगभग 90 प्रतिशत 'स्ट्राइक रेट' के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। शर्मा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मैं बिहार की जनता के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ कि उसने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को ऐतिहासिक जनादेश दिया। यह हमारी नीतियों का एक बड़ा समर्थन है जो विकास को बढ़ावा देती हैं और साथ ही हमारी विरासत की रक्षा भी करती हैं।'' उन्होंने राजग के घटक दलों और कार्यकर्ताओं को इस प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए कहा, ''माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में हमारी 'डबल इंजन' सरकार के नेतृत्व में, बिहार में प्रगति का एक नया युग शुरू हो रहा है।'' शर्मा ने यह भी कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी भाजपा और उसके सहयोगी दलों के लिए कोई चुनौती नहीं हैं। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष भाजपा के लिए ''स्टार प्रचारक'' हैं।

## भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव को छपरा सीट पर मिली हार

### भाजपा की छोटी कुमारी ने 7600 वोटों से दी मात





**पटना :** विधानसभा चुनाव में एनडीए की आंधी चली है। प्रदेश में सत्ताधारी एनडीए के सामने महागठबंधन टिक नहीं पाया। वैसे तो हर सीट महत्वपूर्ण है, लेकिन कुछ विधानसभा सीटें ऐसी हैं जिनकी चर्चा बिहार ही नहीं, बल्कि बिहार के बाहर भी हो रही है। छपरा विधानसभा सीट उनमें से ही एक है। छपरा से राष्ट्रीय जनता दल (ठगऊ) ने भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव को अपना उम्मीदवार बनाया था। खेसारी के आने से यह सीट और ज्यादा चर्चा में आ गई थी। एनडीए में यह सीट बीजेपी के हिस्से में आई है, जहां पार्टी ने छोटी कुमारी को मैदान में उतारा है। छोटी कुमारी ने कड़े मुकाबरे में खेसारी लाल यादव को 7600 वोटों से हरा दिया है।

## पहले चुनाव में प्रशांत किशोर 'अर्श' नहीं, 'फर्श' पर रहे



**पटना :** देश के कई राजनीतिक दलों की सफलता में भूमिका अदा करने वाले मशहूर चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर अपने पहले चुनाव में पूरी तरह नाकाम रहे और उन्हें एक भी सीट हासिल नहीं हुई। वैसे, बिहार विधानसभा चुनाव से पहले उन्होंने कई बार यह कहा था कि उनकी जन सुराज पार्टी ''अर्श'' पर रहेगी या फर्श पर रहेगी। उनका यह बयान उनके लिए कड़वी हकीकत बन गया। बिहार विधानसभा चुनाव में किशोर ने दो बड़े दावे किए थे। उनका दावा था कि जन सुराज अर्श पर या फ़र्श पर'' रहेगी। वहीं, उन्होंने जद (यू) को लेकर भविष्यवाणी की थी कि नीतीश कुमार की पार्टी 25 सीटें से ज्यादा नहीं जीतेगी। किशोर की अपनी पार्टी के लिए राह बेहद कठिन साबित हुई। जन सुराज पार्टी एक भी सीट नहीं जीत सकी। अधिकतर सीटों पर जन सुराज प्रत्याशियों की ज़मानत ज़ब्त होती नजर आ रही है। बिहार में 47 वर्षीय किशोर ने करीब एक साल पहले बिहार भर में महीनों तक चली पदयात्रा के बाद अपनी पार्टी की शुरुआत बड़े जोर-शोर से की थी। हालांकि, किशोर को पिछले साल लोकसभा चुनाव में भाजपा के 300 पार जाने का गलत अनुमान लगाने के लिए आलोचना झेलनी पड़ी थी, लेकिन वह लगातार यह कहते रहे हैं कि भारत जैसे देश में, जहां बड़ी आबादी आजीविका के लिए संघर्ष करती है, वहां विपक्ष के लिए हमेशा स्थान रहेगा। चुनाव प्रबंधन एजेंसी 'आई-पैक' संस्थापक का यह विश्लेषण कि विपक्ष नहीं, विपक्ष की पार्टियां कमजोर हैं, भारतीय राजनीति में उनकी समझ को दर्शाता है। किशोर की रणनीतिक क्षमता से नरेंद्र मोदी, नीतीश कुमार, ममता बनर्जी, अरविंद केजरीवाल, जगन मोहन रेड्डी, उद्धव ठाकरे और एम.के. स्टालिन जैसे नेता लाभान्वित हुए हैं। हालांकि, उनके सभी अभियान सफल नहीं रहे। बिहार में महागठबंधन की करारी हार के बाद किशोर और उनकी जन सुराज पार्टी के लिए अब भी राजनीति में संभावनाओं का नया मैदान खुला है।

## बिहार में राजग की जीत 'ऐतिहासिक', डबल इंजन सरकार की कल्याणकारी नीतियों पर 'विश्वास की मुहर': नड्डा



**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने शुक्रवार को बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की जीत को 'ऐतिहासिक' बताया और कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की 'डबल इंजन' सरकार की विकासोन्मुखी और कल्याणकारी नीतियों के प्रति विश्वास की मुहर है। नड्डा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि चुनाव में राजग को मिला 'प्रचंड बहुमत' इस बात का भी प्रमाण है कि बिहार की जनता ने महागठबंधन के 'जंगल राज' व भ्रष्टाचार को पूरी तरह से नकार दिया और सत्तारूढ़ गठबंधन के 'सुशासन, स्थिरता और विकास' के आयामों को अपनाया।

### तेजस्वी यादव ने 14,532 वोटों से चुनाव जीतकर राघोपुर सीट बरकरार रखी

**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता और 'इंडिया' गठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को विधानसभा चुनाव जीतकर राघोपुर विधानसभा सीट अपने पास बनाये रखी। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार सतीश कुमार को 14,532 मतों से पराजित किया। निर्वाचन आयोग के मुताबिक, यादव को कुल 1,18,597 वोट मिले, जबकि कुमार को 1,04,065 मत प्राप्त हुए। निर्दलीय उम्मीदवार बलिराम सिंह 3,086 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। तेजस्वी यादव पिछले 10 वर्षों से राघोपुर सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इससे पहले भी उन्होंने 2015 और 2020 दोनों विधानसभा चुनावों में सतीश कुमार को हराया था।

## तेजस्वी जीते तो तेजप्रताप की हार, सम्राट-अनंत सिंह-मंगल पांडे जीते; मैथिली का चला जादू

**पटना :** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के परिणाम आज घोषित हो गए। राज्य की 243 विधानसभा सीटों के लिए मतगणना सुबह 8 बजे शुरू हुई। इस चुनाव में कई दिग्गज नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर लगी थी। राघोपुर से तेजस्वी यादव, तारापुर से सम्राट चौधरी, महुआ से तेज प्रताप यादव और लखीसराय से विजय कुमार सिन्हा जैसी सीटों पर सबकी निगाहें टिकी रहीं। कई सीटों पर आखिरी समय तक परिणाम ने धड़कनें बढ़ा दी थीं।

| क्रम संख्या | विधानसभा क्षेत्र | प्रत्याशी का नाम | पार्टी | रुझान/परिणाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राघोपुर | तेजस्वी यादव | राजद | जीते |
| 2 | तारापुर | सम्राट चौधरी | भाजपा | जीते |
| 3 | लखीसराय | विजय कुमार सिन्हा | भाजपा | जीते |
| 4 | मोकामा | अनंत सिंह | जदयू | जीते |
| 5 | महुआ | तेज प्रताप यादव | जनशक्ति जनता दल | हारे |
| 6 | जाले | जीवेश कुमार मिश्रा | भाजपा | जीते |
| 7 | अलीनगर | मैथिली ठाकुर | भाजपा | जीते |
| 8 | सरायरंजन | विजय कुमार चौधरी | जदयू | जीते |
| 9 | रघुनाथपुर | ओसामा शहाब | राजद | जीते |
| 10 | सीवान | मंगल पांडेय | भाजपा | जीते |
| 11 | छपरा | खेसारी लाल यादव | राजद | हारे |
| 12 | गरखा | सीमांत मृणाल | एलजेपी (आर) | हारे |
| 13 | दानापुर | रामकृपाल यादव | भाजपा | जीते |
| 14 | जोकीहाट | शाहनवाज आलम | राजद | हारे |
| 15 | कटिहार | तारकिशोर प्रसाद | भाजपा | जीते |
| 16 | सुपौल | विजेंद्र प्रसाद यादव | जदयू | जीते |
| 17 | झंझारपुर | नीतीश मिश्रा | भाजपा | जीते |
| 18 | कुटुंबा | राजेश कुमार | कांग्रेस | हारे |
| 19 | अमौर | सबा जफर | जदयू | हारे |
| 20 | रुपौली | बीमा भारती | राजद | हारे |
| 21 | नबीनगर | चेतन आनंद | जदयू | जीते |
| 22 | जमुई | श्रेयसी सिंह | भाजपा | जीतीं |

## न्यूज इन ब्रीफ

### झारखंड: आईएमडी ने 17 नवंबर तक 11 जिलों के लिए शीतलहर की चेतावनी जारी की

**रांची:** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को झारखंड के रांची समेत 11 जिलों के लिए 17 नवंबर तक शीतलहर की चेतावनी जारी की। आईएमडी ने गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, खूंटी, रामगढ़, रांची और हजारीबाग के लिए 14 नवंबर सुबह 8:30 बजे से 17 नवंबर सुबह 8:30 बजे तक 'येलो अलर्ट' जारी किया। आईएमडी के रांची स्थित कार्यालय के उप-निदेशक और मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया, इन 11 जिलों में अगले तीन दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो-तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने का अनुमान है, जिससे तापमान 10 डिग्री सेल्सियस तक नीचे जा सकता है।

### असम से 10 रोहिंग्याओं और छह बांग्लादेशियों को वापस खदेड़ा गया

**गुवाहाटी:** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि 10 रोहिंग्याओं समेत 16 घुसपैठियों को राज्य से वापस खदेड़ दिया गया। मुख्यमंत्री ने सीमाओं की सुरक्षा के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में हॉलीवुड फिल्म का संदर्भ देते हुए कहा, 'मिशन इम्पॉसिबल के दृश्यों की तरह एक और अभियान के दौरान छह बांग्लादेशी नागरिकों और 10 रोहिंग्याओं को गेट 39 से देर रात साढ़े 12 बजे वापस भेज दिया गया।'' उन्होंने कहा, 'असम की सीमाएं सुरक्षित हैं, हमारी टीम सतर्क है।' हालांकि, शर्मा ने यह नहीं बताया कि घुसपैठियों को किस जिले से वापस खदेड़ा गया।

### दिल्ली के द्वारका में अवैध रूप से रह रहे 23 विदेशी नागरिकों को वापस भेजने का आदेश

**नयी दिल्ली:** दिल्ली पुलिस ने बृहस्पतिवार को द्वारका में कथित तौर पर अवैध रूप से ठहरे 23 विदेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है और उनके निर्वासन की प्रक्रिया शुरू करने के आदेश दिए गए हैं। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, जिले में उन विदेशी नागरिकों की पहचान के लिए जांच को तेज किया गया, जो अपने वीजा की अवधि से अधिक समय तक देश में रुके हुए हैं या वैध दस्तावेज के बिना भारत में रह रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि एक महीने तक चले इस अभियान के दौरान बिंदापुर, डाबरी और मोहन गार्डन पुलिस थानों की टीमों ने 23 विदेशी नागरिकों को हिरासत में लिया। इन 23 लोगों में से 15 नाइजीरिया, चार सेनेगल, दो आइवरी कोस्ट, एक तंजानिया और एक लाइबेरिया का रहने वाला हैं।

### पद्मश्री से सम्मानित 'सालूमरदा' थिमक्का का 114 वर्ष की आयु में निधन



**बेंगलुरु:** पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित और पर्यावरणविद् 'सालूमरदा' थिमक्का का शुक्रवार को यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि 114 वर्षीय थिमक्का काफी समय से बीमार थीं और अस्पताल में भर्ती थीं, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। तीस जून, 1911 को जन्मीं थिमक्का को बेंगलुरु दक्षिण जिला मुख्यालय रामनगर में हुलिकल व कुदुर के बीच 4.5 किलोमीटर के क्षेत्र में 385 बरगद के पेड़ लगाने के लिए 'सालूमरदा' (वृक्ष माता) की उपाधि दी गई। बिना किसी औपचारिक शिक्षा के थिमक्का ने वृक्षारोपण अभियान शुरू किया। वह पेड़ों को अपने बच्चों की तरह मानती थीं ताकि जीवन में निःसंतानता के कारण आए खालीपन को भर सकें।

# आज गुजरात में बुलेट ट्रेन परियोजना की प्रगति की समीक्षा करेंगे प्रधानमंत्री मोदी



**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना की प्रगति की समीक्षा के लिए गुजरात का दौरा करेंगे। वह सूरत में निर्माणाधीन बुलेट ट्रेन स्टेशन का दौरा करेंगे और मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर (एमएएचएसआर) की प्रगति की समीक्षा करेंगे। यह भारत की सबसे महत्वाकांक्षी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में से एक है और देश के हाई-स्पीड कनेक्टिविटी के युग में प्रवेश का प्रतीक है। एमएएचएसआर लगभग 508 किलोमीटर लंबा है, जिसमें 352 किलोमीटर हिस्सा गुजरात और दादरा एवं नगर हवेली में और 156 किलोमीटर महाराष्ट्र में है। यह कॉरिडोर साबरमती, अहमदाबाद, आणंद, वडोदरा, भरूच, सूरत, बिलिमोरा, वापी, बोईसर, विरार, ठाणे और मुंबई सहित प्रमुख शहरों को जोड़ेगा, जो भारत के परिवहन बुनियादी ढांचे में एक परिवर्तनकारी कदम है। अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उन्नत इंजीनियरिंग तकनीकों से निर्मित इस परियोजना में 465 किलोमीटर (मार्ग का लगभग 85 प्रतिशत) वायडक्ट पर है, जिससे न्यूनतम भूमि व्यवधान और बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित होती है। अब तक, पुल का 326 किलोमीटर का काम पूरा हो चुका है और 25 में से 17 नदी पुलों का निर्माण हो चुका है। यह परियोजना पूरी होने पर मुंबई और अहमदाबाद के बीच यात्रा के समय को काफी कम कर देगी।

### प्रधानमंत्री जनजातीय गौरव दिवस पर गुजरात में 9,700 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे

**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज 'जनजातीय गौरव दिवस' मनाने और भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती समारोह में भाग लेने के लिए गुजरात का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि मोदी नर्मदा जिले में 9,700 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे, जिसमें आदिवासी कल्याण, बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और विरासत पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। बयान के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी अपराह्न करीब 12:45 बजे नर्मदा जिले के देवमोगरा मंदिर में पूजा और दर्शन करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री अपराह्न करीब 2:45 बजे डेडियापाड़ा पहुंचेंगे, जहां वह एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे, परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे और सभा को संबोधित करेंगे। बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री मोदी ग्रामीण और दूरदराज के आदिवासी क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे में सुधार के उद्देश्य से कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसमें प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीए-जगुआ) के तहत निर्मित एक लाख घरों का गृह प्रवेश शामिल है।

## नौपाड़ा विधानसभा सीट: भाजपा ने 80,000 से अधिक मतों से जीत हासिल की



**नौपाड़ा:** ओडिशा की नौपाड़ा विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार जय ढोलकिया ने शुक्रवार को 83,748 मतों से जीत हासिल की। निर्वाचन अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस दूसरे स्थान पर रही जबकि राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी बीजू जनता दल (बीजद) तीसरे स्थान पर रही। ढोलकिया को 1,23,869 मत मिले जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी व कांग्रेस उम्मीदवार घासीराम माझी को 40,121 मत मिले। बीजद की स्नेहांगिनी छुरिया को 38,408 मत मिले। निर्वाचन आयोग ने हालांकि अब तक अपनी वेबसाइट पर परिणाम अद्यतन नहीं किए हैं। जय, बीजद के दिवंगत विधायक राजेंद्र ढोलकिया के बेटे हैं। राजेंद्र के निधन के कारण उपचुनाव हुआ था। पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव के बाद राज्य में पहली बार हुए इस उपचुनाव के नतीजे भाजपा के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन साबित होंगे। इसे मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के लिए भी प्रतिष्ठा की लड़ाई माना जा रहा था, जिन्होंने चुनाव से पहले कम से कम छह बार नौपाड़ा का दौरा किया था। इस चुनाव में कांग्रेस का दूसरा स्थान हासिल करना इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि वह राज्य में मुख्य विपक्षी दल के रूप में बीजद की जगह लेने की कोशिश कर रही है। पिछले साल हुए विधानसभा चुनावों में सत्ता गंवाने वाली बीजद के लिए यह हार उसके मनोबल को और भी कमज़ोर करेगी। इस उपचुनाव में 83.45 प्रतिशत मतदान हुआ, जो देश में हुए आठ उपचुनावों में सबसे ज्यादा है। अधिकारियों के मुताबिक, 11 नवंबर को हुए इस उपचुनाव में 14 उम्मीदवार मैदान में थे।

### ईडी के समन पर पेश नहीं हुए अनिल अंबानी, एजेंसी ने 17 नवंबर के लिए नया नोटिस जारी किया

नयी दिल्ली, 14 नवंबर (भाषा) रिलायंस समूह के चेयरमैन अनिल अंबानी फेमा मामले में शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश नहीं हुए, जिसके बाद एजेंसी ने उन्हें 17 नवंबर के लिए नया नोटिस जारी किया। ईडी सूत्रों ने बताया कि एजेंसी ने अंबानी के शुक्रवार को ''डिजिटल माध्यम'' से हाजिर होने की पेशकश को अस्वीकार कर दिया। कारोबारी अनिल अंबानी (66) के एक प्रवक्ता द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि उन्होंने संघीय जांच एजेंसी को पत्र लिखकर विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत की जा रही जांच में ''पूर्ण सहयोग'' का आश्वासन दिया है। यह जांच जयपुर-रींगस राजमार्ग परियोजना से संबंधित है। हाल ही में धन शोधन निरोधक कानून के तहत अंबानी और उनकी कंपनियों की 7,500 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क करने के बाद ईडी ने एक बयान में कहा था कि आर-इंफ्रा के खिलाफ (फेमा के तहत की गई) तलाशी कार्रवाई में पाया गया कि राजमार्ग परियोजना में कथित तौर पर 40 करोड़ रुपये की ''हेराफेरी'' की

## वाराणसी में गंगा नदी पर एनएसजी ने क्रूज में किया आतंकवाद विरोधी अभ्यास



**नयी दिल्ली:** राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के कमांडो ने अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश के वाराणसी में गंगा नदी पर शुक्रवार को एक 'क्रूज जहाज' पर आतंकवाद विरोधी अभ्यास किया। यहां एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया कि अभ्यास में एनएसजी टीम के साथ उत्तर प्रदेश पुलिस के कमांडो के अलावा भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के अधिकारी भी शामिल हुए। अधिकारियों के अनुसार, 'ऑपरेशन गंगा गार्ड' नाम से रविदास घाट पर किए गए इस अभ्यास का उद्देश्य 'अपने अंतर्देशीय जलमार्गों और नदी क्रूज उद्योग के लिए बढ़ते खतरे से निपटने के लिए क्षमताओं को परखना है।' इस अभ्यास में एक 'क्रूज' को आतंकवादियों द्वारा घेरे जाने, बंधकों और इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) से लैस होना माना गया। एनएसजी के 'ब्लैक कैट' कमांडो भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के एक हेलिकॉप्टर से जहाज पर उतरे। स्पीडबोट पर सवार एनएसजी के गोताखोर और हमलावर दल भी इस अभ्यास में शामिल हुए।

## पीएम मोदी ने जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों की विरासत को दी राष्ट्रीय पहचान

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देशभर में जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान देने की व्यापक पहल शुरू हुई है। जिन नायकों की गाथाएँ लंबे समय तक इतिहास के हाशिये पर रहीं, उन्हें अब संग्रहालयों, स्मारकों, राष्ट्रीय उत्सवों और डिजिटल माध्यमों के जरिए मुख्यधारा की राष्ट्रीय विरासत में स्थान दिया जा रहा है। सरकार ने भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती 15 नवंबर को 'जनजातीय गौरव दिवस' घोषित कर जनजातीय इतिहास को नई पहचान दिलाई। यह दिवस धीरे-धीरे जनजातीय गौरव सप्ताह के रूप में विकसित हुआ है। इसी क्रम में हूल दिवस पर सिद्धो-कान्हो और अन्य संथाल नायकों को श्रद्धांजलि दी गई, जबकि बांसवाड़ा के मानगढ़ धाम में गोविंद गुरु सहित कई क्रांतिकारियों के बलिदान को राष्ट्रीय सम्मान मिला। प्रधानमंत्री मोदी बिरसा मुण्डा की जन्मस्थली उलिहातु जाने वाले पहले प्रधानमंत्री भी बने, जहाँ उन्होंने उलगुलान आंदोलन के महानायक को नमन किया। इतिहास को परिवारों से जोड़ने के प्रयासों में प्रधानमंत्री ने पाइका विद्रोह, सिद्धो-कान्हो आंदोलन और शहीद वीर नारायण सिंह जैसे कई जनजातीय नायकों के वंशजों को सम्मानित किया। इससे जनजातीय समुदायों की भूमिका को नई राष्ट्रीय स्वीकृति मिली है। जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति में देशभर में बड़े पैमाने पर संग्रहालय विकसित किए जा रहे हैं। रांची, छिंदवाड़ा और जबलपुर में संग्रहालय कार्यरत हैं, जबकि रायपुर में देश का पहला डिजिटल जनजातीय संग्रहालय शुरू किया गया है। इसके अलावा भोपाल का रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, टंट्या मामा भील विश्वविद्यालय, भीमावरम में अल्लूरी सीताराम राजू की प्रतिमा और रांची में बिरसा मुण्डा की भव्य प्रतिमा जनजातीय विरासत के नए प्रतीक बनकर उभरे हैं। सरकार ने स्मारक सिक्के, डाक टिकट, ई-बुक, कॉफी-टेबल बुक और अमर चित्र कथा के कॉमिक संस्करण जारी कर जनजातीय नायकों की कहानियों को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का भी प्रयास किया है। सरकार का दावा है कि यह प्रयास जनजातीय नायकों को इतिहास के हाशिये से निकाल कर राष्ट्रीय स्मृति के केंद्र में स्थापित करेगा।

## जिन्हें राम नाम से दिक्कत है, वे लाहौर की टिकट कटा लें : धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री



**मथुरा :** बागेश्वर बाबा के नाम से मशहूर कथावाचक पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने शुक्रवार को कहा कि जिन्हें राम नाम से दिक्कत है, वे लाहौर की टिकट कटा लें और अगर टिकट के पैसे नहीं हैं तो 'हमें बताएं, हम दोस्तों से कर्ज लेकर भी उनके लिए इंतजाम करा देंगे। पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ब्रज में मांस-मदिरा की बिक्री पर रोक, गौहत्या पर प्रतिबंध, यमुना शुद्धीकरण, भारत हिन्दू राष्ट्र बने, श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण, जातिभेद समाप्ति एवं वृन्दावन के प्राचीन स्वरूप को बनाए रखने जैसी सात सूत्रीय मांगों को लेकर दिल्ली से वृन्दावन तक 'सनातन एकता पदयात्रा' कर रहे हैं और बृहस्पतिवार को मथुरा की सीमा में प्रवेश कर कोसीकलां में रात्रि विश्राम किया था। वह शुक्रवार सुबह पड़ाव स्थल से आगे की यात्रा प्रारंभ करने से पूर्व पदयात्रियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, ''जिन्हें वंदे मातरम बोलने से दिक्कत हो, राम नाम से दिक्कत हो, पदयात्रा से दिक्कत हो, वे लाहौर की टिकट जल्दी कटवा लें। अगर पैसा न हो, तो भले ही दूसरों से कर्जा लेना पड़े, हम उनके टिकट का इंतजाम जरूर करवा देंगे। उन्होंने स्पष्ट किया, ''हम मुसलमानों के विरोधी नहीं हैं। हम उनके विरोधी हैं जो राम और राष्ट्र का नहीं हो सकता। हम उनके विरोधी हैं जो खाते भारत का हैं और गुणगान उन लोगों (यहां उनका आशय पाकिस्तान से था) का करते हैं। धीरेंद्र शास्त्री ने इससे पहले सभी से जातिभेद त्याग कर एकजुट होने की शपथ दिलाई और वंदे मातरम का पाठ किया गया, तब पदयात्रा रवाना हुई और छाता के समीप पहुंच गई। अब शनिवार सुबह यात्रा पुनः प्रारंभ होकर ठा. राधा गोविंद मंदिर के निकट पहुंचकर पड़ाव करेगी। पदयात्रा में कुछ ऐसे भी यात्री शामिल हैं जो अपनी

# महाराष्ट्र में 2019 से अब तक सड़क हादसों में 95,700 से अधिक की मौत



**मुंबई:** महाराष्ट्र में जनवरी 2019 से सितंबर 2025 के बीच सड़क दुर्घटनाओं में 95,722 लोगों ने जान गंवाई। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। महाराष्ट्र परिवहन विभाग से प्राप्त दुर्घटना के आंकड़ों के अनुसार, राज्य में इस वर्ष के शुरुआती तीन महीनों (जनवरी से मार्च) में 26,922 सड़क दुर्घटनाएं व 11,532 मौतें दर्ज की गईं। जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 26,719 दुर्घटनाएं और 11,573 मौतें हुई थीं। पुणे में मुंबई-बेंगलुरु राजमार्ग पर बृहस्पतिवार को हुई एक घातक दुर्घटना में दो बड़े कंटेनर ट्रक के बीच एक कार फंस कर चकनाचूर हो गई। इस हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई जबकि 14 लोग घायल हो गए। इस दुर्घटना के बाद तीनों वाहनों में आग लग गई। इस वर्ष 30 सितंबर तक के पिछले छह वर्षों के दौरान महाराष्ट्र में 2,19,039 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गईं। इन हादसों में 95,722 लोगों की जान गई और 1,29,670 लोग गंभीर रूप से घायल हुए जबकि 53,036 अन्य को मामूली चोटें आईं। आंकड़ों के अनुसार, पिछले वर्ष 36,118 दुर्घटनाओं में 15,715 लोगों की मृत्यु हुई थी वहीं इस वर्ष सितंबर तक की अवधि में 26,922 दुर्घटनाएं हुई जिसमें 11,532 लोगों ने अपनी जान गवाई। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, पूरे देश में 2023 में सड़क दुर्घटनाओं में 1,72,890 लोगों की जान गई। देश में तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश के बाद 15,366 मौतों के साथ महाराष्ट्र तीसरे स्थान पर रहा।

## भारतीय वायुसेना का प्रशिक्षण विमान चेन्नई के पास दुर्घटनाग्रस्त, पायलट सुरक्षित



**चेन्नई:** नियमित प्रशिक्षण मिशन पर निकला भारतीय वायुसेना का एक विमान शुक्रवार दोपहर तांबरम के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वायुसेना ने बताया कि पायलट सुरक्षित बाहर निकल आया और नागरिक संपत्ति को किसी तरह के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है, ''14 नवंबर को नियमित प्रशिक्षण मिशन पर निकला भारतीय वायुसेना का विमान 'पीसी-7 एमके2' चेन्नई के तांबरम के पास दोपहर करीब 1:25 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पायलट सुरक्षित बाहर निकल आया।'' इससे पहले, एक अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया था कि यह घटना अपराह्न करीब दो बजे हुई। विज्ञप्ति में कहा गया है, 'दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के आदेश दिए गए हैं।'

## श्रावस्ती में तीन बच्चों समेत एक ही परिवार के पांच लोग मृत पाए गए, पुलिस जांच में जुटी



**श्रावस्ती (उप्र):** श्रावस्ती जिले के कैलाशपुर गांव में शुक्रवार सुबह एक परिवार के तीन छोटे बच्चों सहित पांच लोगों के शव संदिग्ध हालत में घर से बरामद किए गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम ने बताया कि जिले के इकौना थाना अंतर्गत कैलाशपुर गांव से सूचना मिली कि एक परिवार के पांच लोग घर के कमरे में मृत पाए गये हैं। मृतकों की पहचान रोज अली (35), रोज अली की पत्नी शहनाज (30), इनके तीन छोटे बच्चे तबस्ससुम (06), गुलनाज (04) व मोइन (02) के रूप में की गयी है। पुलिस ने बताया कि सभी घर के एक कमरे में सोए थे, लेकिन सुबह इनके शव पाए गए। सूचना मिलने पर वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। अभी तक घटना के पीछे के कारण की जानकारी नहीं मिल सकी है। पुलिस का जांच दल तथा फोरेंसिक टीम घटनास्थल के साथ शवों की गहन जांच कर रही है। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने संवाददाताओं से बताया कि इकौना थानान्तर्गत कैलाशपुर के मजरा मनिहारनपुरवा के एक घर में आज सुबह पांच लोगों के शव पाए जाने की खबर मिली थी। भाटी ने कहा कि फोरेंसिक जांच दल और वरिष्ठ अधिकारियों के मौके पर पहुंचे पर मालूम हुआ कि जिस कमरे में शव थे वह कमरा अंदर से बंद था। भाटी ने बताया कि ग्रामीणों ने कमरे का दरवाजा तोड़ा तो रोज अली का शव पंखे से बंधे एक फंदे से लटका था जिसे लोगों ने उतारा। उन्होंने बताया कि आरंभिक जांच व साक्ष्यों के आधार पर प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत हो रहा है कि रोज अली ने अपनी पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी तथा इसके बाद बच्चों की भी गला दबाकर हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि बच्चों की मौत दम घुटने से हुई है।

## राजस्थान की अंता विधानसभा सीट कांग्रेस ने जीती, भाया 15,612 वोटों से विजयी



**जयपुर:** कांग्रेस ने राजस्थान की अंता विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में जीत हासिल कर ली है। इस सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार प्रमोद जैन भाया 15,612 वोटों से विजयी हुए। निर्वाचन आयोग के अनुसार शुक्रवार को हुई मतों की गिनती में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार मोरपाल सुमन दूसरे स्थान पर रहे। उन्हें कुल 53,959 वोट मिले। भाया को 69,571 व तीसरे स्थान पर रहे निर्दलीय नरेश मीणा को 53,800 वोट मिले। इस जीत के साथ ही राज्य विधानसभा में कांग्रेस के विधायकों की संख्या बढ़कर 67 हो गई है। राज्य की 200 सीट वाली विधानसभा में सत्तारूढ़ भाजपा के पास इस समय 118 सीटें हैं। इसके अलावा भारत आदिवासी पार्टी के पास चार, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के पास दो और राष्ट्रीय लोकदल के पास एक सीट है।

## बडगाम उपुचनाव में पीडीपी उम्मीदवार की जीत, नेकां को इस सीट पर पहली बार हार मिली

**बडगाम :** जम्मू-कश्मीर के बडगाम विधानसभा उपचुनाव में शुक्रवार को पीडीपी उम्मीदवार आगा सैयद मुंतजिर ने जीत दर्ज की। इसके साथ ही नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) को बडगाम विधानसभा क्षेत्र में अपनी पहली चुनावी हार का सामना करना पड़ा। मुंतजिर ने उपचुनाव में सत्तारूढ़ नेकां से यह सीट छीन ली। मुंतजिर की जीत के साथ ही जम्मू-कश्मीर विधानसभा में पीडीपी के विधायकों की संख्या चार हो गई है। वर्ष 1957 में हुए पहले विधानसभा चुनाव के बाद से यह पहली बार है जब नेकां अपने गढ़ मध्य कश्मीर के बडगाम में हारी है। जब भी नेकां ने इस शिया बहुल क्षेत्र से उम्मीदवार उतारा है, उसने बडगाम में हर विधानसभा चुनाव जीता है।

# लाल किला विस्फोट: चोट, आघात और भविष्य की चिंताओं से जूझ रहे घायल



**नयी दिल्ली:** दिल्ली में लाल किला के पास सोमवार शाम को हुए शक्तिशाली विस्फोट में घायल हुए लोग न सिर्फ शारीरिक जख्म, बल्कि आघात और अनिश्चित भविष्य की चिंता से भी जूझ रहे हैं। लाल किले के पास लाल बत्ती पर धीमी गति से चलती हुई एक कार में विस्फोट की घटना में 13 लोगों की जान चली गई और कई अन्य घायल हो गए। हादसे में घायल लोगों में से कुछ ने अपनी आंख खो दी, तो कुछ लोग टूटी हड्डियों से लेकर खराब आर्थिक स्थिति से गुजरने को मजबूर हैं। हादसे में घायल हुए लोग अब चोट, आघात और भविष्य की चिंताओं से जूझ रहे हैं। इन्हीं में में से एक हैं, शाहदरा निवासी अंकुश शर्मा हैं, जो सोमवार शाम को चांदनी चौक स्थित गौरी शंकर मंदिर में दर्शन करने आए थे। जब अंकुश दर्शन के लिए मंदिर की ओर जा रहा थे, तभी विस्फोट ने पूरे इलाके को हिलाकर रख दिया। अंकुश (32) के भाई अंकित शर्मा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, जो कुछ हुआ उसने मेरे भाई की जिंदगी पूरी तरह बदल दी। उन्होंने बताया कि अंकुश की एक आंख हमेशा के लिए चली गई, उसकी हड्डी टूट गई, प्लास्टिक सर्जरी हुई है और वह फिलहाल आईसीयू में है। अंकुश के पास ही रोहित नाम का एक कैब चालक और अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला व्यक्ति था। रोहित ने अपनी कैब लाल किले की पार्किंग में खड़ी की हुई थी और कुछ देर से कोई सवारी न मिलने के कारण जल्दी से खाना खाने के लिए चांदनी चौक की ओर चल पड़ा था। विस्फोट में घायल हुए रोहित ने बताया, मुझे भूख लगी थी, इसलिए मैं कुछ खाने के लिए बाजार गया। और फिर विस्फोट हो गया। मैं जमीन पर गिर पड़ा। सब जगह अंधेरा छा गया था। रोहित अपने परिवार के लिए अकेला कमाने वाला है और उसके परिवार में माता-पिता, पत्नी और आठ साल की बेटी है। गंभीर चोटों के कारण रोहित को डर है कि ठीक होने का लंबा रास्ता उन पर आर्थिक रूप से भी भारी पड़ेगा। उन्होंने कहा, मेरा शरीर अभी पूरी तरह से काम नहीं कर रहा है। मुझे नहीं पता कि इसे ठीक होने में कितना समय लगेगा। मैं ही कमाने वाला अकेला सदस्य हूं...सब कुछ मुझ पर निर्भर है।

# मशहूर अभिनेत्री कामिनी कौशल का 98 साल की उम्र में निधन



**मुंबई:** फिल्म 'नीचा नगर' से 1946 में अपने फिल्मी करियर की शुरुआत करने वाली हिंदी सिनेमा की शुरुआती अभिनेत्रियों में से एक मशहूर अदाकारा कामिनी कौशल का उनके मुंबई स्थित घर में निधन हो गया। एक करीबी पारिवारिक मित्र ने यह जानकारी दी। वह 98 वर्ष की थीं। कामिनी कौशल ने 2022 तक कई फिल्मों में अभिनय किया। 1940 के दशक के अंत और 1950 की शुरुआत में इंडस्ट्री में सबसे अधिक फीस लेने वाली अभिनेत्रियों में से एक कामिनी कौशल ने दिलीप कुमार, देव आनंद और राज कपूर की तिकड़ी के साथ अभिनय किया। 1960 में उन्होंने फिल्मों में मुख्य किरदार निभाने शुरू किये थे। कामिनी ने 95 वर्ष की आयु में आमिर खान की 2022 में आई फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' में काम किया था, जिसके साथ ही उन्होंने फिल्मों में 76 साल पूरे किये। परिवार के एक करीबी मित्र साजन नारायण ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, बृहस्पतिवार देर रात मुंबई स्थित घर में कामिनी का निधन हो गया। फरवरी में वह 99 वर्ष की होने वाली थीं। कामिनी कौशल का जन्म 24 फरवरी, 1927 को लाहौर में हुआ था और उनका उस समय नाम उमा कश्यप था। कामिनी के पिता, शिव राम कश्यप को व्यापक रूप से भारतीय वनस्पति विज्ञान का जनक माना जाता है और वह विभाजन-पूर्व लाहौर में पंजाब विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में पढ़ाते थे। दो भाइयों और तीन बहनों में सबसे छोटी कामिनी ने लाहौर के सरकारी कॉलेज से अंग्रेजी साहित्य में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। कामिनी के फिल्मी करियर की शुरुआत 1946 में आई फिल्म 'नीचा नगर' से हुई। कामिनी को उनके पारिवारिक मित्र और फिल्म निर्माता चेतन आनंद ने फिल्म में काम के लिए संपर्क किया था। फिल्म ने 1946 में कान फिल्म फेस्टिवल में 'ग्रां प्री डू फेस्टिवल इंटरनेशनल डू फिल्म' पुरस्कार जीता था। फिल्म में कामिनी ने अभिनेता रफीक अनवर और आनंद की पत्नी उमा के साथ अभिनय किया था। चेतन आनंद ही थे, जिन्होंने फिल्म में काम कर रही दो उमा के बीच भ्रम से बचने के लिए उनका नाम कामिनी कौशल रखा था। 'नीचा नगर' की सफलता के बाद कामिनी कौशल ने हिंदी सिनेमा की तिकड़ी दिलीप कुमार, देव आनंद और राज कपूर के साथ 'जेल यात्रा', 'दो भाई', 'आग', 'शहीद', 'नदिया

## लक्ष्य सेन जापान मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंचे

**कुमामोतो (जापान):** शीर्ष भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने शुक्रवार को पूर्व विश्व चैंपियन सिंगापुर के लोह कीन यू पर उलटफेर भरी जीत दर्ज करते हुए कुमामोटो मास्टर्स जापान के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन और सातवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य ने 475,000 डॉलर इनामी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी लोह को 40 मिनट में 21-13, 21-17 से हराया। लक्ष्य ने दोनों खिलाड़ियों के बीच 10 मुकाबलों में सातवीं जीत के साथ अपना दबदबा कायम किया। इस साल सितंबर में हांगकांग ओपन में उपविजेता रहने के अलावा डेनमार्क और हाइलो ओपन के अंतिम आठ में पहुंचे दुनिया के 15वें नंबर के इस खिलाड़ी के सामने अंतिम चार में जापान के छठे वरीय और दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी केंटा निशिमोतो की चुनौती होगी।

## दक्षिण अफ्रीका बावुमा को 'बौने' कहने की टिप्पणी की शिकायत नहीं करेगा

**कोलकाता:** दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजी कोच एशवेल प्रिंस ने शुक्रवार को भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और विकेटकीपर ऋषभ पंत के बीच स्टंप माइक पर हुई बातचीत को तवज्जो नहीं देते हुए कहा कि मेहमान टीम ईडन गार्डन्स में पहले टेस्ट के शुरुआती दिन के खेल के दौरान हुई इस घटना पर कोई चर्चा नहीं करेगी। दक्षिण अफ्रीका की पारी के 13वें ओवर की आखिरी गेंद पर यह बातचीत हुई जब बुमराह की तेम्बा बावुमा के खिलाफ पगबाधा की अपील ठुकरा दी गई। डीआरएस लिया जाए या नहीं, इस बारे में बातचीत के दौरान स्टंप माइक पर बुमराह की यह बात सुनाई दी, 'बौना भी है'। इसे बावुमा के कद के बारे में ताना मारने के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि प्रिंस ने पहले दिन के खेले के बाद बातचीत के दौरान टीम को ऐसे किसी भी विवाद से दूर रखा।

# बुमराह की अगुआई में गेंदबाजों ने दिखाया दम, पहले ही दिन सिमटी दक्षिण अफ्रीका

**बुमराह ने टेस्ट क्रिकेट में 16वीं बार 5 विकेट लिए**



**कोलकाता:** जसप्रीत बुमराह की घातक गेंदबाजी और भारतीय आक्रमण की धार ने दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी को 159 रन पर समेट दिया, जिसके बाद भारत ने दो मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट के शुरुआती दिन अपनी स्थिति मजबूत कर ली। ग्गिीाि तक भारत ने एक विकेट पर 37 रन बना लिये थे। क्रीज पर लोकेश राहुल 13 और वाशिंगटन सुंदर छह रन बनाकर टिके हुए हैं। भारत अब भी 122 रन पीछे है। बुमराह ने एक बार फिर अपनी काबिलियत साबित करते हुए टेस्ट करियर का 16वां 'फाइव विकेट हॉल' दर्ज किया। उन्होंने एडेन मार्क्रम (31), रियान रिकेलटन (23) और अच्छी फॉर्म में दिख रहे टोनी डि जोर्जी (24) को आउट कर दक्षिण अफ्रीका को शुरुआती झटके दिये। चाय के बाद उन्होंने साइमन हार्मर और केशव महाराज के विकेट झटककर पारी का अंत किया। भारत को बुमराह के साथ कुलदीप यादव (36 रन पर दो विकेट) और मोहम्मद सिराज (47 रन पर दो विकेट) की शानदार मदद मिली, जबकि अक्षर पटेल ने भी एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। सिराज ने अपने दूसरे स्पैल में काइल वेरेने और मार्को यानसन को चार गेंदों के भीतर आउट कर मेजबानों की उम्मीदें तोड़ दीं। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया था। मार्क्रम और रिकेलटन ने शुरुआती 57 रन की साझेदारी की, लेकिन बुमराह की सटीक गेंदों ने उनकी लय तोड़ दी। कुलदीप ने कप्तान तेम्बा बावुमा (3) को लेग स्लिप में ध्रुव जुरेल के शानदार कैच के जरिये पवेलियन भेजा। इसके बाद मुल्डर और डि जोर्जी ने संभलकर खेलते हुए पारी को लौटाने की कोशिश की, लेकिन कुलदीप के खिलाफ रिवर्स स्वीप की नाकाम कोशिश में मुल्डर पगबाधा हो गये और डि जोर्जी भी बुमराह का शिकार बने। लंबे समय बाद भारतीय टीम ने चार स्पिनरों के साथ मैदान में उतरने का फैसला लिया, जबकि दक्षिण अफ्रीका ने दो स्पिनरों को मौका दिया। तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा के चोटिल होने से मेहमानों को झटका लगा और उनकी जगह कॉर्बिन बॉश को टीम में शामिल किया गया। भारतीय पारी की शुरुआत यशस्वी जायसवाल और राहुल ने की लेकिन जायसवाल जल्द ही मार्को यानसन की गेंद पर 'हिट-विकेट' जैसे नजर आने वाले अंदाज में स्टंप्स पर खेल बैठे। इसके बाद भारतीय बल्लेबाजों ने खराब रोशनी के बीच संयम से खेलते हुए दिन का खेल सुरक्षित रूप से समाप्त किया।




ईडन गार्डन्स में भारत-दक्षिण अफ्रीका टेस्ट मैच के दौरान टीम इंडिया को चियर करते फैन्स।

# विश्व कप विजेता क्रिकेटर दीप्ति शर्मा को यूपी पुलिस मुख्यालय में सम्मानित किया गया



**लखनऊ:** महिला वनडे विश्व कप में 'प्लेयर आफ द टूर्नामेंट' रही और खेल कोटे से उत्तर प्रदेश पुलिस में डीएसपी के पद पर नियुक्त दीप्ति शर्मा को यहां गोमतीनगर एक्सटेंशन में प्रदेश पुलिस मुख्यालय में सम्मानित किया गया। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्णा ने सीनियर अधिकारियों की मौजूदगी में दीप्ति को सम्मानित किया और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनकी उपलब्धियों की सराहना की। डीजीपी ने अपने संबोधन में कहा, दीप्ति शर्मा ने न केवल देश को गौरवान्वित किया है, बल्कि उत्तर प्रदेश और राज्य पुलिस बल का भी नाम रोशन किया है। उनकी उपलब्धियाँ पूरे पुलिस समुदाय को गौरवान्वित करती हैं। यहां जारी एक बयान में डीजीपी ने कहा कि पुरुष टीम की 1983 विश्व कप जीत से लेकर भारतीय महिला टीम द्वारा सात बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को हराकर विश्व खिताब जीतने तक भारतीय क्रिकेट के सफर ने देश भर की युवा लड़कियों को ऊर्जा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि शर्मा की सफलता महत्वाकांक्षी खिलाड़ियों को और प्रेरित करेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में खेलों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार की नीतियों पर भी प्रकाश डाला और बताया कि पिछले चार वर्षों में खेल कोटे के माध्यम से कई उत्कृष्ट एथलीटों को पुलिस बल में शामिल किया गया है।

## सूर्यवंशी के 144 रन से भारत ए ने यूएई को 148 रन से हराया वैभव सूर्यवंशी दूसरा सबसे तेज टी20 शतक जड़ने वाले भारतीय बल्लेबाज बने



**दोहा:** युवा सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी टी20 क्रिकेट में सबसे तेज शतक जड़ने वाले संयुक्त रूप से दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए जिनकी पारी के दम पर भारत ए ने एशिया कप राइजिंग स्टार्स के मैच में शुक्रवार को संयुक्त अरब अमीरात को 148 रन से हराया सूर्यवंशी ने 42 गेंद में 11 चौकों और 15 छक्कों की मदद से 144 रन बनाये। कप्तान जितेश शर्मा ने 32 गेंद में 83 रन का योगदान दिया जिसकी मदद से भारत ए ने 20 ओवरों में चार विकेट पर 297 रन बनाये। यूएई की टीम जवाब में सात विकेट पर 149 रन ही बना सकी। भारत ए के बायें हाथ के तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह ने 18 रन देकर तीन विकेट लिये। यूएई के लिये मध्यक्रम के बल्लेबाज शोएब खान ने 41 गेंद में 63 रन बनाये। सूर्यवंशी ने भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की बराबरी की जिन्होंने 2018 में हिमाचल प्रदेश के खिलाफ दिल्ली के लिये 32 गेंद में सैकड़ा जड़ा था। किसी भारतीय बल्लेबाज के सबसे तेज टी20 शतक का रिकॉर्ड संयुक्त रूप से अभिषेक शर्मा और गुजरात के उर्विल पटेल के नाम हैं। दोनों ने सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी 2024 . 25 में 28 गेंद में शतक लगाया था।

## भारतीय रिकर्व पुरुष टीम ने एशियाई स्वर्ण पदक के 18 साल के इंतजार को खत्म किया

**ढाका:** भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने हाल के दिनों में अपना सबसे रोमांचक प्रदर्शन करते हुए शुक्रवार को दक्षिण कोरिया को एक बेहद करीबी शूट-ऑफ में हराकर 18 साल में पहली बार एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। यशदीप भोगे, अतनु दास और राहुल की तिकड़ी ने 2-4 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सेओ मिंगी, किम येचन और जंग जिहो की कोरिया की दूसरी श्रेणी की टीम पर 5-4 से नाटकीय जीत दर्ज की और 2009 से इस प्रतियोगिता पर कोरिया के दबदबे को खत्म किया। दोनों टीमों ने शूट-ऑफ में 29 अंक बनाए लेकिन दो बार के ओलंपियन दास ने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए 10 अंक वाला निशाना साधा जो कोरिया के तीरंदाज के निशाने के मुकाबले केंद्र से अधिक करीब था। व्यक्तिगत स्पर्धाओं में जल्दी बाहर होने वाले दास के दबाव में शानदार खेले भारत ने 2007 के बाद से एशियाई चैंपियनशिप पुरुष टीम में पहला स्वर्ण पदक जीता।

## ईशा ने विश्व चैंपियनशिप में महिलाओं की 25 मी पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता



**काहिरा:** भारतीय निशानेबाज ईशा सिंह ने शुक्रवार को यहां महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर अपना पहला व्यक्तिगत विश्व चैंपियनशिप पदक हासिल किया लेकिन पेरिस ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर एक बार फिर पोडियम स्थान से चूक गईं। ईशा ने फाइनल में 30 का स्कोर बनाया जिससे वह फॉर्म में चल रही चीन के याओ कियानक्सुन (38, रजत पदक) और कोरिया की मौजूदा ओलंपिक चैंपियन यांग जिन (40, स्वर्ण) से पीछे रहीं। ईशा के पदक से भारत ने टूर्नामेंट में 10 ओलंपिक स्पर्धाओं में एक स्वर्ण, तीन रजत और तीन कांस्य पदक हासिल कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की।

## एशियाई चैंपियनशिप : रिकर्व तीरंदाज अंकिता और धीरज ने स्वर्ण पदक जीते



**ढाका:** भारतीय तीरंदाज अंकिता भकत ने शुक्रवार को यहां एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप में पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता दक्षिण कोरिया की नाम सुहयोन को हराकर उलटफेर करते हुए स्वर्ण पदक जीता जबकि धीरज बोम्मादेवरा ने भी पुरुष रिकर्व स्पर्धा का खिताब जीत लिया। अंकिता ने पांच सेट के चुनौतीपूर्ण फाइनल में 7-3 से हराकर अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज करते हुए महिला रिकर्व स्पर्धा जीती तो वहीं पुरुष वर्ग में धीरज ने हमवतन राहुल को फाइनल में 6-2 से हराकर पहला स्थान हासिल किया। भारतीय दल ने अपने अभियान का समापन 10 पदकों के साथ किया जिसमें छह स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक शामिल रहे। इससे भारत तालिका में शीर्ष पर रहा।

## शमी का लखनऊ सुपर जायंट्स में जाना तय

**नयी दिल्ली:** सनराइजर्स हैदराबाद 2026 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से पहले भारतीय टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ 'ट्रेड' करने के लिए तैयार है। सनराइजर्स हैदराबाद ने पिछले साल नीलामी में 35 साल के इस तेज गेंदबाज को 10 करोड़ रुपये में खरीदा था। इस मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, 'दोनों फ्रेंचाइजी इस 'ट्रेड' के लिए सहमत हो गई हैं।' सनराइजर्स हैदराबाद के साथ पिछले साल शमी का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था। उन्होंने नौ मैचों में 56.16 के औसत से केवल छह विकेट लिए थे।

समाज्ञा व्यापार

## अमेरिका, यूरोपीय संघ और अन्य देशों के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहा भारत:गोयल



**विशाखापत्तनम:** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत इस समय अमेरिका, यूरोपीय संघ, न्यूजीलैंड, ओमान, पेरू और चिली जैसे देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है। उन्होंने साथ ही कहा कि भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) को नयी दिल्ली के 'भारत मंडपम' की तरह एक विश्व स्तरीय कन्वेंशन सेंटर 'आंध्र मंडपम' विकसित करने के लिए राज्य सरकार के साथ हाथ मिलाकर खुशी होगी। मंत्री ने कहा कि वैश्विक स्तर पर व्यापार बाधाओं को कम करने से वस्तुओं, सेवाओं व पूंजी के मुक्त प्रवाह को बढ़ावा मिलेगा। भारत पहले ही संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया और चार यूरोपीय देशों के समूह ईएफटीए (यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ) जैसे देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते लागू कर चुका है। गोयल ने यहां 'सीआईआई साझेदारी सम्मेलन' 2025 में कहा, 'हम वर्तमान में यूरोपीय संघ, अमेरिका, ओमान, न्यूजीलैंड, चिली और पेरू के साथ बातचीत कर रहे हैं। कई अन्य देश भी चाहते हैं कि हम उनके साथ बातचीत शुरू करें।' उन्होंने कहा कि कारोबार सुगमता को बढ़ावा देने के लिए केंद्र ने 42,000 अनुपालनों को हटा दिया है और 1,500 कानूनों को समाप्त कर दिया है। इसी कार्यक्रम को बाद में संबोधित करते हुए आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि वह एक विश्व स्तरीय 'कन्वेंशन सेंटर' के निर्माण के लिए जमीन उपलब्ध कराएंगे।

## न्यायालय लंबित वेतन भुगतान की मांग कर रहे सहारा कर्मचारियों की याचिका पर सुनवाई को सहमत

**नयी दिल्ली:** उच्चतम न्यायालय ने सहारा समूह की कंपनियों से अपने लंबित वेतन के भुगतान की मांग करने वाले कर्मचारियों की अंतरिम याचिकाओं को 17 नवंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर शुक्रवार को सहमति व्यक्त की। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी. आर. गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने सहारा इंडिया कमर्शियल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एसआईसीसीएल) की एक याचिका पर केंद्र, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) और अन्य हितधारकों से 14 अक्टूबर को जवाब मांगा था। इस याचिका में अदाणी प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड को अपनी 88 प्रमुख संपत्तियां बेचने की अनुमति मांगी गई थी। एसआईसीसीएल की याचिका पहले ही 17 नवंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। शुक्रवार को वकीलों ने प्रधान न्यायाधीश से आग्रह किया कि कर्मचारियों की अंतरिम याचिकाओं को भी सोमवार को सूचीबद्ध किया जाए क्योंकि उन्हें कई महीनों से वेतन नहीं मिला है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, '' ठीक है। उन्हें सूचीबद्ध किया जाएगा।'' इससे पहले, पीठ ने सहारा समूह के धन वापसी दायित्वों से संबंधित काफी समय से लंबित मामले में सहारा इंडिया कमर्शियल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एसआईसीसीएल) के अंतरिम आवेदन (आईए) पर सुनवाई की। पीठ में न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एम. एम. सुंदरेश भी शामिल हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के अभिवेदन पर गौर करते हुए पीठ ने आदेश दिया कि केंद्रीय वित्त एवं सहकारिता मंत्रालयों को वर्तमान कार्यवाही में पक्ष बनाया जाए। साथ ही पीठ ने 17 नवंबर तक याचिका पर उनकी प्रतिक्रिया देने का कहा।

# भारत सभी देशों का मित्र है, किसी पर अपनी शर्तें नहीं थोपता: उपराष्ट्रपति



विशाखापत्तनम, 14 नवंबर (भाषा) उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को कहा कि भारत किसी भी देश पर अपनी शर्तें नहीं थोपता और न ही किसी का आदेश सुनना पसंद करता है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत हमेशा सभी देशों के साथ मित्रवत रहा है और वह हर देश के साथ समान व्यवहार करना चाहता है। उपराष्ट्रपति ने यहां सीआईआई साझेदारी शिखर सम्मेलन में कहा, 'हम कभी किसी पर अपनी शर्तें थोपना नहीं चाहते, यही हमारी महानता है। इसी तरह हम कभी किसी का आदेश सुनना भी नहीं चाहते। हम एक-दूसरे के पूरक बनना चाहते हैं। हम साथ-साथ बढ़ना चाहते हैं। यही भारत की सबसे बड़ी नीति है। भारत आज विकास कर रहा है और साथ ही भारत सभी के साथ मित्रवत है। हम सभी को एक साथ बढ़ना चाहिए, दूसरों की कीमत पर नहीं, बल्कि एक-दूसरे के हितों की रक्षा करके।' भारत में निवेश के माहौल के बारे में उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने देश में निवेश आकर्षित करने के लिए कई कदम उठाए हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत में व्यापार करना आसान हो रहा है, क्योंकि केंद्र सरकार श्रम कानूनों, कर प्रणाली और बुनियादी ढांचे सहित सभी क्षेत्रों में सुधार ला रही है। उन्होंने कहा, 'मुझे यकीन है कि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में निवेश करने का यह सही समय है। आप सही समय पर आए हैं। आप सही जगह पर आए हैं।' उपराष्ट्रपति ने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण, नीली या हरित अर्थव्यवस्था और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में अपार अवसर मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल बुनियादी ढांचा भारत में लेनदेन की लागत को कम कर रहा है और इसने पारदर्शिता में भी सुधार किया है। राधाकृष्णन ने कहा कि ये पहल देश को वैश्विक व्यापार प्रणाली में एक भरोसेमंद और कुशल भागीदार बना रही हैं।

## प्रधानमंत्री पीएम-किसान की 21वीं किस्त जारी करेंगे



**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 19 नवंबर को पीएम-किसान योजना की 21वीं किस्त जारी करेंगे। इसके तहत पात्र किसानों को सालाना 6,000 रुपये प्रदान किए जा रहे हैं। पीएम किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना, 24 फरवरी, 2019 को शुरू की गई थी जो एक केंद्र सरकार की योजना है। इसमें प्रत्येक पात्र किसान परिवार को 6,000 रुपये की वार्षिक वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। कृषि मंत्री ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री 19 नवंबर, 2025 को पीएम-किसान की 21वीं किस्त जारी करेंगे। अब तक देश के 11 करोड़ से अधिक किसान परिवारों को 20 किस्तों के माध्यम से 3.70 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि वितरित की जा चुकी है। इस धनराशि ने किसानों को शिक्षा, चिकित्सा और विवाह जैसे अन्य खर्चों को पूरा करने के अलावा कृषि कच्चे माल को खरीदने में भी मदद की है। इस योजना का लाभ उन किसानों को दिया जा रहा है जिनकी भूमि का विवरण पीएम-किसान पोर्टल पर दर्ज है और जिनके बैंक खाते, आधार से जुड़े हैं।

## आरबीआई ने निर्यातकों को विदेशी व्यापार की आय लाने के लिए 15 महीने का समय दिया

**नयी दिल्ली:** भारतीय रिजर्व बैंक ने निर्यातकों की समस्या को देखते हुए उन्हें अपनी निर्यात आय देश में लाने के लिए 15 महीने का वक्त दिया है। यह समय सीमा फिलहाल नौ महीने है। अगस्त से भारतीय निर्यात पर अमेरिका के भारी शुल्क लगाने के कारण निर्यातकों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिका ने भारत से आने वाले सामानों पर 50 प्रतिशत का भारी शुल्क लगाया है, जो 27 अगस्त से प्रभावी हुआ। इस समय निर्यातकों द्वारा किए गए माल या सॉफ्टवेयर निर्यात का मूल्य निर्यात की तारीख से नौ महीने में पूरी तरह से वसूल कर देश में वापस लाना जरूरी है। विदेशी मुद्रा प्रबंधन (वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात) विनियमों में संशोधन के बाद ये बदलाव किए गए हैं। आरबीआई के क्षेत्रीय निदेशक रोहित पी दास द्वारा 13 नवंबर को जारी एक अधिसूचना में कहा गया कि इन नियमों को विदेशी मुद्रा प्रबंधन (वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात) (द्वितीय संशोधन) विनियम, 2025 कहा जा सकता है। आरबीआई ने इससे पहले कोविड-19 महामारी के दौरान 2020 में निर्यातकों के लिए इस समय सीमा को बढ़ाकर 15 महीने कर दिया था।

## उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स, निफ्टी मामूली बढ़त के साथ बंद

**मुंबई:** स्थानीय शेयर बाजार शुक्रवार को शुरुआती गिरावट से उबरकर मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 84 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी में 31 अंक की तेजी रही। निवेशकों ने निचले स्तर पर प्रमुख कंपनियों के शेयरों में खरीदारी की, जिससे बाजार बढ़त में रहा। कारोबार की शुरुआत में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 449.35 अंक यानी 0.53 प्रतिशत की गिरावट के साथ 84,029.32 पर खुला। एनएसई निफ्टी 138.35 अंक या 0.53 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,740.80 पर खुला। हालांकि, दोनों प्रमुख सूचकांकों ने बाद में सुधार दर्ज किया और लगातार चौथे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 84.11 अंक यानी 0.10 प्रतिशत बढ़कर 84,562.78 पर और एनएसई निफ्टी 30.90 अंक यानी 0.12 प्रतिशत चढ़कर 25,910.05 पर बंद हुआ।

## न्यूज अपडेट

### सोना 1,500 रुपये टूटा, चांदी भी फिसली



**नयी दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 1,500 रुपये टूटकर 1,29,400 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की टिप्पणियों के बाद कमजोर वैश्विक रुख के साथ सोने के भाव में नरमी आई। अधिकारियों ने संकेत दिया कि ताजा आर्थिक आंकड़ों के अभाव में ब्याज दरों में और कटौती में देरी हो सकती है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बृहस्पतिवार के बंद भाव 1,30,300 रुपये प्रति 10 ग्राम से 1,500 रुपये घटकर 1,28,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। शुक्रवार को चांदी की कीमतें भी 4,200 रुपये गिरकर 1,64,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गईं। बृहस्पतिवार को चांदी की कीमत 1,69,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.7 अरब डॉलर घटकर 687 अरब डॉलर पर

**मुंबई:** देश का विदेशी मुद्रा भंडार सात नवंबर को समाप्त सप्ताह में 2.69 अरब डॉलर घटकर 687.03 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पिछले कुछ सप्ताह से विदेशीमुद्रा भंडार में गिरावट का रुख देखा जा रहा है। इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 5.62 अरब डॉलर घटकर 689.73 अरब डॉलर रह गया था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, सात नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.45 अरब डॉलर घटकर 562.14 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड व येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है।

### अदाणी समूह असम में दो बिजली परियोजनाओं में 63,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा

**नयी दिल्ली:** अदाणी समूह असम में दो प्रमुख बिजली परियोजनाओं के निर्माण के लिए लगभग 63,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। इसमें पूर्वोत्तर का सबसे बड़ा निजी कोयला आधारित संयंत्र और नयी पंप-भंडारण आधारित पनबिजली परियोजनाएं शामिल हैं। उद्योगपति गौतम अदाणी के समूह ने एक बयान में कहा कि उसकी ऊर्जा कंपनियों को असम में दो बड़ी बिजली परियोजनाओं के लिए राज्य सरकार से परियोजना आवंटन पत्र (एलओए) मिला हुआ है। अदाणी पावर लिमिटेड डिजाइन, निर्माण, वित्त पोषण, स्वामित्व और संचालन (डीबीएफओओ) मॉडल के तहत 3,200 मेगावाट के नये अत्याधुनिक तापीय बिजली संयंत्र के निर्माण के लिए लगभग 48,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

### टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ कई गुना बढ़कर 76,248 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली:** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ कई गुना बढ़कर 76,248 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा की। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड (टीएमपीवीएल) ने वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 3,521 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में उसकी परिचालन आय 72,349 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 83,656 करोड़ रुपये थी।

वर्ष 10, पूर्णांक 3413 अंक 223, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in